रांची, शनिवार । 04 जुलाई 2026 । वर्ष-27, अंक-152, पृष्ठ-12 । www.rastriyanaveenmail.com
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 04, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 09





रांची का तापमान

| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 31.0° | अधिक. 30.5° |
| न्यून. 23.4° | न्यून. 24.0° |

## दृष्टिपात

### चाईबासा में सांप के डसने से बच्ची की मौत परिवार में पसरा मातम

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुख्यालय चाईबासा के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा जयपुर गांव में जहरीले सांप के डसने से सात वर्षीया मासूम बच्ची की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृत बच्ची की पहचान विक्रम देवगम की पुत्री सुष्मिता देवगम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात सुष्मिता अपनी बड़ी बहन के साथ घर के अंदर जमीन पर सो रही थी। उसी दौरान उसे विषैले सांप ने डस लिया था।

### इनामी माओवादी जोनल कमांडर बैजनाथ को 10 वर्ष की सजा

**लातेहार।** प्रतिबंधित माओवादी संगठन के 10 लाख रुपए के इनामी जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह उर्फ चंदन सिंह खरवार उर्फ संजीवन को हथियार बरामदगी मामले में अदालत ने दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने हेरहंज थाना कांड संख्या 12/23 की सुनवाई पूरी होने के बाद यह फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में उसे तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

### धारदार हथियार से हमला, आठ माह के मासूम की मौत

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिंदु बिगहा गांव में गुरुवार देर शाम मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। आरोप है कि नशे की हालत में युवक चितरंजन पासवान ने धारदार हथियार से दंपति पर हमला कर दिया। हमले में गोद में मौजूद आठ माह के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता दीपक कुमार पासवान और रूपा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है।

**शानदार प्रदर्शन :** झारखंड ने वित्तीय अनुशासन में मारी बाजी

# फिस्कल हेल्थ इंडेक्स में 'एचिवर' राज्य के रूप में उभरा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नीति आयोग की ओर से वर्ष 2026 में जारी वित्तीय वर्ष 2023-24 के 'फिस्कल हेल्थ इंडेक्स' (एफएचआई) में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के टॉप 3 राज्यों में अपनी जगह बनाई है। राज्य को 'एचिवर' श्रेणी में शामिल किया गया है, जहां उसने ओडिशा और गोवा जैसे राज्यों के साथ मजबूती से स्थान हासिल किया है।झारखंड की इस उपलब्धि के पीछे मजबूत वित्तीय अनुशासन, संसाधन जुटाने की क्षमता और संतुलित खर्च प्रबंधन प्रमुख कारण रहे हैं। राज्य ने अपने कुल राजस्व में टैक्स से होने वाली आय का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक बनाए रखते हुए रेवेन्यू मोबिलाइजेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साथ ही, नॉन-टैक्स रेवेन्यू बढ़ाने के प्रयास भी सफल रहे हैं। वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में भी झारखंड ने बेहतर समझ का परिचय दिया है। राज्य ने अपने फिस्कल डेफिसिट को सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के निर्धारित 3 प्रतिशत से नीचे बनाए रखा, जो वित्तीय अनुशासन का स्पष्ट संकेत है। विकासोन्मुखी खर्च पर ध्यान देते हुए राज्य सरकार ने कैपिटल एक्सपेंडिचर को जीएसडीपी के लगभग 4 से 5 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखा है। इससे आधारभूत संरचना और दीर्घकालिक विकास को मजबूती मिली है।

इसके अलावा, झारखंड ने कर्ज प्रबंधन में भी संतुलन बनाए रखा है। राज्य का कुल कर्ज जीएसडीपी के 25 प्रतिशत से कम है और ब्याज भुगतान का बोझ भी नियंत्रित रखा गया है, जो वित्तीय स्थिरता का प्रमाण है। विशेषज्ञों का मानना है कि झारखंड का यह प्रदर्शन न केवल राज्य की वित्तीय सुदृढ़ता को दर्शाता है, बल्कि आने वाले वर्षों में विकास की मजबूत नींव भी तैयार करता है।

## देश के टॉप 3 राज्यों में किया गया शामिल




**बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों की स्थिति**

- **'एचिवर' राज्य :** ओडिशा, गोवा और झारखंड।
- **'फ्रंट रनर' राज्य :** उत्तर प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक।
- **'परफॉर्मर' राज्य :** बिहार, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु।

**क्या है 'फिस्कल हेल्थ इंडेक्स' :** नीति आयोग ने 'फिस्कल हेल्थ इंडेक्स' के माध्यम से राज्यों के राजकोषीय प्रदर्शन के आकलन और तुलना के लिए एक व्यापक रूपरेखा विकसित की है। राज्यों का मूल्यांकन मुख्य रूप से पांच आधार पर होता है - व्यय की गुणवत्ता, राजस्व एकत्रीकरण, राजकोषीय विवेक, ऋण सूचकांक और ऋण स्थिरता। इसमें नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा सत्यापित आंकड़ों का उपयोग कया जाता है। इससे सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। 'फिस्कल हेल्थ इंडेक्स' का उद्देश्य सुधार के लिए मार्गदर्शन करना, साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण को प्रोत्साहित करना और राज्यों के बीच समान मानकीकरण को सक्षम बनाना है।

नई दिल्ली में 16वें वित्त आयोग की राष्ट्रीय कार्यशाला में दीपिका पांडेय सिंह ने कहा

# समय पर मिले अनुदानित राशि परफॉर्मेंस ग्रांट पर उदार हो केंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नई दिल्ली में आयोजित 16वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर मिलने वाली अनुदानित राशि को लेकर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में शुक्रवार को झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल हुई। इस मौके पर उन्होंने 16वें वित्त आयोग से मिलने वाली अनुदानित राशि को ससमय देने और परफॉर्मेंस ग्रांट में उदारता दिखाने का अनुरोध किया। राष्ट्रीय कार्यशाला में झारखंड पंचायती राज निदेशक बी राजेश्वरी भी शामिल हुईं। इस मौके पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल मौजूद रहे।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि समय पर अनुदान राशि निर्गत नहीं होने से पंचायतों की विकास योजनाओं पर खराब प्रभाव पड़ता है। 16वें वित्त आयोग से झारखंड की पंचायतों को वर्ष 2026-27 से 2030-31 के बीच 14,231 करोड़ की राशि निर्गत होनी है। इसमें 11,385 करोड़ बेसिक ग्रांट और 2,846 करोड़ परफॉर्मेंस ग्रांट शामिल हैं। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड को मिलने वाली बकाया राशि के भुगतान की मांग को मजबूती से रखा। राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाएं झारखंड के पंचायती राज संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर लेकर आई हैं। यह राशि हमारे ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों को सशक्त बनाने, स्थानीय विकास को गति देने और सेवा वितरण में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लेकिन, अवसर के साथ-साथ कुछ चुनौतियां भी हैं, जैसे पूर्व वित्त आयोगों की अप्रयुक्त राशि को लौटने का कोई प्रावधान नहीं बताया गया है और ना ही उस राशि के इस्तेमाल का कोई दिशा निर्देश दिया गया है। इस परिस्थिति में नई अनुदान राशि प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसे लेकर केंद्र पंचायती राज विभाग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि राशि का बेहतर उपयोग पंचायत स्तर पर हो सके।

अपने संबोधन में झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने पंचायत कर्मियों को पूर्व से मिली आ रही राशि को 16वें वित्त आयोग में भी जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ऐसे कर्मियों की वजह से ही योजनाएं धरातल पर उतर पाती हैं।

**₹14,231** करोड़ मिलेंगे 2026-27 से 2030-31 के बीच राज्य के पंचायतों को

**₹11,385** करोड़ बेसिक ग्रांट और ₹2,846 करोड़ परफॉर्मेंस ग्रांट शामिल हैं




### झारखंड जैसे राज्यों में पंचायतों की स्वयं के स्रोत से राजस्व संग्रहण क्षमता अभी सीमित

झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड जैसे राज्यों में पंचायतों की स्वयं के स्रोत से राजस्व संग्रहण क्षमता अभी सीमित है। इसलिए ऐसे मामलों में नरम रुख अपनाने की जरूरत है। वित्त आयोग का उद्देश्य राज्यों और पंचायतों को प्रोत्साहित करना होना चाहिए। प्रदर्शन आधारित अनुदानों में राज्यों की प्रारंभिक परिस्थितियों और क्षमताओं को ध्यान में रखा जाए और पंचायतों को राजस्व संग्रहण, वित्तीय प्रबंधन एवं तकनीकी क्षमता निर्माण के लिए पर्याप्त सहयोग प्रदान किया जाए। झारखंड सरकार पंचायतों को मजबूत, वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर और जवाबदेह स्थानीय सरकारों के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रभारी प्रधानाध्यापक पर छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप

- पीड़िता के पिता ने घटना की शिकायत केतार थाने में दर्ज करवाई है

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा/केतार।** गढ़वा जिले के केतार थाना क्षेत्र के एक गांव में मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। पीड़िता के पिता ने घटना की शिकायत केतार थाने में दर्ज करवाई है। पुलिस और शिकायत के अनुसार, घटना आठ दिन पूर्व विद्यालय के समय समाप्त होने के बाद हुई। आरोप है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक ने स्कूल में ही दूसरी विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा को अपने कक्ष में बुलाया और बंद कमरे में उसके साथ अश्लील हरकत की। इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने खिड़की से घटना का एक वीडियो बना लिया, जो वायरल हो गया और मामला पूरे गांव में फैल गया।

पीड़िता के पिता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार पांडेय के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत साथ ही यौन उत्पीड़न व छेड़छाड़ के अन्य प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी शिक्षक की तलाश कर रही है

शेष पेज 11 पर

## सीए फाउंडेशन परीक्षा में रांची केंद्र से 81 परीक्षार्थी हुए सफल

- ईशा पोद्दार ने 368 अंक प्राप्त कर रांची केंद्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से मई 2026 में आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। देशभर के 609 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 1,06,411 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 20.09 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की। रांची परीक्षा केंद्र से कुल 548 परीक्षार्थियों में से 81 अभ्यर्थी सफल हुए। इनमें ईशा पोद्दार ने 368 अंक प्राप्त कर रांची केंद्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। अनुष्का केशरी ने 266 अंकों के साथ द्वितीय और सूरज अग्रवाल ने 260 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इधर, अखिल भारतीय स्तर पर नासिक की साक्षी जैन ने 400 में से 371 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। चंद्रपुर के अयान अब्बास अजानी ने 367 अंकों के साथ द्वितीय और पुणे के राधा उन्मेष मुलाय ने 365 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। शेष पेज 11 पर

## रांची में देसी कट्टा और कारतूस की बरामदगी के बाद नाबालिग निरुद्ध

**पुरुलिया रोड के एक घर में पति-पत्नी के विवाद की सूचना पर पहुंची थी पुलिस**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के पुरुलिया रोड स्थित एक घर में पति-पत्नी के बीच विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक नाबालिग के पास से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को निरुद्ध कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है। नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा ने शुक्रवार को कहा कि दो जुलाई की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि पुरुलिया रोड स्थित एक परिवार में पति-पत्नी के बीच विवाद और हंगामा हो रहा है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ मामले की जांच शुरू की।



पुलिस ने जब्त किया बरामद हथियार, कारतूस और मोबाइल फोन

जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल पर मौजूद एक नाबालिग की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। इसके बाद उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से एक देसी कट्टा, दो कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद हथियार, कारतूस और मोबाइल फोन को विधिवत जब्त कर लिया

शेष पेज 11 पर

### राज्य में मानसून अब तक कमजोर, सामान्य से 46 प्रतिशत कम बारिश

**रांची।** राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। राज्य में 1 जून से 3 जुलाई 2026 तक सामान्य से 46 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। इससे कई जिलों में खेती-किसानी और जल संसाधनों को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। हालांकि, मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना जताते हुए कई जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में अब तक सबसे कम बारिश साहिबगंज जिले में हुई है

शेष पेज 11 पर

## हाईकोर्ट ने एंटी करप्शन ब्यूरो से मांगा जवाब

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाला मामले में आरोपी नवीन केडिया की ओर से इंग्लैंड जाने की इजाजत मांगे जाने से संबंधित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की कोर्ट ने आठ जुलाई तक एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 10 जुलाई 2026 को होगी।

एसीबी की ओर से सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल सुमित गाड़ोदिया ने पक्ष रखा। उनकी ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि निचली अदालत ने नवीन केडिया के इस आग्रह को नहीं माना है। उनके विदेश जाने की अनुमति मिलने से वह देश छोड़कर भाग सकते हैं। ज्ञात हो कि रांची एसीबी की अदालत ने नवीन केडिया को इंग्लैंड जाने की अनुमति नहीं दी थी। एसीबी कोर्ट ने इंग्लैंड जाने की उनकी अनुमति मांगे जाने से संबंधित याचिका खारिज कर दी थी। इसे नवीन केडिया ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। नवीन केडिया ने एसीबी की विशेष अदालत में लंदन में अपने बेटे के ग्रेजुएशन सेरेमनी में शामिल होने, हेल्थ चेकअप कराने सहित कई बातों का जिक्र किया था।




केडिया का इंग्लैंड जाने की इजाजत मांगे जाने का मामला

शेष पेज 11 पर

### रामेश्वर उरांव और बेटे रोहित उरांव को फिर ईडी का समन

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित झारखंड शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव और उनके बेटे रोहित उरांव को एक बार फिर समन जारी किया है। ईडी ने दोनों को 6 जुलाई 2026 को रांची स्थित अपने जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, शराब घोटाले से जुड़े कथित धनशोधन (मनी लांड्रिंग) के मामले में इससे पहले भी दोनों को समन भेजा गया था। निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होने के बाद ईडी ने दोबारा समन जारी किया है। जांच एजेंसी इस मामले में वित्तीय लेन-देन, दस्तावेजों तथा अन्य संबंधित पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

शेष पेज 11 पर

**परीक्षा परिणाम** मुख्य परीक्षा के लिए 2,204 अभ्यर्थी सफल

# जेपीएससी सिविल सेवा पीटी का रिजल्ट जारी

- मुख्य परीक्षा 18, 19 और 20 जुलाई को रांची के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर होगी
- सफल अभ्यर्थी 9 जुलाई की शाम पांच बजे तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने सिविल सेवा संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) का परिणाम बुधवार सुबह जारी कर दिया है। 103 पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित इस परीक्षा में 2,204 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया है। मुख्य परीक्षा 18, 19 और 20 जुलाई 2026 को रांची के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। सफल अभ्यर्थी 9 जुलाई 2026 की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वहीं, आवेदन की हार्ड कॉपी 14 जुलाई 2026 तक आयोग के पास जमा करनी होगी। मुख्य परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। पहली पाली दिन में 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

18 जुलाई 2026 को पहले और दूसरे प्रश्नपत्र, 19 जुलाई को तीसरे और चौथे, तथा 20 जुलाई को पांचवें और छठे प्रश्नपत्र की परीक्षा होगी। मुख्य परीक्षा कुल 950 अंकों की होगी। इसके बाद 100 अंकों का साक्षात्कार (इंटरव्यू) होगा। आयोग ने इस बार इंटरव्यू के लिए न्यूनतम अर्हता अंक (क्वालिफाइंग मार्क्स) की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। मुख्य परीक्षा में पहला प्रश्नपत्र 100 अंक, दूसरा 150 अंक और शेष चार प्रश्नपत्र 200-200 अंकों के होंगे। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 19 अप्रैल 2026 को राज्य के 564 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इसके लिए 2,17,104 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। पहली पाली में 1,10,973 और दूसरी पाली में 1,10,875 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। यह परीक्षा उत्तर कुंजी (आंसर-की) को लेकर भी चर्चा में रही। आयोग ने 20 अप्रैल 2026 को मॉडल आंसर-की जारी की थी, लेकिन आपत्तियों के बाद इसे कई बार संशोधित करना पड़ा। 21 अप्रैल, 26 मई और 19 जून 2026 को क्रमशः संशोधित उत्तर कुंजियां जारी की गईं। इस बीच, अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने का मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गया था। अदालत से पीटी का परिणाम जारी करने की अनुमति मिलने के बाद आयोग ने परिणाम घोषित किया।




### उपसमाहर्ता के 28 समेत 103 पदों पर की जाएगी नियुक्ति

झारखंड लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से कुल 103 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसमें उपसमाहर्ता के 28, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के 42, सहायक नगर आयुक्त के 10, सहायक निदेशक-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के 10 पद शामिल हैं।

**एसीबी जांच में बड़ा खुलासा**

## रिम्स जमीन घोटाले में प्रमोद को बताया गया मास्टरमाइंड

- जमीन की बिक्री के लिए फर्जी वंशावली तैयार की गई थी
- दस्तावेज के लिए वार्ड पार्षद के फर्जी हस्ताक्षर का हुआ इस्तेमाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के जमीन घोटाले की जांच में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जांच के दौरान प्रॉपर्टी डीलर प्रमोद कुमार महतो को इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड और साजिशकर्ता बताया है। जांच के क्रम में एसीबी ने सोनमैती देवी का बयान दर्ज किया। उन्होंने बताया कि प्रमोद कुमार महतो उन प्रॉपर्टी डीलरों में शामिल था, जिन्होंने उन्हें रजिस्ट्री कार्यालय बुलाकर अंगूठे का निशान लगवाया था। सोनमैती देवी के अनुसार, विवादित जमीन का एक हिस्सा उनके नाम पर था। एसीबी की जांच में यह भी सामने आया कि सरकारी अधिग्रहित रिम्स की जमीन की बिक्री में प्रमोद कुमार महतो ने सोनमैती देवी का सहयोग लिया।

इससे पहले एसीबी इस मामले में एक बिल्डर समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज चुकी है।

शेष पेज 11 पर

### झारखंड विधानसभा में एआई और साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# तकनीक के दुरुपयोग से बढ़ रही चुनौतियां : विस अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष की पहल पर द एशिया फाउंडेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में झारखंड विधानसभा सभागार में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा और ऐ आई : वर्तमान परिदृश्य और चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों आमजन को साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप, एआई के बढ़ते प्रभाव, डिजिटल सुरक्षा के उपायों तथा नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के प्रति संवेदनशील बनाना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो ने कहा कि आज एआई का उपयोग मेडिकल, शिक्षा, प्रशासन, उद्योग सहित लगभग हर क्षेत्र में हो रहा है। यह तकनीक मानव जीवन को सरल और प्रभावी बना रही है, लेकिन इसका दुरुपयोग समाज के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि मोबाइल और डिजिटल तकनीक से लोगों को अनेक सुविधाएं मिली हैं, लेकिन इसके दुरुपयोग से साइबर अपराध, फर्जीवाड़ा और डिजिटल धोखाधड़ी के मामले भी तेजी से बढ़े हैं।

उन्होंने कहा कि साइबर ठगी की एक घटना किसी परिवार की वर्षों की मेहनत की कमाई को पलभर में समाप्त कर सकती है। ऐसे परिवारों की पीड़ा वही समझ सकता है, जिसने इसे झेला हो। उन्होंने कहा कि सरकार ने साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन अब और अधिक प्रभावी एवं कठोर नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि साइबर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा मिल सके और समाज में कानून का भय कायम हो।

हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि नई पीढ़ी का जीवन मोबाइल और इंटरनेट से गहराई से जुड़ चुका है। तकनीक का सही उपयोग विकास का माध्यम है, लेकिन इसके दुष्परिणामों से बचाने के लिए स्कूल स्तर से ही साइबर सुरक्षा और एआई की शिक्षा देना आवश्यक है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि विधानसभा सत्र के दौरान सभी माननीय विधायकों के लिए भी साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा पर नियमित प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि तकनीक स्वयं कभी गलत नहीं होती, उसका दुरुपयोग करने वाली मानसिकता समस्या पैदा करती है। उन्होंने कहा कि लालच और बिना मेहनत के लाभ पाने की प्रवृत्ति साइबर अपराधों को बढ़ावा देती है। लोगों को सतर्क रहने, किसी भी फर्जी ऑफर या संदिग्ध लिंक पर भरोसा नहीं करने और तकनीक का समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीक से डरने की नहीं, बल्कि उसे समझकर उसका सुरक्षित उपयोग करने की जरूरत है।

» तकनीक स्वयं कभी गलत नहीं होती : सीपी सिंह

» स्कूल स्तर से साइबर शिक्षा जरूरी : नवीन जायसवाल




### फर्जी वीडियो और साइबर ठगी लोकतंत्र के लिए खतरा : महुआ माजी

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि एआई का दुरुपयोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए भी गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। चुनाव के दौरान फर्जी वीडियो, मॉर्फ्ड तस्वीरों और भ्रामक डिजिटल सामग्री का इस्तेमाल कर जनप्रतिनिधियों की छवि प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर, ई-मेल और अन्य जानकारियां सार्वजनिक होने के कारण वे साइबर अपराधियों के निशाने पर रहते हैं। उन्होंने सरकार से साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में और मजबूत कानून एवं प्रभावी व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता बताई।

## वित्त मंत्री ने लौटाई सरकारी सुरक्षा कारकेड की गाड़ियां भी वापस कीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपनी सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों को वापस कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा कारकेड में शामिल तीन बोलेरो वाहन भी संबंधित विभाग को लौटा दिए हैं। फिलहाल वह बिना सुरक्षा गार्ड के ही आवागमन कर रहे हैं। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वित्त मंत्री की सुरक्षा में 16 कमांडो और स्पेशल ब्रांच के तीन पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सुरक्षा कर्मियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था में उपयोग होने वाला वाहन भी उन्होंने वित्त विभाग को वापस कर दिया है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भी औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है। हालांकि, डीजीपी के अगले आदेश तक सुरक्षा कर्मी मंत्री के सरकारी आवास पर तैनात रहेंगे, लेकिन मंत्री ने उन्हें अपने साथ चलने से मना कर दिया है। ऐसे में फिलहाल वह बिना किसी सुरक्षा घेरे के ही यात्रा कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, पूरे घटनाक्रम की शुरुआत 29 जून को डीजीपी तदाशा मिश्रा को लिखे गए एक पत्र से हुई। मंत्री ने पत्र में सुरक्षा कर्मियों के साथ चलने के लिए एक अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। बताया जा रहा है कि तीन दिनों तक इस संबंध में कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अपनी सुरक्षा वापस करने का निर्णय ले लिया। मंत्री के इस कदम को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में विभिन्न तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, इस संबंध में सरकार या पुलिस मुख्यालय की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।-


राधाकृष्ण किशोर
मंत्री



## अरगोड़ा पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो को पकड़ा



रांची। अरगोड़ा थाना पुलिस ने नशीले पद्धार्थ का धंधा करने वाले दो लोगों को गुरुवार को रात में हरमू अस्पताल के पीछे से गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार परवेज आलम हरमू आजाद हिन्द भट्ठा मुहल्ला का और पवन आनंद नगर चौक का रहने वाला है। पुलिस ने उनके पास से ब्राउन शूगर बरामद किया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे नशीले पद्धार्थ के तस्करों से चार सौ रुपये प्रति पुड़िया की दर से ब्राउन शूगर की खरीदारी करते हैं और उसे छात्र व युवा को ऊंची कीमत पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं।

## राज्य में कितने निवेश और रोजगार सृजित हुए बताए सरकार : रविनाथ किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता रविनाथ किशोर ने 8 एवं 9 जुलाई को नई दिल्ली में होने वाले नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में व्याप्त भय, असुरक्षा और अराजकता के माहौल में निवेश आकर्षित करने की बातें केवल दिखावा हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि अब तक आयोजित निवेशक सम्मेलनों और विदेश यात्राओं का वास्तविक परिणाम क्या रहा तथा राज्य में कितने निवेश और रोजगार सृजित हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में निवेश का आधार बेहतर कानून-व्यवस्था और पारदर्शी प्रशासन होता है, लेकिन झारखंड में अपराध और प्रशासनिक अव्यवस्था चिंता का विषय है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार के पास विकास की स्पष्ट नीति नहीं है और विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।



### हेमंत सरकार के नेतृत्व में झारखंड निवेश के लिए है सुरक्षित : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के प्रभारी लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रवक्ता रविनाथ किशोर के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के बयान जमीनी हकीकत से परे और राजनीतिक हताशा को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के नेतृत्व में झारखंड निवेश के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद राज्य बनकर उभरा है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम और पारदर्शी नीतियों के माध्यम से निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य सरकार रोजगार सृजन और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दे रही है तथा नई उद्योग और पर्यटन नीतियों के माध्यम से विकास को गति दी जा रही है। उन्होंने भाजपा पर राज्य की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने की अपील की।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से मौजूदा सेवाएं बंद करना उचित नहीं : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से पांच नियमित उड़ानों के अस्थायी रूप से बंद किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए झारखं चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि झारखंड में लगातार बढ़ रही हवाई यात्रा की मांग को देखते हुए उड़ानों की संख्या घटाने के बजाय उसमें वृद्धि की जानी चाहिए। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड चैंबर द्वारा पूर्व से ही रांची से जयपुर, गोवा, बागडोगरा-गुवाहाटी, वाराणसी-अमृतसर, सूरत एवं रायपुर के लिए सीधी विमान सेवाएं प्रारंभ करने की मांग की जाती रही है। इसके विपरीत वर्तमान में संचालित उड़ानों को बंद करना यात्रियों के हित में नहीं है। ऐसे में एयरलाइंस एवं संबंधित मंत्रालय को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि देवघर एयरपोर्ट से चेन्नई, हैदराबाद एवं अहमदाबाद के लिए भी शीघ्र सीधी उड़ानें प्रारंभ की जानी चाहिए। इससे बाबा बैद्यनाथ धाम आनेवाले देशभर के श्रद्धालुओं के साथ-साथ चिकित्सा, उद्योग एवं व्यापार से जुड़े यात्रियों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी तथा संताल परगना क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

### यात्रियों को मिले ठहरने की सुविधा

सिविल एविएशन उप समिति के चेयरमैन दिनेश प्रसाद साहू ने अवगत कराया कि यात्रियों की ओर से आज ही जानकारी मिली है कि प्रतिदिन चलनेवाली रांची भुवनेश्वर फ्लाइट भी अब सप्ताह में चार दिन चलेगी। जबकि दस दिन बाद रथ यात्रा का समय है। उन्होंने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से इस माह से बंद की गई फ्लाइट पुन: प्रारंभ करने का आग्रह किया। उन्होंने विमानों को अचानक रद्द करने के निर्णय पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक ओर हवाई किराए में लगातार वृद्धि हो रही है, वहीं कई बार अंतिम समय में, यहां तक कि उड़ान से एक-दो घंटे पहले भी फ्लाइट रद्द कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में सबसे अधिक परेशानी यात्रियों, विशेषकर परिवारों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों और इलाज के लिए यात्रा कर रहे लोगों को होती है। यदि किसी एयरलाइन द्वारा अंतिम समय में उड़ान रद्द की जाती है, तो प्रभावित यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था करना संबंधित एयरलाइन की जिम्मेदारी होनी चाहिए। नागरिक उड्डयन मंत्रालय एवं डीजीसीए को इस संबंध में कड़े दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए, ताकि यात्रियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

## झारखंड विस में अवर सचिव को दी गई भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय के अवर सचिव महेश नारायण सिंह के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को विधानसभा परिसर में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। महेश नारायण सिंह 30 जून 2026 को अपनी लंबी एवं सफल प्रशासनिक सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए।

उन्होंने अपने सरकारी सेवा जीवन की शुरुआत बिहार विधानसभा से की थी। राज्य विभाजन के बाद उन्होंने झारखंड विधानसभा सचिवालय में अपनी सेवाएं दीं। समारोह में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने महेश नारायण सिंह को सम्मानित करते हुए विधानसभा सचिवालय में उनकी कार्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण की सराहना की तथा उनके स्वस्थ, सक्रिय एवं सुखद जीवन की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में महेश नारायण सिंह ने विधानसभा सचिवालय में बिताए गए महत्वपूर्ण एवं अविस्मरणीय पलों को याद करते हुए भावुक होकर अध्यक्ष, अधिकारियों एवं सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राजेंद्र भवन के खाली मैदान में दुकान लगाने का विरोध

**रांची।** वार्ड संख्या-41 के सेक्टर-2 स्थित राजेंद्र भवन के सामने खाली पड़ी जमीन पर फास्ट फूड ठेलों के लिए कथित रूप से जगह चिन्हित किए जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। लोगों का आरोप है कि वार्ड पार्षद नीलम चौधरी की पहल पर चूने से मार्किंग कर वेंडर्स के लिए स्थान निर्धारित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की पार्किंग व्यवस्था और स्थानीय निवासियों की सुविधाएं प्रभावित होंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में सड़क किनारे फास्ट फूड के ठेले लगाए जाते हैं, जबकि खाली मैदान के बीच वाले हिस्से का उपयोग चारपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए किया जाता है। उनका दावा है कि यह स्थान भविष्य में पूजा स्थल के रूप में भी उपयोग के लिए चिन्हित है। ऐसे में यदि पूरे क्षेत्र को वेंडिंग जोन के रूप में विकसित कर दिया गया तो आसपास के घरों के सामने खुली जगह कम हो जाएगी।

**'वार्तालाप-2026'** जमशेदपुर में पीआईबी की 'वार्तालाप-2026' कार्यशाला आयोजित

# जनकल्याणकारी योजनाओं पर मीडिया से हुआ संवाद

- सरकार और मीडिया के बीच सतत एवं सकारात्मक संवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाता है : अखिल कुमार मिश्रा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची/जमशेदपुर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), रांची द्वारा शुक्रवार को जमशेदपुर में 'वार्तालाप-2026' मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का विषय "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के एवं किसान सशक्तिकरण तथा किसान सम्मान निधि" रहा। इसमें जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के लगभग 70 पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, किसान-केंद्रित पहलों तथा विकसित भारत के संकल्प से जुड़े विषयों पर मीडिया के साथ तथ्यपरक एवं सार्थक संवाद स्थापित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीआईबी रांची/भुवनेश्वर के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार और मीडिया के बीच सतत एवं सकारात्मक संवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाता है। उन्होंने जनहितकारी योजनाओं की सही एवं प्रमाणिक जानकारी आमजन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। पत्र सूचना कार्यालय, रांची के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने केंद्र सरकार की पिछले 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों के जीवन में आए बदलावों की जानकारी दी। तकनीकी सत्र में झारखंड दूरदर्शन समाचार इकाई के प्रमुख एवं सहायक निदेशक दिवाकर कुमार ने ड्रोन दीदी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और आधुनिक कृषि तकनीकों को किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. सुरेंद्र सिंह मुंडा ने वैज्ञानिक खेती और नई तकनीकों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

पीआईबी, रांची के कार्यालय प्रमुख गौरव कुमार पुष्कर ने पत्रकार कल्याण योजनाओं की जानकारी साझा की। पद्मश्री एवं वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त ने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में सकारात्मक एवं उत्तरदायी मीडिया की भूमिका पर बल दिया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव ने किसान हित से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। प्रश्नोत्तर सत्र के बाद कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस दौरान पीआईबी रांची की यंग प्रोफेशनल शिवानी कुमारी केसरी ने पीआईबी की कार्यप्रणाली पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सूचना सहायक प्रिंस कुमार, यंग प्रोफेशनल शिवेंद्र नाथ तिवारी तथा अन्य कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## दृष्टिपात

### आदिवासी छात्र संघ का स्थापना दिवस सह महाधिवेशन 8 को



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय समिति की ओर से शुक्रवार को करमटोली स्थित आदिवासी छात्रावास के पुस्तकालय भवन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान बताया गया कि संघ का 26वां स्थापना दिवस सह महाधिवेशन 8 जुलाई को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा होंगे। संघ के संस्थापक सदस्यों ने बताया कि महाधिवेशन के दौरान संगठन की नई कार्ययोजना, आगामी आंदोलन की रूपरेखा तथा केंद्रीय एवं विश्वविद्यालय स्तरीय समितियों के पुनर्गठन पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2000 में स्थापित आदिवासी छात्र संघ के संस्थापक सदस्यों का इस महाधिवेशन से सीधा संबंध है और यदि कोई अन्य संस्था आदिवासी छात्र संघ के नाम से सामाजिक कार्य कर रही है, तो उससे इस संगठन का कोई संबंध नहीं है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि संगठन राज्य गठन के समय से ही सरकारी नौकरियों में 60 प्रतिशत आरक्षण, 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने, जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा देने, बैकलॉग रिक्तियों को भरने, सरना धर्म कोड लागू करने तथा परिसीमन के विरोध सहित विभिन्न जनजातीय मुद्दों पर लगातार आवाज उठाता रहा है। संघ ने कहा कि महाधिवेशन के बाद सरना धर्म कोड लागू कराने और परिसीमन के विरोध में राज्यव्यापी महारैली की घोषणा की जाएगी। प्रेस वार्ता में संस्थापक सदस्य डॉ. सुशील कुमार, जतरू उरांव, सतीश कुमार भगत, सतनारायण गाड़ी, सुरेश टोप्पो, अमित मुंडा, संजय महली, महावीर उरांव, सुदेश कुजूर, रोशन खलखो, संध्या कुमारी, प्यारू उरांव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जमशेदपुर की जनता ने सरकार का अहंकार तोड़ा : अमर कुमार बाउरी



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने जमशेदपुर और आदित्यपुर में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर पार्टी द्वारा आयोजित बंद को ऐतिहासिक और जनसमर्थित बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आह्वान पर हुए इस बंद को जमशेदपुर, आदित्यपुर के सभी प्रतिष्ठानों, कंपनियों, ठेला-खोमचा संचालकों सहित आम नागरिकों का व्यापक समर्थन मिला, जिससे यह पूरी तरह स्वतःस्फूर्त आंदोलन साबित हुआ। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बाउरी ने कहा कि यह बंद केवल पार्टी का विरोध नहीं, बल्कि जनता का आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि साढ़े छह वर्षों में राज्य सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था बिगड़ी है और जनता ने पहली बार सरकार के "अहंकार" को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अब सरकार को इस संदेश को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने जमशेदपुर की हालिया घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। आरोप लगाया कि सरकार मामले को भटकाने का प्रयास कर रही है, जबकि वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी रहेगी। प्रदेश महामंत्री ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2019 के बाद से अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई है और पुलिस व्यवस्था कमजोर हुई है।

## दो साल से अधिक समय से जेल में बंद आरोपी ससम्मान दोषमुक्त

- अनुसंधानकर्ता का भी कोर्ट में बयान दर्ज नहीं
- न शिकायतकर्ता पिता और न ही पीड़ित बच्ची की गवाही

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त (XX) अरविन्द कुमार नंबर-2 की अदालत ने नौ वर्षीय बच्ची के अपहरण से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले के नामजद आरोपी जगदीश साहू (46 वर्ष) को साक्ष्य के अभाव में धारा 363 और 364 आईपीसी के आरोपों से पूरी तरह दोषमुक्त करते हुए जेल से अविलंब रिहा करने का आदेश जारी किया है। आरोपी पिछले दो साल से अधिक समय (2 वर्ष, 1 महीना, 11 दिन) से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद था।

### क्या था पूरा मामला?

मामला सुखदेवनगर (पंडरा ओपी) थाना कांड संख्या-XXX/2024 से संबंधित है। सूचक अनूप साहू ने 17 मई 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनकी 9 वर्षीय बेटी संध्या 4 बजे ट्यूशन जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उन्होंने आशंका जताई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बेटी का हत्या के उद्देश्य से अपहरण कर लिया है। हालांकि, उसी रात बच्ची मांडर इलाके में सकुशल मिल गई थी। पुलिस ने बाद में मांडर निवासी जगदीश साहू को आरोपी बनाते हुए चार्जशीट दाखिल की थी।

### अभियोजन पक्ष की लापरवाही आई सामने

मुकदमे की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को साबित करने में पूरी तरह विफल रहा। इस मामले में कई गंभीर कानूनी और प्रक्रियात्मक खामियां देखी गईं। मुख्य गवाहों को नहीं किया पेशः अभियोजन पक्ष ने कोर्ट के समक्ष न तो मुख्य शिकायतकर्ता (पिता) को और न ही पीड़ित बच्ची को गवाही के लिए पेश किया। आईओ की गवाही भी नहींः मामले के मुख्य गवाह यानी अनुसंधानकर्ता का भी कोर्ट में बयान दर्ज नहीं कराया जा सका, जिससे घटना की संपुष्टि नहीं हो पाई। गवाहों के बयान में विरोधाभासः कोर्ट में केवल दो गवाहों पीड़िता की मां और मकान मालिक का परीक्षण कराया गया। जिरह के दौरान पीड़िता की मां ने खुद स्वीकार किया कि उसकी बेटी ट्यूशन से निकलने के बाद रास्ता भटक गई थी और उसे कोई उठाकर नहीं ले गया था। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस मुकदमे के बारे में कुछ नहीं जानतीं और न ही आगे केस लड़ना चाहती हैं। अदालत ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायिक दृष्टांत का हवाला देते हुए अपने फैसले में स्पष्ट किया कि कानून में 'शक' कभी भी ठोस साक्ष्य का स्थान नहीं ले सकता। अभियोजन को अपना मामला हर हाल में संदेह से परे साबित करना होता है। चूंकि इस केस में आरोपी की संलिप्तता पूरी तरह संदिग्ध पाई गई, इसलिए अदालत ने जगदीश साहू को ससम्मान बरी करने का फैसला सुनाया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता किसलय प्रसाद ने पैरवी की थी।

## दृष्टिपात

### सरला बिरला स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणादायी विरासत को किया गया नमन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में झारखंड के महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा के प्रेरणादायी जीवन, संघर्ष और बलिदान को समर्पित एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, जीवन-मूल्यों तथा राष्ट्र और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका रही। विद्यार्थियों ने उनके बाल्यकाल से लेकर अंग्रेजी शासन, अन्याय और शोषण के विरुद्ध उनके संघर्ष को जीवंत एवं भावपूर्ण ढंग से मंचित किया। प्रस्तुति में समाज के अधिकारों, सम्मान और न्याय के लिए उनके अदम्य साहस, नेतृत्व और बलिदान को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भगवान बिरसा मुंडा के जीवन एवं झारखंड के इतिहास पर आधारित इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों और ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी प्राप्त की तथा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के प्रति अपनी समझ को और सुदृढ़ किया।

### ओथ संस्था ने बच्चों के बीच वितरित की शिक्षण सामग्री, शिक्षा के महत्व पर दिया जोर



**रांची।** समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय संस्था 'ओथ' की ओर से रातू रोड स्थित खड़गड़ा सब्जी मंडी के समीप दुर्गा शंकर मंदिर परिसर में सैकड़ों बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, रबर और अन्य शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को बिस्किट और चॉकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर संस्था के ट्रस्टी दीपक बंका और सदस्य अमित कुमार ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें नियमित पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य और समाज के विकास का आधार है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और सामग्री पाकर खुशी जाहिर की। संस्था ने बताया कि 'शिक्षा दान महादान' अभियान के तहत ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

### सेल का सोहराई पेंटिंग प्रशिक्षण संपन्न, प्रतिभागियों को मिले प्रमाण-पत्र



**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील (आरडीसीआईएस) द्वारा प्रायोजित तथा स्तंभ ट्रस्ट द्वारा संचालित 'स्किल डेवलपमेंट थ्रू सोहराई पेंटिंग ट्रेनिंग' कार्यक्रम का समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह शुक्रवार को अमर शहीद वीर बुधु भगत हूही मोर्चा, टोंगरी टोली, अरगोड़ा में आयोजित किया गया। समारोह में सेल के संचार प्रमुख उज्ज्वल भास्कर, महाप्रबंधक (सीएसआर) प्रभात होरो एवं लक्ष्मण जी उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सोहराई जैसी पारंपरिक लोककला के संरक्षण, संवर्धन और उससे जुड़े स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल सराहनीय है। स्तंभ ट्रस्ट के सचिव अवनी भूषण, निदेशक जयश्री देवी तथा सहयोगी शाही, उषा, सुनील और प्रमोद ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य स्थानीय पारंपरिक कला का संरक्षण देना है।

## आज कल




# निगम की 630 जमीनों के म्यूटेशन की प्रक्रिया तेज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नगर आयुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर निगम की भू-संपदा शाखा एवं हॉर्टिकल्चर शाखा के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों शाखाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

भू-संपदा शाखा की ओर से जानकारी दी गई कि नगर निगम की भूमि के संरक्षण एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित प्रबंधन की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में निगम की कुल 630 भूमि के म्यूटेशन हेतु संबंधित अंचलों में आवेदन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। इनमें शहर अंचल में 83, अरगोड़ा में 127, बरगाईं में 179, कांके में 15, नगड़ी में 28, नामकुम में 98 तथा हेहल अंचल में 100 आवेदन शामिल हैं। नगर आयुक्त ने सभी लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए संबंधित अंचल कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि का विधिवत म्यूटेशन अतिक्रमण रोकने, परिसंपत्तियों के संरक्षण एवं विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक में हॉर्टिकल्चर शाखा के कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि शहर के 24 प्रमुख स्थलों पर ग्रीन पैच विकसित करने की योजना प्रस्तावित है, जिनमें करमटोली चौक, मोराबादी, जवाहर नगर (कांके रोड), खेलगांव, कश्यप आई हॉस्पिटल एवं अन्य प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

## 24 स्थानों पर विकसित होंगे ग्रीन पैच






नगर आयुक्त ने ग्रीन पैच विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे शहर को अधिक हरित, स्वच्छ और आकर्षक स्वरूप मिलेगा। बैठक में उप नगर आयुक्त रविंद्र कुमार, नगर प्रबंधक, गार्डन अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रांची नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान

# डीपीएस चौक से मेकॉन तक अवैध गैरेज और दुकानों पर कार्रवाई

- संचालकों को 24 घंटे के भीतर सभी वाहन हटाने और भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में इंफोर्समेंट टीम ने डीपीएस चौक से मेकॉन तक व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया और अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क किनारे संचालित दो अवैध गैरेज हटाए गए। निरीक्षण में पाया गया कि इन स्थानों पर वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण यातायात बाधित हो रहा था। संबंधित संचालकों को 24 घंटे के भीतर सभी वाहन हटाने और भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई।


इसी दौरान सड़क किनारे लंबे समय से खड़े एक कंडम वाहन को ध्वस्त कर जब्त किया गया। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों पर खड़े अनुपयोगी वाहनों को स्वतः हटाया जाए, अन्यथा जब्ती एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के तहत कई अवैध दुकानों पर भी कार्रवाई की गई, जहां तंबाकू, सिगरेट, पान एवं गुटखा की बिक्री हो रही थी। यह क्षेत्र शैक्षणिक संस्थानों एवं आवासीय इलाकों के निकट होने के कारण इसे गंभीरता से लेते हुए सभी दुकानों को हटाया गया।

भुसूर नदी किनारे संचालित दो अवैध मीट दुकानों को भी हटाया गया। निरीक्षण में पाया गया कि मीट अपशिष्ट नदी में फेंके जाने से पर्यावरण प्रदूषण और पक्षियों के जमाव के कारण विमान संचालन के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा था। इस कारण तत्काल कार्रवाई की गई।

नगर निगम ने संबंधित क्षेत्र में हरित क्षेत्र विकसित करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि खाली किए गए स्थानों को ग्रीन पैच में बदला जा सके। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, अन्यथा आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बल्क वेस्ट जेनरेटरों के लिए पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य



- स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण तथा एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण करना अनिवार्य

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में शहर के विभिन्न बल्क वेस्ट जनरेटरों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण तथा एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए अपर नगर आयुक्त ने कहा कि 1 अप्रैल 2026 से सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों के लिए अपने परिसर में चार रंगों के डस्टबिन (हरा, नीला, लाल एवं काला) की व्यवस्था कर गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि रांची नगर निगम क्षेत्र के सभी पात्र बल्क वेस्ट जनरेटरों को एसडब्ल्यूएम सीपीसीबी पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। जिन संस्थानों का निर्मित क्षेत्र 20,000 वर्गमीटर या उससे अधिक, प्रतिदिन 40,000 लीटर या उससे अधिक जल की खपत, अथवा 100 किलोग्राम या उससे अधिक ठोस अपशिष्ट उत्पादन होता है, वे इस श्रेणी में आते हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि पोर्टल पंजीकरण के माध्यम से अपशिष्ट संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण और नियमों के अनुपालन की निगरानी अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से की जा सकेगी।

## राजभाषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सीसीएल को प्रथम पुरस्कार



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) की वार्षिक पुरस्कार योजना 2025-26 के अंतर्गत राजभाषा हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन तथा राजभाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के उत्कृष्ट एवं सफल संचालन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सीसीएल की अग्रणी भूमिका तथा राजभाषा नीति के प्रभावी एवं सतत क्रियान्वयन के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पुरस्कार सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिज़ाइन इंस्टिट्यूट (सीएमपीडीआई) में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ ने सीसीएल के महाप्रबंधक (राजभाषा) अशोक कुमार ने यह पुरस्कार दिया। इस अवसर पर गृह मंत्रालय के पूर्वी क्षेत्र के उप-निदेशक (राजभाषा) विचित्रसेन गुप्त पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सीसीएल द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। समारोह में सीसीएल के उप-प्रबंधक (राजभाषा) डॉ दिविक दिवेश भी उपस्थित रहे।

सीसीएल की यह उपलब्धि सीएमडी, निलेन्दु कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व तथा निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। कंपनी ने राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, हिन्दी के प्रगतिशील प्रयोग, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के राजभाषा प्रशिक्षण, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी के विस्तार तथा राजभाषा संबंधी नवाचारों के माध्यम से सार्वजनिक उपक्रमों के बीच राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट एवं अग्रणी पहचान स्थापित की है।

## इग्नू में एआई और मशीन लर्निंग में एमएससी शुरू, जुलाई सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**रांची।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2026 सत्र से छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग और क्लाइमेट चेंज जैसे उभरते क्षेत्रों में नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। विश्वविद्यालय ने एमएससी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग तथा एमएससी क्लाइमेट चेंज कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके साथ ही इग्नू देश का पहला मुक्त विश्वविद्यालय बन गया है, जिसने एमएससी क्लाइमेट चेंज कार्यक्रम शुरू किया है। विश्वविद्यालय के अनुसार, दो वर्षीय एमएससी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कंप्यूटर साइंस या सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक अथवा समकक्ष योग्यता निर्धारित की गई है। पहले दो सेमेस्टर सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी प्रदान किया जाएगा। इग्नू ने जुलाई 2026 सत्र के लिए नए प्रवेश एवं पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी है। ऐसे अभ्यर्थी, जो अब तक आवेदन नहीं कर सके हैं, वे निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के स्टूडेंट सर्विसेज के एडमिशन सेक्शन के माध्यम से ऑनलाइन एवं ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। सभी पाठ्यक्रमों से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## संत जेवियर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार, वक्ताओं ने कहा

# पेड़ मानव जीवन के अस्तित्व को बचाने के लिए हैं जरूरी

- सेमिनार में वक्ताओं ने पर्यावरण के गिरते स्तर और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं पर चिंता व्यक्त की

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को रांची के पुरुलिया रोड स्थित सेंट जेवियर कॉलेज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रांची नगर निगम के उप नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त का विशेष सहयोग रहा। नगर निगम और 'प्रिज्मोलॉइन' के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच 100 फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रिज्मोलॉइन एवं 1/3 कंपनी एनसीसी संत जेवियर कॉलेज के द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने पर्यावरण के गिरते स्तर और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के समय में पेड़ सिर्फ हरियाली के लिए नहीं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व को बचाने के लिए जरूरी हैं। धरती के बढ़ते तापमान को रोकने और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा व पानी देने का एकमात्र उपाय बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करना है। यदि आज हम जागरूक नहीं हुए, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सेमिनार में सैकड़ों छात्र-छात्राओं को पर्यावरण को सुरक्षित रखने से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, साथ ही पर्यावरण की रक्षा के प्रति सभी विद्यार्थियों को संकल्प दिलाते हुए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिज्मोलॉइन के मैनेजिंग डायरेक्टर ऋषभ सिंघानिया, डायरेक्टर स्नेहा सिंघानिया, एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट मोनिका सोनी, सेंट जेवियर कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ. फादर अजय मिंज और एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ प्रिया श्रीवास्तव उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने युवाओं से अपील की कि वे न केवल खुद पौधे लगाएं, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर सीनियर अंडर ऑफिसर दीपक कुमार, अंडर ऑफिसर ईसा सिंह मुंडा, अंडर ऑफिसर सचिन सिंह और अंडर ऑफिसर निशांत कुमार सिंह सहित एनसीसी के कई कैडेट्स और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एकल अभियान

### वन बंधु परिषद युवा की चार दिवसीय 'नगर यात्रा 4.0' का समापन

# 100 गांवों के 3000 बच्चों ने लिया शहर का आनंद

- कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शहर का अनुभव कराना तथा उन्हें मनोरंजन, उत्साह और नई प्रेरणा से जोड़ना था

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** वन बंधु परिषद के युवा प्रकोष्ठ एकल युवा रांची (एफसीएस युवा रांची) द्वारा 30 जून से 3 जुलाई तक आयोजित चार दिवसीय 'नगर यात्रा 4.0' का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शहर का अनुभव कराना तथा उन्हें मनोरंजन, उत्साह और नई प्रेरणा से जोड़ना था।

संस्था के मीडिया प्रभारी अमित बजाज ने बताया कि एकल अभियान देशभर में एक लाख से अधिक एकल विद्यालयों का संचालन कर रहा है और यह देश के सबसे बड़े सामाजिक संगठनों में शामिल है। इसके सामाजिक योगदान के लिए इसे गांधी शांति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

संस्था के अध्यक्ष अभिनव मित्तल ने बताया कि वन बंधु परिषद युवा रांची पिछले चार वर्षों से 'नगर यात्रा' का आयोजन कर रही है। इस वर्ष कार्यक्रम रातू रोड स्थित मॉल ऑफ रांची के स्टारकेड गेमिंग जोन में आयोजित किया गया, जिसमें 100 गांवों के लगभग 3000 बच्चों ने भाग लिया।

सचिव कंचन कौर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए खेल, मनोरंजन, भोजन एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई। साथ ही उन्हें उपहार और स्नैक्स पैकेट भी वितरित किए गए। पूर्व अध्यक्ष विशेष केडिया ने बताया कि प्रतिदिन 25 से 26 विद्यालयों के लगभग 550 से 600 बच्चों को कार्यक्रम में शामिल कराया गया।

मीडिया कोऑर्डिनेटर कीर्ति मारू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी चेन्नई के समाजसेवी कमलेश जैन एवं स्टारकेड गेमिंग जोन के संचालक राजेश अड़ूकिया रहे। सभी बच्चों को निःशुल्क मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को एक ऐसा यादगार दिन देना है, जो उनके जीवन में खुशी और आत्मविश्वास का नया संचार करे। कार्यक्रम का समापन केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रेखा जैन के संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर सृष्टि अग्रवाल, शुभम सोमानी, अभिजीत, राधा डोरोलिया, सौरव बोस, हर्ष अग्रवाल, अमर बाजोरिया, उत्सव जालान, आयुषी सरावगी, कोमल केडिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर**

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण, आधार कार्ड, अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णत: गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**प्रधान संपादक**
hr.rnmail@gmail.com

### एल नीनो के प्रभाव को देखते हुए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# सुखाड़ की आशंका को लेकर सरकार सतर्क : शिल्पी

- किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में संभावित सूखाड़ की स्थिति को देखते हुए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को हटिया (हेसाग) स्थित पशुपालन भवन में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कृषि विभाग के सचिव, विशेष सचिव, विभिन्न निदेशालयों के निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी जिलों के उपायुक्त एवं संबंधित पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

बैठक में मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सूखाड़ की स्थिति में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से अंतिम किसान तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में अधिकारियों की जवाबदेही और संवेदनशीलता ही किसानों के हितों की सबसे बड़ी गारंटी है।

मंत्री ने मिलेट मिशन को व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए सभी जिलों में तीन दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जाए, ताकि कम पानी में उपज देने वाली फसलों को बढ़ावा मिल सके और किसानों की आय सुरक्षित रहे। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने संभावित सूखाड़ के मद्देनजर पशुओं में फैलने वाले रोगों की रोकथाम को लेकर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर व्यापक टीकाकरण अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही पशुपालकों को जागरूक करने और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

कृषि मंत्री ने उर्वरक की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की समीक्षा करते हुए बताया कि राज्य में गठित टास्क फोर्स द्वारा अब तक 436 छापेमारी की गई है। इस दौरान 11 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा एक मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में मंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है जिसने संभावित सूखाड़ को देखते हुए अपना आकस्मिक कार्ययोजना (कंटिन्जेंसी प्लान) केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया है। उन्होंने बताया कि यह योजना मई माह में ही तैयार कर ली गई थी और इसके प्रभावी क्रियान्वयन की लगातार समीक्षा की जा रही है।



### रिपोर्ट के अनुसार पलामू जिला सर्वाधिक प्रभावित

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री ने बताया कि एल-नीनो के प्रभाव के कारण राज्य में अब तक सामान्य से लगभग 54 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जो चिंता का विषय है। हालांकि सरकार ने समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार पलामू जिला सर्वाधिक प्रभावित है, जबकि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के कुछ जिलों में भी वर्षा की कमी दर्ज की गई है। वर्तमान में राज्य के लगभग 20 से 30 प्रतिशत क्षेत्र में ही बिचड़ा तैयार हो पाया है।

### नौ महीने से नियमित बीडीओ का इंतजार

# दोहरी जिम्मेदारी से बढ़ा प्रशासनिक दबाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** जिले के खलारी प्रखंड में अगस्त 2025 से नियमित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की पदस्थापना नहीं होने से प्रशासनिक कार्य प्रभावित होने लगे हैं। तत्कालीन बीडीओ के पदोन्नति के बाद स्थानांतरण होने के पश्चात अंचल अधिकारी प्रणवकुमार अम्बष्ट को ही बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एक ही अधिकारी पर दोनों महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी होने से विकास योजनाओं, राजस्व कार्यों तथा वर्तमान में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और जनगणना-2026 की तैयारियों का दबाव बढ़ गया है। बीडीओ के जिम्मे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, पंचायत विकास योजनाओं सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन होता है, जबकि अंचल अधिकारी भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, सीमांकन, अतिक्रमण, भू-अर्जन, राजस्व न्यायालय, आपदा प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन करते हैं। खलारी रांची जिले का प्रमुख कोयला औद्योगिक क्षेत्र है। यहां सीसीएल परियोजनाओं, औद्योगिक गतिविधियों, श्रमिक आंदोलनों तथा कानून-व्यवस्था पर लगातार नजर रखनी पड़ती है। इसके अलावा एसीसी को आवंटित माइनिंग लीज भूमि से जुड़े राजस्व मामलों की जिम्मेदारी भी अंचल प्रशासन पर है।

# मुआवजा नहीं मिला, छह से मधुकॉन कंपनी का काम बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा, केडीएच शाखा की बैठक शुक्रवार को बड़कीटांड जतरा स्थल में शाखा अध्यक्ष दामोदर गंझू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बड़कीटांड निवासी दिवंगत सुखदेव गंझू के आश्रितों को अब तक पूर्ण मुआवजा नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि लंबित मांगों पर समाधान नहीं हुआ तो 6 जुलाई से मधुकान कंपनी के कार्य को अनिश्चितकाल के लिए बंद कराया जाएगा। शाखा अध्यक्ष दामोदर गंझू एवं शाखा सचिव प्रभाकर गंझू ने बताया कि केडीएच स्थित सायलो परियोजना में मधुकान कंपनी के अधीन कार्य करने के दौरान पिछले वर्ष नवंबर में दुर्घटना में सुखदेव गंझू की मौत हो गई थी।



घटना के बाद ग्रामीणों के आंदोलन और कंपनी का काम बंद कराने के पश्चात हुई वार्ता में मृतक के आश्रितों को मुआवजा, रोजगार तथा बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने पर सहमति बनी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि समझौते के करीब नौ महीने बाद भी आश्रित परिवार को पूरा मुआवजा नहीं दिया गया है। इस संबंध में रैयत विस्थापित मोर्चा ने मधुकान कंपनी को पत्र देकर 15 दिनों के भीतर मुआवजा भुगतान करने की मांग की थी तथा चेतावनी दी थी कि ऐसा नहीं होने पर कंपनी का कार्य बंद कराया जाएगा। आरोप है कि निर्धारित अवधि बीत जाने के बावजूद कंपनी की ओर से न तो मुआवजा दिया गया और न ही कोई वार्ता की गई। इसके बाद ग्रामीणों ने 6 जुलाई से कंपनी का कार्य अनिश्चितकालीन बंद कराने का निर्णय लिया।

### डायन-बिसाही के संदेह में वृद्धा की हत्या

**खूंटी।** सायको थाना क्षेत्र के किताहातु गांव में 75 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे डायन-बिसाही का अंधविश्वास सामने आया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून से सना बांस का डंडा और पत्थर बरामद कर लिया है। शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बताया कि गुरुवार को किताहातु गांव निवासी एतवारी देवी (75) की घर में सिर पर किसी कड़े और भोथरे वस्तु से वार कर हत्या कर दी गई थी। मृतका के पुत्र बिरसा मुंडा के आवेदन पर सायको थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले के उद्भेदन के लिए खूंटी एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

### पहली बार लगा ड्राइविंग लाइसेंस शिविर

**लापुंग।** ग्रामीणों को ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा उनके पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला परिवहन कार्यालय, रांची की ओर से लापुंग प्रखंड के ककरिया पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय, ककरिया में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर आयोजित इस शिविर में ककरिया, देवगांव और लतरातु पंचायत के ग्रामीणों के लिए पहली बार स्थानीय स्तर पर लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर में ऑनलाइन आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं और दर्जनों आवेदकों को ऑन-द-स्पॉट लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार के निर्देश पर मोटर यान निरीक्षक राहुल सिद्धार्थ, रोड सेफ्टी इंजीनियर गौरव कुमार तथा जिला परिवहन कार्यालय की टीम ने लाइसेंस निर्माण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई।

# इन्यूमेरेशन फार्म तुरंत भरकर वापस करें : प्रणव अम्बष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार में शुक्रवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणवकुमार अम्बष्ट की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में प्रतिनियुक्त सभी स्वयंसेवकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वयंसेवकों को एसआईआर अभियान के दौरान उनके दायित्व, कर्तव्य तथा इन्यूमेरेशन (गणना) फार्म भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में स्वयंसेवकों को इन्यूमेरेशन फार्म भरवाने, एएसडीडी सूची तैयार करने, बीएलए-2 की बैठक आयोजित कराने तथा ऐसे मतदाताओं की सहायता करने का निर्देश दिया गया, जिनका नाम पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण में दर्ज नहीं हो सका था। निर्वाचन शाखा के कंप्यूटर आपरेटर योगेश प्रसाद ने प्रशिक्षण देते हुए फार्म भरने की प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। प्रणवकुमार अम्बष्ट ने खलारी के सभी मतदाताओं से अपील की कि संबंधित बूथ के बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया गया इन्यूमेरेशन फार्म उसी दिन सही-सही भरकर संबंधित बीएलओ को वापस कर दें। साथ ही पावती प्राप्त कर उसकी एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।



# भाजपा को विकास नहीं, हर मुद्दे में राजनीति दिखती है : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जो व्यक्ति खुद स्वास्थ्य विभाग में घोटाले का आरोपी है उसे दूसरे को नसीहत देने से बचना चाहिए।



कांग्रेस महासचिव लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि गठबंधन सरकार वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रांची में 4000 करोड रुपए से अधिक की लागत से पूर्वी भारत में सबसे बड़े सरकारी अस्पताल स्थापना की दिशा में कदम बढ़ा रही है ,लेकिन स्वास्थ्य जैसे मामलों में भी भाजपा नेताओं को सिर्फ राजनीति नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कामकाज पर उसे व्यक्ति द्वारा आरोप लगाया जा रहा है जिनके कार्यकाल में झारखंड में कई बड़े घोटाले हुए और भाजपा नेताओं की ओर से उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है ।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि झारखंड सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है इसके तहत राज्य के छोटे प्रखंडों में बीडीओ या सीओ में से एक ही अधिकारी को विकास और राजस्व सेवा की जिम्मेदारी दी जाएगी। नई व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले भाजपा नेता को यह जानना चाहिए कि झारखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी दोनों ही झारखंड प्रशासनिक सेवा से चयनित होकर आते हैं। ऐसे में झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के प्रशिक्षण को लेकर सवाल उठाना जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रशासनिक सेवा से आने वाले कई अधिकारी एसडीओ से लेकर डीसी तक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी सेवा देते हैं ।ऐसे में इन अधिकारियों की क्षमता पर सवाल उठाने कहीं से भी उचित नहीं है ।

गठबंधन सरकार में एकजुटता के सवाल पर लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा की ओर से सरकार को अस्थिर करने की कई तरह से कोशिश की जा रही है।

### पड़हा के नाम पर सदानों की जमीन कब्जाने का विरोध

# जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, न शासन हमारी बात सुनेगा न प्रशासन : प्रवीण सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** जिले के विभिन्न पड़हा के नाम पर कुछ लोगों द्वारा अलग-अलग गांवों की जमीन पर कथित रूप से जबरन हल चलाने, खेती करने, भूमि पर कब्जा करने तथा जमीन मालिकों के साथ मारपीट और धमकी की घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव स्थित महादेव मंडा बगीचा में हिंदू समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने इन घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास बताया और आदिवासी-सदान एकता बनाए रखने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह ने कहा कि जब तक समाज एकजुट नहीं होगा, तब तक न शासन उनकी बात सुनेगा और न ही प्रशासन। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ धर्मांतरित लोग वर्षों से चली आ रही आदिवासी-सदान एकता को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके अनुसार भूमि पर कब्जे की नीयत से तथा आदिवासी और गैर-आदिवासियों के बीच मतभेद पैदा करने के उद्देश्य से ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग संविधान और कानून में विश्वास रखते हैं, लेकिन किसी भी प्रकार का संगठित अपराध स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरना और सनातन समाज की पारंपरिक एकता

## दृष्टिपात

### हरिराम बाबू के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने जताया गहरा शोक

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक हरिराम बाबू के निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी स्थाई आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के. राजू, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव और झारखंड के सह प्रभारी श्री बेला प्रसाद तथा पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, डीएन चमपिया, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, रबिन्द्र सिँह, संजय लाल पासवान, सूर्यकान्त शुक्ला सुमित शर्मा,ने गहरा शोक व्यक्त किया है। झारखंड प्रभारी के. राजू ने अपने शोक संदेश में कहा कि हरिराम बाबू कांग्रेस परिवार के समर्पित सिपाही थे उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा, सामाजिक न्याय और कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने में समर्पित किया। उनका निधन पार्टी एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हरिराम बाबू एक अनुभवी, सरल और जनप्रिय नेता थे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने तथा आम जनता की आवाज को सदैव बुलंद करने का कार्य किया। उनका योगदान कांग्रेस परिवार सदैव याद रखेगा। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हरिराम बाबू का निधन व्यक्तिगत रूप से भी उनके लिए अत्यंत दुखद है।

### नवाडीह-गणेशपुर पुल दे रहा बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण



**चान्हो।** नवाडीह–गणेशपुर मार्ग पर स्थित पुल की जर्जर स्थिति स्थानीय लोगों के लिए लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। इस पुल से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बच्चों से भरी वैन का भी आवागमन होता है। पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। इसी गंभीर समस्या को लेकर मंगलवार को चान्हो भाजपा का एक शिष्टमंडल मंडल अध्यक्ष शालिक राम पाण्डेय के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से मिला और पुल की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। शिष्टमंडल ने मांग की कि पुल के प्रभावित हिस्से में गार्ड वॉल (सुरक्षा दीवार) का शीघ्र निर्माण कराया जाए तथा लगभग 50 फीट पीसीसी सड़क बनाकर मार्ग को सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाए। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि समय रहते आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

### सामूहिक दुष्कर्म मामले का एक और आरोपी गिरफ्तार

**मांडर।** थाना कांड संख्या 58/2026 में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुभाष उरांव (22), पिता सुरेन्द्र उरांव उर्फ सुलेन्द्र उरांव, निवासी ग्राम करगे, थाना मांडर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। 6 जून 2026 को एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। पीड़िता की शिकायत पर थाना में बीएनएस की धारा 70(1) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक तीन चरणों में कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार, सुभाष उरांव इस कांड में अप्राथमिकी अभियुक्त था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में अभी एक आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अन्य तकनीकी साक्ष्य भी जुटा रही है। मामले में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

### पुनर्वास स्थल पर निर्माण कार्य में बाधा डालने का आरोप

- विस्थापित रैयत ने सीसीएल प्रबंधन को दी आंदोलन की चेतावनी

**पिपरवार।** सीसीएल की अशोक परियोजना से विस्थापित रैयत रंथु गंझु ने पुनर्वास के लिए आवंटित भूमि पर घर निर्माण में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए अशोक ओसीपी परियोजना पदाधिकारी को आवेदन सौंपा है। साथ ही मामले की सूचना पिपरवार थाना को भी देकर सुरक्षा की मांग की है। आवेदन में रंथु गंझु ने बताया कि वह ग्राम विजैन के खतियानी रैयत हैं और अशोक परियोजना के विस्तार के दौरान विस्थापित हुए थे। सीसीएल की पुनर्वास नीति के तहत 23 अगस्त 2018 को उन्हें कल्याणपुर पुनर्वास स्थल में खाता संख्या-1, प्लॉट संख्या-5 में पांच डिसमिल भूमि आवंटित की गई थी। आरोप है कि आवंटित भूखंड पर घर निर्माण शुरू करते ही संबंधित रैयत द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। निर्माणाधीन बाउंड्री और दीवार तोड़ी जा रही है तथा उनके साथ विवाद किया जा रहा है।

### मगध-संघमित्रा क्षेत्र के नए महाप्रबंधक का जनता मजदूर संघ ने किया स्वागत



**पिपरवार।** सीसीएल मगध-संघमित्रा क्षेत्र के नवनियुक्त महाप्रबंधक राजीव कुमार सिंह का जनता मजदूर संघ की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल केंद्रीय सचिव, जनता मजदूर संघ एवं सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविन्द्र नाथ सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर महाप्रबंधक राजीव कुमार सिंह का स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पिपरवार के डीएवी कल्याणपुर में वन महोत्सव मनाया गया

**पिपरवार।** सीसीएल की सीएसआर योजना के तहत संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर में शुक्रवार को ग्रीन डे एवं वन महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी बच्चे हरे रंग की पोशाक पहनकर विद्यालय पहुंचे और अपने साथ अमरूद, आम, पपीता सहित विभिन्न फलदार एवं फूलों के पौधे लेकर आए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने स्वयं पौधे लगाए, उनमें मिट्टी डाली तथा पानी देकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। पौधारोपण गतिविधि में बच्चों ने विशेष उत्साह और रुचि दिखाई। विद्यालय की प्राचार्या आभा खन्ना ने कहा कि ग्रीन डे मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति प्रेम, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

## धर्म-कर्म

### हनुमत मंदिर के वार्षिक महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

# कलश यात्रा में शामिल हुए भाजपा नेता सन्नी टोप्पो

- पारंपरिक वेशभूषा में सैकड़ों श्रद्धालु कलश लेकर सेमरा नदी पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो नवाटोली गांव में शुक्रवार को श्री श्री 108 हनुमत मंदिर के नवमी वार्षिक कलश यात्रा सह वेदी पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने शिरकत की और श्रद्धालुओं का हौसला बढ़ाया।



**सेमरा नदी से भरा गया पवित्र जल**

धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत नवाटोली स्थित हनुमत मंदिर प्रांगण से हुई। यहां से गाजे-बाजे और जय श्रीराम के नारों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी सैकड़ों महिला और पुरुष श्रद्धालु कलश लेकर सेमरा नदी पहुंचे। नदी तट पर पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र जल को कलश में भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः मंदिर प्रांगण लौटी, जहाँ विधि-विधान के साथ वेदी पूजन और घट स्थापना की गई। यात्रा के दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। पूरा मार्ग महावीरी झंडों और बजरंग बली की जय के उद्घोष से गूंजता रहा। कलश यात्रा और पूजन अनुष्ठान में शामिल होने के बाद उपस्थित श्रद्धांलुओं को संबोधित करते हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने क्षेत्र की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने समिति के सदस्यों और ग्रामीणों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

सन्नी टोप्पो ने अपने विशेष संबोधन में कहाः आज पुरियो नवाटोली की इस पावन भूमि पर आकर मेरा मन अत्यंत हर्ष और शांति से भर गया है। हमारे सनातन संस्कार और ऐसी धार्मिक परंपराएँ ही समाज को एक सूत्र में पिरोकर रखती हैं। प्रभु श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी का जीवन हमें सेवा, समर्पण और अनुशासन सिखाता है। आज के युवा समाज को संकटमोचन के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि कैसे विपरीत परिस्थितियों में भी संयम और साहस के साथ धर्म के मार्ग पर चला जाता है। उन्होंने आगे युवाओं और समाज को एकजुट होने का संदेश देते हुए कहाः धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये हमारे आपसी भाईचारे और सामूहिक शक्ति के प्रतीक हैं। आज जब हम सब यहाँ ऊंच-नीच और आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ कलश यात्रा में शामिल हुए हैं, यही हमारी असली ताकत है। हमें अपने गाँव, अपने बेड़ो प्रखंड और पूरे क्षेत्र के विकास के लिए इसी एकजुटता की जरूरत है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि क्षेत्र की जनता की सेवा और यहाँ के विकास के लिए मैं हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा।

# कोनिया क्षेत्र में हाथी की मौजूदगी, ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** मलकोको के कोनिया क्षेत्र में बुधवार को एक जंगली हाथी देखे जाने से आसपास के गांवों में लोगों के बीच सतर्कता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार हाथी पड़रिया, अल्पिटो और सतघरवा क्षेत्र के आसपास भी विचरण कर रहा है। वन विभाग की सूचना के अनुसार बरही एवं बरकट्ठा वन प्रक्षेत्र की टीम हाथी को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर वापस भेजने के प्रयास में जुटी हुई है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से हाथी के निकट नहीं जाने, उसे छेड़ने या भगाने का प्रयास नहीं करने की अपील की है।

ग्रामीणों को रात के समय विशेष सावधानी बरतने, बच्चों को अकेले बाहर नहीं भेजने तथा हाथी दिखने पर तत्काल वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचना देने को कहा गया है। वन विभाग ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

» हाथी पड़रिया, अल्पिटो और सतघरवा क्षेत्र के आसपास भी विचरण कर रहा है



## विशेष पहल 'प्रहरी' के तहत निरीक्षण

# चट्टी बाजार से रजरप्पा मोड़ तक एसपी ने की गश्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस की विशेष पहल 'प्रहरी' के तहत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने रजरप्पा थाना क्षेत्र के चट्टी बाजार से रजरप्पा मोड़ तक पैदल गश्ती कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्ती का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अड्डेबाजी पर रोक, छेड़खानी की घटनाओं की रोकथाम, अवैध पार्किंग हटाना, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना तथा आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। एसपी ने गश्ती के दौरान पुलिस पदाधिकारियों को क्षेत्र में नियमित रूप से सक्रिय रहने और आम लोगों से संवाद स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की दृश्य उपस्थिति बढ़ने से अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का माहौल बनता है। गौरतलब है कि रामगढ़ पुलिस ने 14 मई से विशेष अभियान 'प्रहरी' की शुरुआत की थी। इस अभियान के तहत जिले में 259 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिनमें 76 स्थान पैदल गश्ती, 114 स्थान अड्डेबाजी विरोधी अभियान तथा 69 स्थान एंटी क्राइम चेकिंग के लिए निर्धारित किए गए हैं। पिछले लगभग दो माह से इन सभी चिन्हित स्थलों पर समय और स्थान बदल-बदलकर नियमित रूप से पैदल गश्ती, अड्डेबाजी के खिलाफ अभियान और एंटी क्राइम चेकिंग चलायी जा रही है।

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान

# टीबी के मरीजों को मिली पोषण पोटली, नि:क्षय मित्र बने अधिकारी

- नागरिकों, संस्थाओं और उद्योगों से अधिक से अधिक संख्या में नि:क्षय मित्र बनने की अपील की गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा इलाजरत टीबी मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। अभियान के तहत इलाजरत टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज सहित जिले के वरीय अधिकारियों, चिकित्सकों एवं समाजसेवियों ने "नि:क्षय मित्र" बनकर अपने-अपने स्तर से मरीजों के लिए पोषण सहायता उपलब्ध कराई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रामगढ़, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारी दुलमी, सिविल सर्जन रामगढ़, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित कई पदाधिकारियों ने नि:क्षय मित्र के रूप में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

इसके अतिरिक्त डॉ. उदय श्रीवास्तव, डॉ. पल्लवी कौशल, डॉ. कुणाल कुमार जायसवाल, डॉ. दिनेश कुमार, कैंटीन संचालक उपेंद्र कुमार, संजय प्रसाद एवं वेदान्त ने भी स्वेच्छा से नि:क्षय मित्र बनते हुए अपने सहयोग की राशि नि:क्षय मित्र बैंक खाते में जमा कर मरीजों के पोषण एवं उपचार में सहयोग प्रदान किया। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से लड़ाई केवल दवा से नहीं, बल्कि पर्याप्त पोषण, सामाजिक सहयोग और जनभागीदारी से भी जीती जा सकती है।

## दृष्टिपात

### कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव मनोनीत किए गए मणिलाल चौधरी



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा निवासी मणिलाल चौधरी को हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी का नया जिला महासचिव मनोनीत किया है। जबकि बरकट्ठा उत्तरी मंडल का अध्यक्ष हेमराज प्रसाद तथा बरकट्ठा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बिरेंद्र पांडेय को बनाया गया है। जिनका मनोनयन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया है। हजारीबाग जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी पटेल ने सभी को मनोनयन पत्र सौंपते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता का लाभ कांग्रेस को मिलेगा। जानकारी हो कि इससे पूर्व बरकट्ठा प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में मणिलाल चौधरी अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में वह संगठन के लिए वरिष्ठ नेता की सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नये जिम्मेवारी सौंपें जाने पर मणिलाल चौधरी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का आयोजन 300 ब्लड सैंपल किया गया जमा



**बरकट्ठा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार के निरीक्षण में सेंटीनल साइट ग्राम बरकट्ठा साव टोला में फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तीन अलग-अलग टीमों के द्वारा मिलकर 20 वर्ष से ऊपर 300 ग्रामीणों का ब्लड सैंपल लिया गया । साथ ही सभी ग्रामीणों को यह जानकारी दी गई की फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है जो मच्छर के काटने से फैलता है ।इसलिए सभी लोग अपना खून जांच करवाये। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया प्रमिला देवी, बीटीटी प्रकाश पंडित , लैब टेक्नीशियन चंदन कुमार, परवेज हसन ,नीरज कुमार एमपीडब्ल्यू सुधीर कुमार पासवान, किशन राम ,वीरेंद्र कुमार सहिया दीदी सायरा खातुन समेत अन्य प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एनजीटी प्रभावी है, बिना अनुमति के बालू का खनन या परिवहन अवैध : सीओ



**बरही ।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के आलोक में बरही अंचल प्रशासन ने अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह पंचमाधव क्षेत्र में एक विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को रंगे हाथ पकड़ा गया, सीओ ने कहा कि राज्य में एनजीटी के नियम पूरी तरह प्रभावी हैं, जिसके तहत बिना अनुमति के बालू का खनन या परिवहन करना पूरी तरह प्रतिबंधित और गैर-कानूनी है।

### धनवार में साड़ी-धोती का हुआ वितरण



**बरही।** धनवार पंचायत के लठिया गांव स्थित जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान में लाभुकों के बीच साड़ी एवं धोती का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकार की योजना का लाभ प्राप्त किया ।इस अवसर पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचे, यह उनकी प्राथमिकता है।

### बरही के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित हुई अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी

**बरही।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस क्रम में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोल्हुआ कला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खैराटीला, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लश्करी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरीला तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमेदवाटांड में बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, प्रथम त्रैमासिक उपलब्धि, लर्निंग आउटकम, गृह कार्य, प्रोजेक्ट कार्य, नियमित उपस्थिति, अनुशासन, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कई अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों और जटिल पाठों को समझने में हो रही समस्याओं से शिक्षकों को अवगत कराया। शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों ने इन समस्याओं के समाधान के उपाय बताते हुए अभिभावकों को घर पर भी बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने का सुझाव दिया।

### केबी महिला महाविद्यालय के आदिवासी छात्रावास की समस्याओं पर एबीवीपी मुखर

**हजारीबाग/बरही।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को केबी महिला महाविद्यालय परिसर स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास पहुंचा और वहां व्याप्त समस्याओं का जायजा लिया। छात्रावास में रह रही छात्राओं ने पेयजल, सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं से प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया। एबीवीपी हजारीबाग विभाग संयोजक प्रभात कुमार ने कहा कि छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने बताया कि 200 से अधिक छात्राओं को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास की चारदीवारी पर्याप्त ऊंची नहीं होने के कारण सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। परिसर में जमा कचरे से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने जिला कल्याण विभाग और महाविद्यालय प्रशासन से शीघ्र समस्या समाधान की मांग की। परिषद ने कहा कि यदि जल्द आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो छात्रहित में आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## कांग्रेस कार्यालय में स्वागत समारोह आयोजित

# पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

- जिलाध्यक्ष की संगठनात्मक पहल की सराहना, एसआईआर अभियान में सहयोग की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को नवमनोनीत जिला पदाधिकारियों के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने की। इस अवसर पर नवमनोनीत नेताओं का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही उपस्थित कांग्रेसजनों ने जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, जिला महासचिव संतोष रजवार एवं दीपक गुप्ता तथा जिला सचिव सुनील कुमार, मो. जमीरउद्दीन और मनोज पासवान को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रखंड अध्यक्ष वारसी ने कहा कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी पटेल ने सभी वर्गों और समुदायों को संगठन में सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिया है। इससे संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सभी को साथ लेकर चलने की है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नवमनोनीत पदाधिकारियों के नेतृत्व में बरही प्रखंड में कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत और अधिक सशक्त होगी।

उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से झारखंड में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य व्यक्ति सूची से छूटे नहीं और कोई अयोग्य व्यक्ति सूची में शामिल न हो। इसके लिए बीएलओ को हरसंभव सहयोग करना आवश्यक है।

## बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक

# पंचायतों में चलाई जाने वाली योजनाओं की हुई समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बलकट्ठा।** प्रखंड कार्यालय सभागार बरकट्ठा में शुक्रवार को बीडीओ सह सीओ सुमन कुमार सौरभ ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा से भीबी ग्राम जी में तब्दील हुए योजना के बारे में जानकारी दी गई। वहीं प्रखंड के सभी पंचायतों का रिपोर्ट जैसे पीडी जनरेशन, ई केवाईसी, स्कीम कंप्लीशन, आफ्टर जियो टैग तथा सभी गांव में पांच योजना चलाने के लिए कड़ी हिदायत दी। साथ ही योजनाओं को एक सप्ताह में सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मुकेश यादव को निर्देश दिया कि जिस पंचायत में आज एक भी मजदुर का डिमांड नहीं है उस क्षेत्र के ग्राम रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण शीघ्र मांगा जाए। साथ ही पीएम आवास प्रखंड समन्वयक राधेश्याम यादव से पीएम आवास एवं अबूआ आवास योजना की समीक्षा किया। जिन लाभुकों का राशि भुगतान हो गया है और निर्माण कार्य शुरु नहीं किया है तो वैसे लाभुकों पर अविलंब आवास का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पंचायत सचिव विश्वजीत दुबे, नागेश्वर यादव,कैलाश कुशवाहा, प्रियंका कुमारी,राहुल महतो,गौरव सिंह बीएफटी दिलीप दास, गुलजार अली, उमेश प्रसाद, उदय चौधरी, संतोष शर्मा ग्राम रोजगार सेवक नारायण प्रसाद, रघुनंदन सिंह, विनोद राम, कनीय अभियंता अमित दुबे,यासिर हुसैन समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को शैक्षणिक किट का किया गया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा में समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक किट वितरित किया गया। मुखिया प्रमिला देवी एवं प्रधानाध्यापक रामकिशुन महतो ने छात्र, छात्राओं के बीच किट एवं नोटबुक का वितरण किया। जिसमें विद्यालय में अध्यनरत कक्षा एक से अष्टम तक के कुल 526 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। मुखिया प्रमिला देवी ने बच्चों को किट देते हुए मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सभी बच्चे प्रतिदिन साफ सफाई के साथ विद्यालय अवश्य आएं। इस अवसर पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद साव, उपाध्यक्ष रीना देवी, शिक्षक अरविंद प्रसाद, बिजय कुमार, इन्द्र साव, मनमोहन दास, मोहम्मद रुस्तम अहमद, मनोज कुमार, राघवेन्द्र लाल, हरिहर दास, धानेश्वर साव, शिक्षिका सावित्री देवी, उमा कुमारी, इन्दु देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थीं।

# जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 50 फरियादी की सुनी गईं समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में 'जनता दरबार' का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 50 लोगों अपनी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ बारी-बारी मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर उपस्थित हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मामलों के निष्पादन के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जनता दरबार में मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याएं, अबुआ आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना से जुड़ी शिकायतें, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज एवं दखल दिहानी के मामले, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, सड़क निर्माण सहित अन्य जन समस्याएं सामने आईं।प्रप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### चुट्टूपालू घाटी में दुर्घटनाएं रोकने को प्रशासन सख्त

**रामगढ़।** चुट्टूपालू घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रामगढ़ जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। गुरुवार को उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने एनएचएआई रांची के परियोजना निदेशक बिजय कुमार तथा एनएच-33 की तकनीकी टीम के साथ घाटी का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान दुर्घटना संभावित स्थलों का जायजा लेकर सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुर्घटनाओं के कारणों, सड़क की भौगोलिक स्थिति और यातायात के दबाव की समीक्षा की।

## जागरूकता | अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैंग मुक्त दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# पर्यावरण संरक्षण हमारा कर्तव्य: डॉ पूजा जायसवाल

- वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से व्याख्यान, शपथ ग्रहण और जागरूकता रैली निकाली गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** 3 जुलाई को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से व्याख्यान, शपथ ग्रहण एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान सत्र में डॉ. पूजा कुमारी जायसवाल, डॉ. विजय कुमार पाण्डेय एवं डॉ. धीरज कुशवाहा ने प्लास्टिक बैग के दुष्प्रभावों, पर्यावरण संरक्षण तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक के विकल्प अपनाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से कपड़े एवं जूट के थैलों का उपयोग करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह साह ने कहा प्लास्टिक-मुक्त समाज का निर्माण जनभागीदारी से ही संभव है। प्रत्येक नागरिक को कपड़े या जूट के थैले के उपयोग की आदत विकसित करनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक बैग का उपयोग बंद करने का संकल्प ले, तो हम स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकते हैं। कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एकल-उपयोग प्लास्टिक से दूरी बनाकर तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार , परीक्षा नियंत्रक प्रो( डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभाग के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने की शपथ ली। इसके पश्चात विश्वविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को प्लास्टिक-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### रोजगार, शिक्षा और राजनीति में आबादी के अनुसार आरक्षण लागू करने की मांग

# ओबीसी आरक्षण बहाली की मांग, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

- **27 प्रतिशत आरक्षण, पेसा अधिकार और जनगणना में ओबीसी कॉलम शामिल करने की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला पिछड़ी जाति संघर्ष समिति, सिमडेगा ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर पिछड़ी जाति समुदाय के अधिकारों और आरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। समिति का कहना है कि दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कई जिलों में ओबीसी समुदाय को नौकरी, राजनीति और पेसा कानून के तहत पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है।ज्ञापन में बताया गया कि सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी और रांची समेत कई जिलों में पिछड़ी जाति के लोग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हैं। समिति ने दावा किया कि झारखंड गठन के बाद कई क्षेत्रों में पहले से मिल रहे 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ समाप्त होने से रोजगार के अवसर प्रभावित हुए हैं।समिति ने पेसा कानून में ग्राम स्तर पर ओबीसी समुदाय को अधिकार देने, आगामी जनगणना में ओबीसी कॉलम शामिल करने तथा परिसीमन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में आबादी के आधार पर आरक्षण लागू करने की भी मांग की। ज्ञापन में सभी जिलों में 27 प्रतिशत या आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित करने की अपील की गई है।ज्ञापन पर समिति के मुख्य संरक्षक जगदीश साहू, अध्यक्ष रामजी यादव, महासचिव बजरंग प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। समिति ने राज्यपाल से मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

# खिलाड़ियों के हित में कई अहम फैसलों पर लगी मुहर

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला संचालन समिति एवं जिला स्टेडियम प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में खेल सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों के हितों की सुरक्षा और खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में बाजारटांड़ स्थित बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संचालित पे एंड प्ले योजना के तहत बैडमिंटन और जिम के शुल्क में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही खेल विभाग के डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के 11 प्रशिक्षकों का सेवा विस्तार स्वीकृत किया गया।जिले में खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए 12 नए डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र खोलने की अनुशंसा की गई। वहीं अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के पवेलियन के नीचे स्थित दुकानों का संचालन स्टेडियम प्रबंधन समिति के माध्यम से कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सत्यापन कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हाई-मास्ट लाइट लगाने का प्रस्ताव भेजने तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ छात्रावास और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में निर्माणाधीन स्टेडियमों की 15 दिनों के भीतर जांच कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।बैठक में जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद, हॉकी प्रशिक्षक तारिणी कुमारी, एथलेटिक्स प्रशिक्षक दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## घटिया निर्माण देखकर जिप अध्यक्ष नाराज, काम रुकवाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने बानो प्रखंड के हुरदा-जमतई पंचायत में जिला परिषद मद से बन रहे जिला परिषद कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य भूमि पूजन के बिना शुरू कर दिया गया है। साथ ही निर्माण में उपयोग की जा रही ईंटों की गुणवत्ता भी खराब मिली, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई।उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों और संवेदक को फटकार लगाते हुए तत्काल निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया। जिप अध्यक्ष ने कहा कि जनता के पैसे से होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही किए जाएं।रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन विभागीय लापरवाही से सरकार की छवि खराब हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोबारा अनियमितता मिली तो संबंधित अधिकारियों और संवेदक के खिलाफ विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान तोरपा विधायक प्रतिनिधि तनवीर हसन, पंचायत अध्यक्ष जोलेन जोजो तथा अन्य जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए डीसी को आमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** 25 जुलाई से शुरू होने वाले 27वें अंतरराज्यीय वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को टूर्नामेंट आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिले की उपायुक्त कंचन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बुके भेंट कर सम्मानित किया तथा टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया।उपायुक्त कंचन सिंह ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।मुलाकात के दौरान आयोजन समिति की ओर से टूर्नामेंट की तैयारियों एवं आयोजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर आयोजक राजेश कुमार सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष पतरस एक्का, पूर्व विधायक बसंत लौंगा, विकास साहू अजीत नवरंगी, वीरेंद्र सिंधिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## सिमडेगा में साइबर अपराधों की जांच को लेकर दो दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिमडेगा के सभागार में विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 3 एवं 4 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जाएगा।प्रशिक्षण का संचालन साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेटर एवं ब्लकट्रानिक इन्वेस्टिगेशन लैब के डायरेक्टर ईशान सिन्हा द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप, डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण एवं संरक्षण, तकनीकी इंटेलिजेंस, डिजिटल फॉरेंसिक, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की जांच तथा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं अनुसंधान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में वरीय पुलिस उपाधीक्षक , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न अंचलों के पुलिस निरीक्षक, जिले के सभी थाना एवं ओपी प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को साइबर अपराधों की जांच में उपयोग होने वाली नवीनतम तकनीकों, आधुनिक डिजिटल उपकरणों और अनुसंधान के प्रभावी तरीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। साथ ही उनकी तकनीकी दक्षता बढ़ाकर साइबर अपराधों के त्वरित एवं प्रभावी अनुसंधान को सुनिश्चित करना है। इस दौरान सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग दैनिक पुलिस कार्यों और साइबर अपराधों की विवेचना में करने का आह्वान किया गया।

## व्यापारियों की शंकाओं का समाधान, समय पर पंजीकरण कराने की अपील की गई

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** स्थानीय आनंद भवन धर्मशाला में शुक्रवार को व्यापारियों एवं व्यवसायियों की सुविधा के लिए विशेष जीएसटी एवं जेपीटी पंजीकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में व्यापारी पहुंचे और जीएसटी व जेपीटी से संबंधित जानकारी प्राप्त की।शिविर में जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों की शंकाओं का समाधान किया तथा जीएसटी पंजीकरण, रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, विभागीय नियमों और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पात्र व्यापारियों को आवश्यक पंजीकरण कराने के लिए भी प्रेरित किया गया।जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर अजय विस्तार पन्ना ने बताया कि झारखंड में नौकरी करने वाले अथवा किसी व्यवसाय या पेशे से जुड़े व्यक्तियों पर राज्य सरकार द्वारा पेशेवर कर लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पेशेवर कर की राशि आय वर्ग के अनुसार 1,200 रुपये से 2,500 रुपये प्रति वर्ष तक निर्धारित है, जबकि अधिकतम पेशेवर कर 2,500 रुपये है। उन्होंने बताया कि जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये या उससे अधिक है, वे इस कर के दायरे में आते हैं।अधिकारियों ने व्यापारियों से समय पर पंजीकरण कराने और सभी कर संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी या वित्तीय परेशानी का सामना न करना पड़े। शिविर के दौरान व्यापारी लगातार आनंद भवन पहुंचकर विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते रहे।

### गिरजाटोली में 25 केवीए का लगा नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को मिली राहत

**बानो।** बानो प्रखंड के कोनसोदे गिरजाटोली गांव में खराब पड़े 10 केवीए ट्रांसफार्मर की जगह 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। बताया गया कि तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया की पहल और विधायक प्रतिनिधि तनवीर हुसैन के समन्वय से बिजली विभाग ने नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण कई दिनों से बिजली संकट झेल रहे थे और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। ग्रामीणों ने विधायक सुदीप गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि जगदीश बागे, तनवीर हुसैन तथा झामुमो कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## वन भूमि पर प्रस्तावित निर्माण रोकने की मांग, डीएफओ को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड के नानसेरा स्थित टोंगरी क्षेत्र की वन विभाग की भूमि पर प्रस्तावित चबूतरा निर्माण कार्य रोकने की मांग को लेकर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने शुक्रवार को जिला वन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि मौजा नानसेरा के खाता संख्या 188, प्लॉट संख्या 2116 की भूमि राजस्व अभिलेखों में वन विभाग के नाम दर्ज है। इसके बावजूद वहां चबूतरा निर्माण की तैयारी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि यदि भूमि वन विभाग की है, तो बिना विभागीय अनुमति और कानूनी प्रक्रिया पूरी किए किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण नहीं होना चाहिए। श्रद्धानंद बेसरा ने डीएफओ से मामले की जांच कराए जाने, जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य पर रोक लगाने तथा वन भूमि पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की।

**कार्यक्रम** डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में अभिभावक-शिक्षक बैठक

# बच्चों की शिक्षा व अनुशासन पर दिया गया जोर

- **स्कूल के आसपास तंबाकू, गुटखा और सिगरेट बिक्री की सूचना प्रशासन को देने की अपील**
- **हेलमेट पहनकर बच्चों को स्कूल लाने का आग्रह**

**नवीन मेल संवाददाता**






**सिमडेगा।** डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सिमडेगा में शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और अभिभावकों का मिलकर कार्य करना आवश्यक है। सहायक शिक्षक एवं एनसीसी अधिकारी सत्यजीत कुमार ने नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा आकाशीय बिजली से बचाव पर जानकारी दी। उन्होंने विद्यालयों के आसपास तंबाकू, गुटखा और सिगरेट की बिक्री रोकने के लिए अभिभावकों से प्रशासन को सूचना देने की अपील की तथा हेलमेट पहनकर ही बच्चों को स्कूल लाने का आग्रह किया।शिक्षिका एलिस जस्टिन कल्लू ने 75 प्रतिशत उपस्थिति, समयपालन और पूर्ण यूनिफॉर्म की अनिवार्यता पर जोर दिया। शिक्षक सुमंत कुमार सिंह ने रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज समय पर तैयार रखने और एसआईआर की जानकारी दी। वहीं शिक्षक अजीत कीड़ो ने मासिक RAIL परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे बच्चों के बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।बैठक में अभिभावकों ने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से विद्यालय की सूचनाएं साझा करने का सुझाव दिया। अंत में अभिभावकों को विद्यालय की प्रयोगशालाओं एवं अन्य सुविधाओं का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, कर्मचारी और अभिभावक उपस्थित रहे।

## दृष्टिपात

### बानो में किसानों को आधुनिक खेती और जल प्रबंधन की दी गई जानकारी




**बानो।** बानो प्रखंड में शुक्रवार को कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मिलेट मिशन, तिलहन एवं दलहन की खेती, किसान क्रेडिट कार्ड ऋण, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, फसल चक्र अपनाने, संतुलित उर्वरक के उपयोग और नकदी फसलों खेती के बारे में जागरूक किया गया।गोष्ठी में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस वर्ष अल नीनो के कारण सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना को देखते हुए किसानों को जल संरक्षण एवं पानी के बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों का चयन करने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर खेती करने की अपील की।कार्यक्रम में कृषि विभाग के एटीएम, कृषक मित्र तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### रौतिया समाज की बैठक में शिक्षा, एकता और सामाजिक सुधार पर जोर

**बानो।** प्रखंड के बादलुंग गांव में रौतिया समाज की सामाजिक बैठक सह रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता फागु साय ने की। इस दौरान समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह ने कहा कि समाज के विकास के लिए सभी लोगों को संगठित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और आपसी भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में समाज को मजबूत बनाने तथा विभिन्न विकासात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह, सचिव उमाशंकर सिंह, रामकिशोर सिंह, लीलावती देवी, जगतनारायण साय, एतवारी देवी, योगेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### केरसई पुलिस ने 12 गोवंशीय पशुओं से भरा पिकअप वैन किया जब्त, आरोपी फरार



**सिमडेगा।** पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के बनडेगा से टैंसेर होते हुए एक सफेद रंग की पिकअप वैन में अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं को सिमडेगा लाया जा रहा है। सूचना थी कि इन पशुओं को हत्या कर मांस बनाने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने शुक्रवार को केरसई थाना क्षेत्र के टैंसेर गांव में कार्रवाई करते हुए ओडिशा नंबर OD23G-3067 की बोलेरो पिकअप को जब्त कर लिया।वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 12 गोवंशीय पशु, जिनमें 6 गाय और 6 बैल शामिल थे, बरामद किए गए। सभी पशुओं को सुरक्षित कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।इस मामले में केरसई थाना में भारतीय न्याय संहिता, झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम, 2005 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, वाहन चालक और अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### पोढ़ाटोली में 1120 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड की कोलेबिरा पंचायत स्थित पोढ़ाटोली गांव में जिला अनाबद्ध मद से बनने वाले 1120 फीट लंबे पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह सड़क पीटर टेटे के घर से कालीकरण सड़क तक बनाई जाएगी। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी की अनुशंसा पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी और सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया ने संयुक्त रूप से आधारशिला रखी।ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दौरान सड़क की खराब स्थिति के कारण आवागमन और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी होती थी। विधायक से मांग किए जाने के बाद अब सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों में खुशी है।मौके पर सुनील खड़िया ने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास प्राथमिकता है। राकेश कोनगाड़ी ने भी कहा कि विधायक लगातार ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी, विभागीय जेई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के पास बने वॉटर टैंक की गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच की मांग



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा पंचायत स्थित टांगर टोली और लचरागढ़ ब्राह्मण टोली के आंगनबाड़ी केंद्रों के पास बन रहे वॉटर टैंकों का कांग्रेस नेताओं ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि टैंक की स्लैब में पहले से ही दरारें और टूट-फूट दिखाई दे रही हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी संवेदक पर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि निर्माण में अनियमितता पाई गई और कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा। मौके पर कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बुरूहोंजर गांव में जंगली हाथियों का तांडव, दो घर क्षतिग्रस्त, अनाज भी किया बर्बाद



**बानो।** बानो प्रखंड के उकौली पंचायत स्थित बुरूहोंजर गांव में जंगली हाथियों ने गुरुवार रात जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने सालन समद और चावना समद के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घर में रखा अनाज भी खा लिया, जिससे दोनों परिवारों को भारी नुकसान हुआ। घटना के दौरान ग्रामीण पूरी रात दहशत में रहे और मशाल व शोर-शराबे की मदद से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने में सफल हुए। सूचना मिलने पर मुखिया कृपा हेमरोम मौके पर पहुंचीं और वन विभाग को घटना की जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने नुकसान का आकलन कर मुआवजा प्रक्रिया के लिए प्रतिवेदन तैयार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा और हाथियों के बढ़ते आतंक पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है।

# दृष्टिपात

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूनाइटेड किंगडम रवाना

**रांची।** 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम कल रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यूनाइटेड किंगडम के अपने एक्सपोजर दौरे के लिए रवाना हुई। यह दौरा 5 से 14 जुलाई 2026 तक निर्धारित है। इस 24 सदस्यीय टीम में हमारे झारखंड के भी चार खिलाड़ी निशा मिंज, पार्वती टोपनो, बिनिमा धान और रोशनी आईड सामिल है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के नए मुख्य कोच टिम व्हाइट के नेतृत्व में, टीम आगामी जूनियर एशिया कप सहित महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियों के तहत स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में सात मैच खेलेगी।

## रोजगार मेले में 82 युवाओं का ऑन-द-स्पॉट चयन, उपायुक्त ने बांटे ऑफर लेटर

**खूंटी।** जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर की ओर से शुक्रवार को कचहरी मैदान में एकदिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 25 से अधिक प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने भाग लिया और विभिन्न पदों के लिए 82 योग्य अभ्यर्थियों का ऑन-द-स्पॉट चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गईं। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया और उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश मौजूद थे। जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए रोजगार मेले के उद्देश्य और गतिविधियों की जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने की प्रभावी पहल है। सरकार युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से अपने कौशल का विकास कर उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने और, एलआईसी सहित 25 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने स्टॉल लगाए और अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया।

## लोकतंत्र में सरकार और मीडिया के बीच निरंतर संवाद बेहद जरूरी : महानिदेशक

**पूर्वी सिंहभूम।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), रांची की ओर से शुक्रवार को जमशेदपुर स्थित गोलमुरी स्थित एक होटल में 'वार्तालाप-2026' मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के एवं किसान सशक्तिकरण तथा किसान सम्मान निधि" विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में पूर्वी सिंहभूम सहित आसपास के जिलों के करीब 70 पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कृषि क्षेत्र में किए गए सुधारों और विकसित भारत-2047 के संकल्प से जुड़े विषयों पर मीडिया के साथ सार्थक संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम में पीआईबी रांची/भुवनेश्वर के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार और मीडिया के बीच निरंतर संवाद बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के माध्यम से जनहितकारी योजनाओं की सही और प्रमाणिक जानकारी आम लोगों तक पहुंचती है।

## 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता

**रांची।** 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय एवं एनएसएस इकाई के तत्वावधान में एक निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सांख्यिकी के महत्व तथा राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 2026 की थीम के अनुरूप अपने ज्ञान, रचनात्मकता तथा विश्लेषणात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में एनएसएस यूनिट-2 की स्वयंसेविका श्रुति कुमारी ने अपने उत्कृष्ट लेखन, विषय की गहन समझ तथा प्रभावशाली प्रस्तुति के बल पर तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। उन्हें इस उपलब्धि पर मारवाड़ी कॉलेज, रांची के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार, एनएसएस पो० श्री अनुभव चक्रवर्ती यूनिट 2, डॉ राहुल कुमार द्वारा प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## 4-5 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, दही-हांडी प्रतियोगिता व झांकी बनेगी आकर्षण का केंद्र

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के सानिध्य में इस वर्ष 4 और 5 सितंबर को अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड में भव्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पिछले 16 वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जिसमें इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि 4 सितंबर को बाल झांकी एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जबकि 5 सितंबर की संध्या 7 बजे से दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता, भजन संध्या तथा भव्य नृत्य-नाटिका का आयोजन किया जाएगा। समिति के संरक्षक एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मंत्री सी.पी. सिंह तथा अजय मारू ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर है और ऐसे आयोजन सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पूर्वी भारत की झांकियां और दही-हांडी प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से तैयारी में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरज कुमार, रविंद्र मोदी, ऐश्वर्य सेठ, कुणाल आजमानी, राज वर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# रिम्स परिसर में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान का उद्घाटन

- मरीजों को मिलेगा विश्वस्तरीय इलाज

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और विधायक सुरेश बैठा ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) परिसर में बने क्षेत्रीय नेत्र संस्थान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रिम्स के प्रभारी निदेशक डॉ. दीपेंद्र कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस संस्थान के शुरू होने से राज्य के मरीजों को अब आंखों के जटिल ऑपरेशन, मोतियाबिंद, रेटिना संबंधी बीमारियों और कॉर्निया ट्रांसप्लांट जैसी सुविधाओं के लिए दिल्ली या चेन्नई जैसे महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यह सुविधा रिम्स में ही उपलब्ध कराई जाएगी।

उद्घाटन के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय नेत्र संस्थान झारखंड के गरीब मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। यहां अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रिम्स को देश के शीर्ष अस्पतालों की श्रेणी में लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि यह संस्थान ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के मरीजों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और गरीब मरीजों को अब इलाज के लिए लंबा इंतजार या बाहर जाने की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती मिलेगी।

रिम्स के प्रभारी निदेशक डॉ. दीपेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि यह संस्थान रिम्स परिवार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि यहां अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ मरीजों को बेहतर और सुविधाजनक इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करना है ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### रिनपास के प्रभारी निदेशक ने कहा

# संस्थान की छवि धूमिल करने की हो रही साजिश, सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी

**पिठोरिया।** कांके स्थित रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो-साइकियाट्री एंड एलाइड साइंसेज (रिनपास) के प्रभारी निदेशक डॉ जयति शिमलई ने संस्थान को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि रिनपास देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठत मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में से एक है, जो लगभग एक शताब्दी से सेवा, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान के सभी निर्णय निर्धारित नियमों, पारदर्शी प्रक्रियाओं और सक्षम प्राधिकारों के अनुमोदन के तहत लिए जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग सुनियोजित तरीके से संस्थान और उनकी व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ शिमलई ने बताया कि स्थायी निदेशक की नियुक्ति के लिए दो बार विज्ञापन और चयन प्रक्रिया के साथ साक्षात्कार आयोजित किए गए, लेकिन निर्धारित मानकों के अनुरूप उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण नियुक्ति नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि नियुक्ति के प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्थान में सेवा नियमावली को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है तथा सभी संवर्गों के लिए एकीकृत सेवा नियमावली तैयार की जा रही है, जिसे राज्य मंत्रिपरिषद की मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा। निविदा एवं खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बताते हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्य क्रय समिति और प्रबंधन समिति की निगरानी में नियमों के अनुसार किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत गठित समितियों के माध्यम से ही सभी निर्णय लिए जाते हैं। संस्थान में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर आधारभूत संरचना के उन्नयन, भवनों के जीर्णोद्धार और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान और आधुनिक उपचार सुविधाओं का संचालन शामिल है।



## 65वीं रांची जिला सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता

**रांची।** 65वीं रांची जिला सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन रांची जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने गुब्बारे उड़ाकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में रांची जिले के सभी 19 प्रखंडों की अंडर-15 बालक टीमों ने भाग लिया। पूरे टूर्नामेंट में कांके मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल, बेहतरीन टीमवर्क और शानदार कौशल का प्रदर्शन करते हुए लगातार सभी मुकाबलों में विजय हासिल की। फाइनल मुकाबले में विद्यालय की टीम ने सेंट जॉन स्कूल को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से पराजित कर 65वीं रांची जिला सुब्रतो कप अंडर-15 बालक वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया।

विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्री आनंद प्रकाश मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है।

### शांतिपूर्ण मोहर्रम आयोजन

# पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित कर समितियों ने जताया आभार



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** महावीर मंडल समिति, धवताल अखाड़ा, सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि, राँची महानगर मोहर्रम कमिटि, लीलु अली अखाड़ा एवं केन्द्रीय शांति समिति के पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों द्वारा मुहर्रम-2026 के शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में सफल आयोजन के उपलक्ष्य में राँची के वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक (नगर), पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा पुलिस अधीक्षक (यातायात) को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका, तत्परता एवं प्रभावी विधि-व्यवस्था प्रबंधन के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची ने भी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण समापन के लिए सभी समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहभागिता, सहयोग और सक्रियता की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

इस प्रतिनिधि मंडल में महावीर मंडल समिति, राँची के पूर्व अध्यक्ष श्री जयसिंह यादव, मयंक गिरि, प्रमुख अखाड़ा धवताल के खलीफा महफुज गद्दी, लीलु अली अखाड़ा के खलीफा सहजाद खलीफा, सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि के सरपरस्त साहब अली, धवताल अखाड़ा के अध्यक्ष कादीर गद्दी, सचिव अफसर गद्दी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डूरंड कप-2026 के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची में पहली बार आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 के सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर आज जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त राँची श्री मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक (यातायात), अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), उप निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, जिला नजारत उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, मेजर आनंद प्रकाश सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री भजंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए टूर्नामेंट के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं आपातकालीन सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची।**

Industrial Training Institute | Skill India कौशल भारत - कुशल भारत

सूचना संख्याः–54राँची, दिनांकः–03/07/2026

**शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक– 623, दिनांक– 30/05/2026 के अनुपालन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची के शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में NCVT से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों (महिला सहित) से आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है, जिसे DGT के पत्रांकः–DGT-HC044/3/2026-O/o DIR(TC)(E-77334), दिनांक :–19/06/2026 एवं निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक– 740, दिनांक– 25/06/2026 के आलोक में आंशिक संशोधित किया जाता है।

1. महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| क्र०सं० | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 01/06/2026 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 15/07/2026 |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 20/07/2026 पूर्वाह्न 12:00 बजे |

शेष कण्डिकाएँ यथावत रहेगी।

ह०/–
प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची।

PR.NO.383894 Labour Employment and Traning(26-27):D



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड**
**कार्यालय, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, राँची**

सामयिक सूचना अंकः 02/2026

**धान में बीजोपचार**

प्रिय किसान बंधुओं,

धान झारखण्ड की मुख्य खरीफ फसल है, जिसकी खेती सर्वाधिक किसानों द्वारा की जाती है। आवश्यक है कि धान की स्वस्थ्य और उत्तम नर्सरी तैयार हो, ताकी फसल से अच्छा उत्पादन प्राप्त हो सके। इस लिए बीजो को उपचारित कर लगाने की अनुशंसा की जाती है। मिट्टी एवं बीज में उपस्थित रोग कारक फसल को रोगी बनाते है, जिससे फसल की उपज में कमी होती है। यदि इन रोग कारकों को पूर्व में ही नष्ट कर दिया जाय तो फसल में रोग होने की संभावना कम हो जाती है। इसके लिए बीज लगाने से पूर्व अनुशंसित रसायन को बीज में मिलाया जाता है। बीजों में रसायन का मिलाना ही बीजोपचार है। बीजोपचार प्रक्रिया अत्यंत सस्ती एवं सरल है, जिसके द्वारा अल्प श्रम एवं व्यय से बहुत बड़े क्षेत्र की फसल को बचाया जा सकता है। अतः बीज लगाने से पूर्व बीजोपचार कराना न भूलें।

**बीजोपचार क्यों ?**

1. बीजजनित रोगों से सुरक्षा।
2. बीज सड़न में कमी।
3. बेहतर अंकुरण।
4. जड़ में वृद्धि।
5. प्रतिरोधी क्षमता का विकास।
6. स्वस्थ एवं सुदृढ़ फसल।
7. उत्पादन में वृद्धि।

**धान में बीजोपचार की विधि –**

1. यदि पिछली फसल के बीजो का उपयोग कर रहे है तो 500 गाम नमक को 10 लिटर पानी में घोल ले। उसमें धीरे–धीरे बीज डाल दें। हल्के, बीमार, खोखले बीज पानी के उपर तैरने लगेंगे, उन्हे हटा कर बाकी बीजो को साफ पानी से 2–3 बार धो दे।
2. **रसायनिक फफुंदनाशी** कार्बेन्डाजिम 50 % wp (बाजार में प्रचलित नाम –वेमिस्टीन, धानुस्टिन, जेकेस्टीन इत्यादि) अथवा थियोफिनेट मिथाइल (रोको) का 2 gm प्रति किलोग्राम बीज की दर से लगभग 80 ml पानी (प्रति kg बीज) अथवा **जैविक फफुंदनाशी** ट्राइकोड़रमा विरीडी (मॉनिटर) सुडोमोनस फ्लुओरेसेन्स 10 gm/kg बीज की दर से हाथ में दस्ताना पहनकर या सीड/ड्रेसिंग ड्रम में डालकर अच्छी तरह मिला दे, तब छाया मे सुखाकर के दो घन्टा के बाद बीज को नर्सरी के लिए डालें। इस प्रकार बीजोपचार करने से धान में ब्लास्ट, झुलसा, फाल्स स्मट, शीथ ब्लाईट, शीथ रॉट, इत्यादि रोग से बचाव होता है तथा उत्पादन में वृद्धि लाई जा सकती है।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकरी,
राँची

PR 383921 (Agriculture)26-27*D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, गुमला**
**(झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

किसान भाइयों, वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के कारण हमारे गुमला जिले में भी अल्प, असमान एवं असामयिक वर्षा की स्थिति देखी जा रही है। मौसम विभाग एवं वैज्ञानिकों के अनुसार इस वर्ष अल–नीनो प्रभाव के कारण पारंपरिक मुख्य फसलों, जैसे धान और मक्का, की खेती में व्यापक क्षति की संभावना है और कुल उत्पादन में गिरावट आ सकती है। जिले की भौगोलिक परिस्थितियों एवं मिट्टी के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए अब यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि किसान भाई धान के स्थान पर कम पानी, कम समय तथा न्यूनतम लागत में तैयार होने वाले मोटे अनाज (मिलेट्स), दलहन एवं तेलहन की खेती को बढ़ावा दें। मोटे अनाजों में प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व एवं खनिज मौजूद होते हैं, जो स्वास्थ्य और पोषण सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहद गुणकारी हैं। वैश्विक स्तर पर भी इनके महत्व को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष का आयोजन किया जा चुका है।

इसी परिप्रेक्ष्य में, राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड मिलेट मिशन योजना का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत मोटे अनाज जैसे मड़ुआ (रागी), ज्वार, बाजरा, साँवा, कोदो आदि की वैज्ञानिक खेती करने पर विभाग द्वारा 3,000 से लेकर 15,000 तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। योजना के तहत प्रति किसान न्यूनतम 10 डिसमिल से लेकर अधिकतम 5 एकड़ तक की भूमि के लिए 3,000 से 15,000 तक की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी (DBT) के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। गुमला जिले के किसान भाई निम्नलिखित प्रक्रियाओं और पात्रता मापदंडों को अपनाकर इस कल्याणकारी योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**किसानों के लिए पात्रता मापदण्डः–**

- वैसे किसान भाई जो झारखण्ड के स्थायी निवासी हैं, वे इस योजना के पात्र होंगे।
- यह अनुदान रैयत (भूमि स्वामी) एवं बटाईदार, दोनों प्रकार के कृषकों के लिए समान रूप से देय होगा, परन्तु बटाईदार को भूमि मालिक का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- न्यूनतम 10 डिसमिल से अधिकतम 5 एकड़ भूमि पर मिलेट की खेती करने वाले किसान इस योजना का लाभ ले सकते हैं।
- मिलेट फसलों तथा रागी (मड़ुआ), ज्वार एवं बाजरा की खेती के लिए निर्धारित 3,000 (तीन हजार रुपये) प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि देय होगी।
- योजना का लाभ लेने के लिए कृषकों को स्थानीय प्रज्ञा केंद्रों (CSC) के सहयोग से ऑनलाइन पंजीकरण/निबंधन कराना अनिवार्य है, जिसके लिए कृषकों को 40 (चालीस रूपये) का भुगतान प्रज्ञा केन्द्र संचालकों को स्वंय करना होगा।
- किसानों के पास वैध सत्यापित वंशावली, आधार नंबर, सक्रिय मोबाइल नंबर एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति होना अनिवार्य है। इसके साथ ही भूमि संबंधी अद्यतन कागजात (लगान रसीद/पर्चा) एवं मोटे अनाज से आच्छादित खेत की GPS टैग फोटो भी पंजीकरण/जाँच के समय अपलोड करना आवश्यक है।
- कृषकों से निवेदन है कि पंजीकरण के समय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का पासबुक एवं खाता संख्या से ही पंजीकृत करायें।

**सर्वेयर हेतु मापदण्ड एवं दिशा–निर्देशः–**

- वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए स्थानीय स्तर पर भौतिक सत्यापन हेतु संबंधित प्रखण्ड के BAO, BTM, ATM, VLW, कृषक मित्र इत्यादि का लोकल सर्वेयर के रूप में निबंधन किया जा रहा है, जिन्हें प्रति प्लॉट भौतिक सर्वे के लिए 10 (दस रुपये) की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
- सभी किसान भाइयों से विशेष अनुरोध है कि वे अपने खेतों में लगी मिलेट फसलों की GPS टैग फोटो अपने पास पूरी तरह सुरक्षित रख लें, ताकि भौतिक सत्यापन के क्रम में किसी भी प्रकार के तकनीकी विलंब की स्थिति में उनके आवेदन को प्रोत्साहन राशि के भुगतान हेतु राज्य स्तर पर अविलंब अग्रसारित किया जा सके।

**विस्तृत जानकारी हेतु सम्पर्क करें:–**

अधिक जानकारी या किसी भी तकनीकी सहायता के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी (BAO), प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) अथवा सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गुमला

PR 383987 Agriculture(26-27)#D


# मनिका प्रमुख प्रतिमा देवी ने कांग्रेस का दामन थामा, संगठन को मिलेगी नई मजबूती : के राजू

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में आज लातेहार जिले के मनिका प्रखंड की प्रमुख प्रतिमा देवी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर झारखण्ड प्रभारी के राजू मुख्य रूप से उपस्थित रहे आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी के राजू ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस के स्थाई आमंत्रित सदस्य और झारखण्ड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने कहा कि कांग्रेस की जनपक्षधर नीतियों, संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय, आदिवासी, दलित, पिछड़े, किसान, मजदूर, महिला और युवाओं के अधिकारों के लिए किए जा रहे संघर्ष से प्रभावित होकर लगातार विभिन्न दलों और सामाजिक संगठनों के लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिमा देवी के कांग्रेस परिवार में शामिल होने से लातेहार जिले, विशेषकर मनिका विधानसभा क्षेत्र में संगठन को नई ताकत और गति मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास और भाईचारे की राजनीति में विश्वास करती है, जबकि भाजपा समाज को बांटकर राजनीतिक लाभ लेने का काम करती रही है। झारखंड की जनता अब नफरत और झूठ की राजनीति को नकारते हुए विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सद्भाव की राजनीति के साथ खड़ी है। कांग्रेस इसी जनभावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रतिमा देवी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प से प्रेरित होकर पार्टी का दामन थामा है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार जिला कांग्रेस प्रभारी भीमकुमार, निरंजन पासवान, जिला अध्यक्ष कामेश्वर यादव सहित सैकड़ो लोगउपस्थित रहे।

**विचार प्रवाह** जिस प्रकार सूर्य की जीवनदायी किरणें सबका पोषण करती हैं, उसी प्रकार आपको निर्धन तथा उपेक्षित लोगों के हृदयों में आशा की किरणें जगानी चाहिए, निराश हृदयों में साहस जगाना चाहिए और जो स्वयं को असफल मानते हैं, उनके हृदयों में नवशक्ति का संचार करना चाहिए। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# पानी के लिए घुटने पर आए पाकिस्तान की जुबानी जंग

**इंडिया**



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

2025 में धर्म पूछकर निहत्थे भारतीय पर्यटकों पर पहलगाम में किए पाकिस्तान के हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जो भारत ने दिया था उसकी गूंज भारत में उनके समर्थकों के अलावा पाकिस्तान में अभी ज्यादा सुनाई पड़ रही है। कड़ी कार्रवाई की कोरी धमकी के बजाय भारत ने पहली बार सिंधु नदी को रोकने की दिशा में ऐसा काम किया है कि पाकिस्तान दुनिया में दया याचना करता फिर रहा है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी पानी पर गहरी निर्भरता है क्योंकि उसकी लगभग 90 प्रतिशत खेती सीधे या परोक्ष रूप से सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। भारत ने ठोस कार्रवाई करते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित करने का फैसला लिया जिसके बाद शुरू हुआ विवाद अब खुली जुबानी जंग से धमकी में बदल गया है। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री, मुसादिक मलिक ने यह चेतावनी देकर तनाव और बढ़ा दिया कि इस्लामाबाद उन हाथों को 'काट देगा', जो सिंधु जल में पाकिस्तान के हिस्से पर दावा करने की कोशिश करेंगे। ऐसी भड़काऊ बयानबाजी बताती है कि कई युद्धों के तनाव के बावजूद कायम रहा जल बंटवारा समझौता अब परमाणु हथियार संपन्न दोनों पड़ोसी देशों के तनावपूर्ण रिश्तों में नए टकराव का कारण बनता जा रहा है।इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने भी चेतावनी दी थी कि यदि भारत के कदमों से पाकिस्तान की जल सुरक्षा को खतरा महसूस हुआ, तो इस्लामाबाद युद्ध जैसे विकल्प पर भी विचार कर सकता है। यह चेतावनी तब आई, जब भारत ने कूटनीतिक संकेतों से आगे बढ़कर अपने राजनीतिक इरादों को बुनियादी ढांचे से जुड़े कामों में बदलना शुरू कर दिया।इसी दिशा में चिनाब नदी से जुड़ी दो बड़ी परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश में चिनाब-ब्यास लिंक सुरंग और जम्मू-कश्मीर के सलाल बांध पर सेडिमेंट बाईपास सुरंग शामिल हैं। पाकिस्तान की धमकियां और पश्चिमी नदियों के पानी का अधिकतम इस्तेमाल करने का भारत का पक्का इरादा, दोनों संकेत देते हैं कि सिंधु बेसिन भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का एक नया अखाड़ा बन रहा है। भारत जल ढांचे के विकास को तेजी से बढ़ा रहा है। जो कदम शुरुआत में सीमित दबाव बनाने की रणनीति माना जा रहा था, वह अब जल-रणनीतिक बढ़त हासिल करने की एक बड़ी नीति बन गया है। संदेश स्पष्ट है कि भारत उन जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहता है, जो अब तक सीमित इस्तेमाल के बाद पाकिस्तान की ओर बह जाते थे। भारत के भीतर, चिनाब-ब्यास लिंक सुरंग को ऐसी विकास परियोजना के रूप में देखा जा रहा है, जिससे हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान को लाभ मिलेगा। इससे पानी की उपलब्धता बढ़ सकती है और करीब 4,000 मेगावाट की अतिरिक्त पनबिजली क्षमता पैदा हो सकती है।पाकिस्तान जानता है कि भारत के पास अभी सिंधु नदी के पानी को पूरी तरह रोकने की क्षमता नहीं है पर भारत लगातार ऐसे निर्माण कार्य में लगा है, जिससे पानी के भंडारण, बहाव के समय और दिशा बदलने पर ज्यादा नियंत्रण मिल सकता है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि उस पर उसकी गहरी निर्भरता है। उसकी लगभग 80 से 90 प्रतिशत खेती सीधे या परोक्ष रूप से सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। पंजाब और सिंध सिंचाई की योजना बनाने, बुआई चक्र और बाढ़ प्रबंधन के लिए इन नदियों पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। जल संबंधी आंकड़ों के आदान-प्रदान में रुकावट आने से पाकिस्तान के पानी के हिसाब-किताब में पहले ही अनिश्चितता आ गई है। यह अनिश्चितता लोगों और व्यवस्था पर मनोवैज्ञानिक दबाव पैदा करती है। भारत की नई जल रणनीति के सामने कई चुनौतियां भी मौजूद हैं। बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए हिमालय का इलाका दुनिया की सबसे मुश्किल जगहों में से एक है। पर्यावरणीय, पारिस्थितिकी से जुड़े मुद्दे और स्थानीय स्तर पर होने या कराए जाने वाले विरोध इन परियोजनाओं की रफ्तार को धीमा कर सकते हैं। वहीं, सलाल बांध से जुड़ी नई परियोजना का उद्देश्य दशकों से खो चुकी संचालन क्षमता को फिर से हासिल करना है। इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह तैयार होने में वर्षों लग जाते हैं। पानी का अत्यधिक हथियारीकरण मानवीय संकट, अंतरराष्ट्रीय आलोचना और भू-राजनीतिक प्रतिक्रिया का जोखिम पैदा करता है। इसके बावजूद, पाकिस्तान की चेतावनी संकेत है कि सिंधु बेसिन अब ऐसा रणनीतिक क्षेत्र बन चुका है, जहां इंजीनियरिंग, कूटनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और शक्ति संतुलन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।कभी सिंधु जल संधि को निलंबित करने की बात को एक कूटनीतिक संकेत के तौर पर देखा जाता था। आज, जब भारत नया इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहा है और पाकिस्तान युद्ध की भाषा बोल रहा है, तब यह विवाद दक्षिण एशिया के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दों में बदलता दिखाई दे रहा है। भारत इस मामले में मजबूत स्थिति में है क्योंकि यह इसका अंदरूनी मामला है कि वह अपने शत्रु को पानी दे या नहीं ।

# डिजिटल इंडिया के 11 वर्ष : नागरिकों और व्यवसायियों का काम हुआ आसान

आज की बात



एस कृष्णन
सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

> देश में 99.56 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के विशाल समुदाय से इसे मदद मिली है। मोबाइल डाटा की 8 से 10 रुपए प्रति जीबी की कीमत बेहद किफायती है। लिहाजा, प्रति व्यक्ति मासिक डाटा खपत 24.01 जीबी के असाधारण स्तर पर पहुंच चुकी है। इस डिजिटल बुनियाद ने नागरिकों और सरकार के बीच रिश्ते को पूरी तरह से बदल दिया है




सिर्फ एक दशक पहले तक उत्तर प्रदेश के दूरदराज के किसी गांव में किसान को सब्सिडी हासिल करने या उपज बढ़ाने के बारे में सलाह लेने के लिए कागजों के ढेर में सिर खपाना पड़ता था। उस जमाने में कतार में खड़ा होना रिवाज जैसा था। लेकिन आज वह किसान किसी दलाल के बिना ही फसल के बारे में सहायता पा सकता है और सब्सिडी भी सीधे उसके बैंक खाते में जमा हो जाती है। मौजूदा समय में किसी भी गली से गुजरते हुए आप एक खामोश क्रांति को महसूस कर सकते हैं। एक ऐसी क्रांति जिसने जीने की सहूलियत को बुनियादी तौर पर बदल दिया है। पहले किसी फल बेचने वाले या तिपहिया चालक को लेनदेन नकद में करनी पड़ती थी। लेकिन अब वह गर्व से अपनी ठेली या ऑटोरिक्शा से झूलते क्यूआर कोड की ओर इशारा कर देता है। 102.86 करोड़ नागरिकों के डिजिटल जुड़ाव ने भारत को सशक्त बनाया है। देश में 99.56 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के विशाल समुदाय से इसे मदद मिली है। मोबाइल डाटा की 8 से 10 रुपए प्रति जीबी की कीमत बेहद किफायती है। लिहाजा, प्रति व्यक्ति मासिक डाटा खपत 24.01 जीबी के असाधारण स्तर पर पहुंच चुकी है। इस डिजिटल बुनियाद ने नागरिकों और सरकार के बीच रिश्ते को पूरी तरह से बदल दिया है। यह रिश्ता विश्वास, पारदर्शिता और डिजिटल स्वायत्तता पर टिका हुआ है। इस क्रांति का पहला कदम पहुंच का लोकतांत्रीकरण तथा एक ऐसा मजबूत और स्वदेशी डिजिटल पहचान फ्रेमवर्क बनाना था जो प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता की गारंटी करे। 'भारतनेट' कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर लागू किया गया और इसने लगभग 2.2 लाख ग्राम पंचायतों को तेज रफ्तार ब्रॉडबैंड से जोड़ दिया। इस तरह, इसने सुनिश्चित किया कि आर्थिक अवसरों की राह में भौगोलिक स्थितियां अवरोध नहीं बनें। 144 करोड़ से ज्यादा आधार पहचानों के सृजन के साथ अवसंरचना की छलांग ने 'जनधन', 'आधार' और 'मोबाइल' (जैम) की तिकड़ी को ईंधन प्रदान किया। सरकार संप्रभु डिजिटल पहचान फ्रेमवर्क का इस्तेमाल करते हुए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए नागरिकों को 51.5 लाख करोड़ रुपए सफलतापूर्वक हस्तांतरित कर चुकी है। इस प्रणाली ने धन की बर्बादी और बिचौलिए की जरूरत को प्रभावी ढंग से खत्म कर दिया है। इसने करोड़ों परिवारों के हाथों में वित्तीय स्वायत्तता सौंप कर उनकी जिंदगी की सहूलियत में नाटकीय सुधार किया है।

बुनियाद तैयार हो जाने के बाद भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) ने समस्याएं सुलझाने के लिए हल तैयार कर नागरिकों की रोजमर्रा की जिंदगी बदल दी है। 'डिजिलॉकर' जैसे प्लेटफॉर्मों ने नागरिकों और व्यवसायों के लिए प्रक्रियाओं को बेहद सुचारू बना दिया है। 'डिजिलॉकर' के पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या 70 करोड़ से ज्यादा है और उनके 900 करोड़ से ज्यादा दस्तावेज इस प्लेटफॉर्म पर हैं। इसने कागजी कार्रवाइयों को खत्म कर केवाईसी प्रक्रियाओं और दस्तावेज सत्यापन को फौरन पूरा करना संभव बनाया है। इससे उद्यमों के लिए खर्च और समय में काफी कटौती हुई है। बैंकों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और वित्तप्रौद्योगिकी संस्थानों को ग्राहकों का सत्यापन करने में कई दिनों के बजाय अब सिर्फ कुछ पल ही लगते हैं। सरकार ने 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस' (जेम) के ज़रिए 19.51 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा की खरीद की है। यह छोटे मैन्युफैक्चरर या पहली बार काम करने वाले विक्रेता के लिए, बिचौलियों के बिना सरकारी अनुबंध हासिल करने में बेहतर व्यावसायिक अवसर प्रदान करता है। दूरदराज से सार्वजनिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, 'उमंग' एप्लिकेशन ने केंद्र और राज्य सरकार की सेवाओं को सीधे नागरिकों की पहुँच में ला दिया है। यह ऐप अब 11.6 करोड़ से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को सेवाएँ दे रहा है, जिसके ज़रिए 2,572 सरकारी सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है और इससे अब तक 797.84 करोड़ से अधिक लेनदेन किए जा चुके हैं। इस पूरे इकोसिस्टम की सबसे अहम चीज़ 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) है। सड़क के किनारे ठेली लगाने वाले फल विक्रेता को सहूलियत देने वाला क्यूआर कोड एक संप्रभु भुगतान प्रणाली है जिस पर रोजाना 75 करोड़ लेनदेन होते हैं। आज, दुनिया भर में होने वाले कुल तुरंत किये जाने वाले डिजिटल भुगतानों में से लगभग आधे अकेले भारत में होते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी यूपीआई को दुनिया की सबसे बड़ी तुरंत भुगतान प्रणाली के रूप में मान्यता दी है। यह उन 24 देशों के लिए बेहद ज़रूरी हो गया है, जिनके साथ भारत ने अपने डिजिटल गवर्नेंस प्लेटफ़ॉर्म को अपनाने और उसी तरह की भुगतान प्रणाली तैयार करने के लिए औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, यूपीआई अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ), सिंगापुर और फ्रांस सहित 9 देशों में काम कर रहा है। प्रौद्योगिकी को एक 'जन-हित की चीज़ मानने की यह सोच सीधे तौर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में समानता और लोगों के जीवन को आसान बनाने से जुड़ी है। ई-संजीवनी प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए, भारत ने 48 करोड़ से ज़्यादा मुफ़्त टेली-परामर्श की सुविधाएं दी हैं, जिससे दूर-दराज़ और कम सुविधा वाले इलाकों के मरीज़ भी विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ले सकते हैं। इसी तरह, दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान एक स्वदेशी प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित किया गया था। 'कोविन' के माध्यम से 220 करोड़ से अधिक कोविड-19 वैक्सीन की खुराक दी गई और उनका पारदर्शी रूप से ट्रैक रखा गया। इसने एक ऐसा मजबूत डिजिटल ढांचा तैयार किया जिसका अध्ययन दुनिया भर की स्वास्थ्य प्रणालियों ने किया।

डिजिटल इंडिया के 11वें वर्ष के समापन के साथ, यह मिशन अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की ओर मजबूती से अग्रसर है, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इनका उपयोग भारत और विकासशील देशों की चुनौतियों को हल करने के लिए सार्वजनिक हित के रूप में किया जाए। सालों तक, कंप्यूटिंग पावर की भारी लागत ने छोटे शहरों के प्रतिभावान युवा नवोन्मेषकों को उन्नत प्रौद्योगिकी से दूर रखा। 'इंडियाएआई' मिशन के तहत, भारत स्टार्टअप्स के लिए व्यापार करने की सुगमता को बढ़ाने के लिए इस बाधा को व्यवस्थित रूप से दूर कर रहा है। सरकार ने सभी की पहुँच को आसान बनाने के लिए एक विशाल, साझा कंप्यूटिंग सुविधा स्थापित की है। देश के घरेलू स्टार्टअप्स और छात्रों को महज 65 रुपये प्रति घंटे की दर से विश्व स्तरीय कंप्यूटिंग क्षमता प्रदान करके, इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर नवोन्मेष को बढ़ावा देना है। हमारा लक्ष्य अपने प्रतिभाशाली कार्यबल के दम पर भारत को दुनिया की 'एआई एप्लीकेशन का केंद्र बनाना है, जो देश-विदेश के सभी क्षेत्रों में सेवा वितरण को बेहतर बना सके और उद्यमों की उत्पादकता को बढ़ा सके। इसके साथ ही, भारत अपने हार्डवेयर के भविष्य को भी सुरक्षित कर रहा है। 'सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम' के तहत, देश भर में 1.65 लाख करोड़ रुपये के निवेश वाली 12 सेमीकंडक्टर निर्माण और पैकेजिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, केंद्रीय बजट 2026-27 में 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' (आइएसएम) 2.0 की घोषणा की गई है।

# प्राइवेसी की नई पहल या सुरक्षा की नई चुनौती?

अलग बात



महेंद्र तिवारी

आज की डिजिटल दुनिया में जब भी कोई नई सुविधा आती है, तो वह अपने साथ असीम उत्साह और उतनी ही गहरी आशंकाएं लेकर आती है। वर्तमान समय में एक ऐसी ही नई तकनीकी सुविधा को लेकर देश में व्यापक बहस छिड़ गई है। इस नई व्यवस्था के तहत उपयोगकर्ता अपना मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए बिना केवल एक विशिष्ट पहचान या गुप्त नाम के माध्यम से दूसरों से बातचीत कर सकेंगे। इस सुविधा का प्राथमिक उद्देश्य लोगों को अपनी बेहद निजी और संवेदनशील जानकारी सुरक्षित रखने का एक बेहतरीन विकल्प देना है। दूसरी ओर, सरकार और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों का स्पष्ट मानना है कि यदि इस व्यवस्था में पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किए गए, तो यही सुविधा साइबर अपराधियों के लिए एक नया और खतरनाक हथियार बन सकती है। भारत वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में अग्रिम पंक्ति में शामिल है। देश में 80 करोड़ से भी अधिक लोग इंटरनेट का उपयोग करते हैं। करोड़ों लोग प्रतिदिन संदेश भेजने, वीडियो कॉल करने, महत्वपूर्ण दस्तावेज साझा करने और अपना व्यापार चलाने के लिए डिजिटल मंचों का उपयोग करते हैं। ऐसे विशाल बाजार में किसी भी नए तकनीकी बदलाव का असर केवल तकनीक तक सीमित नहीं रहता। इसका सीधा प्रभाव हमारे सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के ढाँचे पर पड़ता है। यही मुख्य वजह है कि सरकार ने इस नई सुविधा को लेकर अत्यंत गंभीर सवाल उठाए हैं और इसके व्यापक विस्तार पर फिलहाल रोक लगाने को कहा है। सरकार की सबसे बड़ी चिंता पहचान की चोरी और उसके दुरुपयोग को लेकर है। यदि कोई शातिर व्यक्ति किसी प्रसिद्ध बैंक, प्रतिष्ठित सरकारी संस्था, बड़े अधिकारी या किसी सार्वजनिक हस्ती से मिलता-जुलता नाम चुन ले, तो सामान्य उपयोगकर्ता आसानी से भ्रमित हो सकता है। साइबर अपराधी इसी भ्रम और मानवीय विश्वास का अनुचित फायदा उठाकर लोगों से पैसे ठग सकते हैं, उनकी बेहद निजी जानकारी हासिल कर सकते हैं या फर्जी संदेश फैलाकर समाज में अशांति पैदा कर सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि देश में फिशिंग, डिजिटल गिरफ्तारी, निवेश धोखाधड़ी और पहचान बदलकर की जाने वाली ठगी के मामलों में 300 प्रतिशत से भी अधिक की तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन्हीं बढ़ते जोखिमों को देखते हुए सरकार ने संबंधित तकनीकी कंपनी से एक विस्तृत और स्पष्ट जवाब मांगा है। अधिकारियों का साफ कहना है कि बाजार में इस सुविधा को पूरी तरह लागू करने से पहले यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि यदि किसी अपराधी ने किसी अन्य व्यक्ति या संस्था की पहचान अपनाने की कोशिश की, तो उसे तकनीकी रूप से कैसे रोका जाएगा। इसके साथ ही यह भी बताना आवश्यक होगा कि किसी पीड़ित उपयोगकर्ता द्वारा शिकायत मिलने पर कंपनी की ओर से कार्रवाई कितनी तेजी से होगी। जब तक इन सुरक्षा मानकों पर स्थिति पूरी तरह साफ नहीं हो जाती, तब तक देश के करोड़ों नागरिकों की सुरक्षा को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। दूसरी तरफ, तकनीकी कंपनी ने अपने आधिकारिक स्पष्टीकरण में कहा है कि इस नई सुविधा का उद्देश्य किसी भी अपराधी की वास्तविक पहचान को छिपाना बिल्कुल नहीं है। इसका असली मकसद केवल मोबाइल नंबर की गोपनीयता को एक नया स्तर प्रदान करना है। समाज में बहुत से ऐसे लोग होते हैं जिन्हें अपनी दैनिक जरूरतों के लिए किसी नए ग्राहक, सहपाठी, शिक्षक, पड़ोसी या किसी अस्थायी संपर्क से बात करनी पड़ती है। ये लोग काम तो करना चाहते हैं, लेकिन सुरक्षा कारणों से अपना निजी मोबाइल नंबर उनके साथ साझा नहीं करना चाहते। विशेष रूप से महिलाओं, छात्रों, छोटे व्यापारियों और स्वतंत्र रूप से काम करने वाले पेशेवरों के लिए यह सुविधा एक सुरक्षा कवच साबित हो सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

# किराएदार



डॉ सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

शहर के सबसे पुराने मुहल्ले में एक मकान था जिसकी दीवारें इतनी बूढ़ी हो चुकी थीं कि हर बारिश के बाद वे अपने भीतर का नमक बाहर निकालकर रोती थीं। लोग उसे भूतों का घर कहते थे, लेकिन वहाँ रहने वाला बूढ़ा आदमी हंसकर कहता, "भूत तो उन घरों में रहते हैं जहां इंसान होना मर जाता है।" उसका नाम कोई नहीं जानता था। बच्चे उसे बाबा कहते थे, दूधवाला उसे उधार कहता था, बिजली वाला उसे बकायेदार और नगर निगम वाला उसे अतिक्रमण। उसका अपना नाम जैसे सरकारी फाइलों के किसी पीले पन्ने में दम तोड़ चुका था। हर सुबह वह टूटी कुर्सी बाहर निकालकर बैठ जाता और राह चलते लोगों से पूछता, "बेटा, आज इंसानियत किस गली से गुजरी थी, कहीं दिखी क्या?" लोग मुस्कराकर आगे बढ़ जाते। एक दिन एक लड़का रुक गया। उसने पूछा, "बाबा, आप रोज यही सवाल क्यों पूछते हैं?" बाबा ने अपनी धुंधली आंखों में उतरती शाम को समेटते हुए कहा, "क्योंकि कल तक जो मेरे पड़ोसी थे, आज वे मेरे मोबाइल नंबर तक से अनजान हो गए हैं। रिश्ते अब घंटियों की तरह हैं, बजते तभी हैं जब किसी को अपना काम हो।" लड़का चुप हो गया। हवा ने सूखे नीम से कुछ पत्ते गिराए। बाबा उन्हें उठाकर हथेली पर रखने लगा जैसे किसी बूढ़ी माँ के झड़ते बाल समेट रहा हो। उसने धीमे से कहा, "पेड़ कम से कम गिरकर भी धरती का हाथ नहीं छोड़ते, इंसान तो खड़े खड़े भी साथ छोड़ देता है।" सामने से गुजरते नेता का काफिला धूल उड़ाता निकल गया। बाबा मुस्कराया, "देखो बेटा, धूल भी अब गाड़ियों के साथ चलती है, पैरों के साथ नहीं।" अगले दिन मोहल्ले में खबर फैली कि सरकार ने उस इलाके के विकास का नक्शा बना लिया है। लोग खुश थे। किसी को चौड़ी सड़क चाहिए थी, किसी को पार्क, किसी को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स। बाबा चुपचाप अपनी दीवार सहला रहा था। तभी अधिकारी आए। एक ने नक्शा खोलकर कहा, "बाबा, आपका मकान प्रगति के रास्ते में आ रहा है।" बाबा ने मुस्कराकर पूछा, "प्रगति किसकी होगी साहब, सड़क की या आदमी की?" अधिकारी हंस पड़ा। "भावुक मत बनिए। मुआवजा मिलेगा।"

राष्ट्रीय नवीन मेल
## धर्म-अध्यात्म

# श्वास-प्रश्वास का एक प्रारम्भिक व्यायाम



श्री श्री परमहंस योगानंद

आंखों को विकृत न करें और उन पर ज़ोर न डालें; जब हम तनावमुक्त एवं शान्तिपूर्ण ढंग से एकाग्र होते हैं तब सहज ही दृष्टि ऊपर की ऊपर की ओर चली जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण है अपनी पूरी एकाग्रता को भ्रूमध्य पर केन्द्रित करना। यही है क्राइस्ट चेतना [कृष्ण चेतना] का स्थान, एकल नेत्र का वह स्थान जिसका बारे में क्राइस्ट ने कहा था "शरीर की ज्योति आंख है इसलिए यदि तुम्हारी आंख एक ही हो जाए तो तुम्हारा सारा शरीर प्रकाश से ओतप्रोत हो जायेगा।" जब ध्यान का उद्देश्य पूरा हो जाता है तब भक्त पाता है कि उसकी चतना स्वतः ही दिव्य नेत्र पर एकाग्र हो गयी है, और अपनी आन्तरिक आध्यात्मिक क्षमता के अनुसार वह परमात्मा के साथ एक आनन्दपूर्ण दिव्य एकाकार की अवस्था अनुभव करता है। अभी बतायी गयी ध्यान की मुद्रा में जब आप स्थिर हो जाते हैं, तो ध्यान के लिये अगली तैयारी है फेफड़ों में इकठ्ठा हो चुकी कार्बन डायॉक्साइड को बाहर निकालना जो चंचलता उत्पन्न करती है। "ह्ह, ह्ह्ह्ह" के दोहरे प्रश्वास के साथ मुँह से सांस बाहर निकाल दें। (यह ध्वनि केवल श्वास बाहर निकलने से होती है, यह वाणी से उत्पन्न नहीं होती।) उसके बाद नाक से गहरी साँस भरें और छः की गिनती तक पूरे शरीर को तनाव से भरें। "ह्ह, ह्ह्ह्ह" के दोहरे प्रश्वास के साथ मुंह से सांस बाहर निकाल दें, और तनावमुक्त हो जायें। इसे तीन बार दोहरायें। ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश करने के लिये सबसे पहले तो भक्त को चाहिये कि वह बिना हिले-डुले ध्यान की सही मुद्रा में बैठे, जिसमें उसकी कमर सीधी हो, और उसके बाद वह शरीर को तनाव से भरे और तनावमुक्त करे-ऐसा इसलिये क्योंकि तनावमुक्त हो जाने पर आपकी चेतना माँसपेशियों से हट जाती है।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




# अंधविश्वास, अज्ञान और कुप्रथाओं की जकड़न

देश की बात



कांतिलाल मांडोत

राजस्थान के फलोदी जिले के फतेहगढ़ गांव में घटित हृदयविदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। एक किसान ने पहले अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या कर स्वयं भी आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार परिवार यह मान बैठा था कि महिला पर भूत-प्रेत का साया है और इसी कारण उसे तांत्रिक के पास ले जाया जा रहा था। वहीं जयपुर जिले में एक महिला और उसकी दो बेटियों के तालाब में मृत मिलने की घटना ने भी समाज को गहरे चिंतन के लिए विवश कर दिया। ये घटनाएँ केवल आपराधिक या पारिवारिक त्रासदी नहीं हैं, बल्कि उस अंधविश्वास, अज्ञान और अविवेक की भयावह तस्वीर हैं, जो आज भी समाज के अनेक हिस्सों में जड़ें जमाए हुए है। जब मनुष्य विवेक छोड़ देता है, तब वह स्वयं भी दुख पाता है और दूसरों के जीवन को भी संकट में डाल देता है। समाज में व्याप्त अनेक कुप्रथाओं का मूल कारण अज्ञान ही है। दहेज, तिलक, मृत्यु-भोज, दिखावा, झूठी सामाजिक प्रतिष्ठा, टोना-टोटका, भूत-प्रेत और तांत्रिकों पर विश्वास जैसी प्रवृत्तियाँ मनुष्य को वास्तविक समाधान से दूर ले जाती हैं। जब किसी समस्या का वैज्ञानिक, चिकित्सकीय या तार्किक समाधान खोजने के बजाय उसे अलौकिक शक्तियों से जोड़ दिया जाता है, तब दुख और बढ़ जाता है। मानसिक बीमारी का उपचार डॉक्टर और मनोचिकित्सक कर सकते हैं, लेकिन यदि उसे भूत-प्रेत का प्रभाव मानकर तांत्रिकों के भरोसे छोड़ दिया जाए तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। फलोदी की घटना इसी मानसिकता की दुखद परिणति प्रतीत होती है। महापुरुषों और संतों ने सदैव कहा है कि अंधविश्वास का आधार ज्ञान नहीं, बल्कि भय और अज्ञान होता है। जब मनुष्य सोचने-समझने की शक्ति का उपयोग करना छोड़ देता है, तब वह हर उस बात पर विश्वास करने लगता है जिसका कोई प्रमाण नहीं होता। धीरे-धीरे वही बातें परंपरा बन जाती हैं और लोग बिना सोचे-समझे उनका पालन करने लगते हैं। समय के साथ उनका उद्देश्य समाप्त हो जाता है, लेकिन लोग उन्हें केवल इसलिए निभाते रहते हैं क्योंकि "हमारे पूर्वज ऐसा करते थे।" यही स्थिति समाज को आगे बढ़ाने के बजाय पीछे धकेल देती है। एक प्रेरक प्रसंग इस मानसिकता को स्पष्ट करता है। विवाह के समय किसी घर में बिल्ली रास्ते में आ गई तो उसे टोकरी के नीचे बंद कर दिया गया ताकि वह सामने न आए। वर्षों बाद उस परिवार की नई पीढ़ी ने इसे घर की परंपरा समझ लिया और विवाह के समय पहले बिल्ली पकड़कर लाने की जिद करने लगी। किसी ने यह जानने का प्रयास नहीं किया कि उस समय बिल्ली को बंद करने का वास्तविक कारण क्या था। यही अंधानुकरण है। जब किसी परंपरा का उद्देश्य समाप्त हो जाए और लोग केवल उसकी नकल करते रहें, तब वह कुप्रथा बन जाती है। समाज में देवी-देवताओं के नाम पर भी अनेक प्रकार के अंधविश्वास प्रचलित हैं। लोग बिना समझे विभिन्न प्रकार के कर्मकांड करते हैं और यह मान लेते हैं कि इससे उनके सभी दुख दूर हो जाएंगे। जबकि धर्म का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य के भीतर सत्य, करुणा, संयम और विवेक का विकास करना है। यदि धर्म के नाम पर केवल बाहरी प्रदर्शन, डर और अंधविश्वास रह जाए तो वह धर्म नहीं, बल्कि उसकी विकृति बन जाता है। धर्म मनुष्य को स्वतंत्र विचार, नैतिकता और आत्मबल देता है, न कि भय और भ्रम। इसी प्रकार दहेज और तिलक जैसी कुप्रथाएँ भी अज्ञान और सामाजिक दिखावे का परिणाम हैं। बेटी को अपनी इच्छा और सामर्थ्य के अनुसार देना अलग बात है, लेकिन उसे सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर लेन-देन की प्रतियोगिता बना देना घोर अन्याय है। इसी कारण अनेक परिवार आर्थिक रूप से टूट जाते हैं, बेटियों को अपमान सहना पड़ता है और कई बार उनकी जान तक चली जाती है। जिस परंपरा से हिंसा, अन्याय और पीड़ा बढ़े, उसे परंपरा नहीं बल्कि अभिशाप कहना अधिक उचित होगा। मृत्यु-भोज और दिखावे की परंपरा भी इसी मानसिकता का उदाहरण है। किसी प्रियजन के निधन पर दुख स्वाभाविक है, लेकिन कृत्रिम रूप से रोने-पीटने का प्रदर्शन करना, आर्थिक बोझ उठाकर भोज देना या समाज के दबाव में अनावश्यक खर्च करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। मृत व्यक्ति के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उसके आदर्शों को अपनाना और परिवार का सहारा बनना है, न कि दिखावे के लिए रस्में निभाना। आज भी अनेक परिवार सामाजिक दबाव के कारण कर्ज लेकर ऐसे आयोजन करते हैं और वर्षों तक उसका बोझ उठाते हैं। आज विज्ञान, शिक्षा और तकनीक के युग में भी यदि लोग मानसिक रोग को भूत-प्रेत समझेंगे, बीमारी का इलाज अस्पताल के बजाय तांत्रिकों से कराएंगे, या जीवन की हर समस्या का कारण अदृश्य शक्तियों को मानेंगे, तो ऐसी दुखद घटनाएं बार-बार सामने आती रहेंगी। मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

धूप, रोशनी, ताप का यह संसार अपार।
कौन सूरमा खुद करे, और करादे पार ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### दूसरे जत्थे सहित 8,687 श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा में पवित्र गुफा की ओर रवाना

# बम बम भोले के जयघोष संग अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ

**एजेंसी। जम्मू**

वार्षिक श्री अमरनाथ तीर्थयात्रा का आज शुभारंभ हो गया। श्रद्धालुओं के पहले जत्थे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) के बेस कैंप से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुए जबकि 3,865 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू से कश्मीर के लिए निकला। अधिकारियों ने बताया कि रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और छोटे 14 किलोमीटर लंबे बालटाल रूट दोनों से यात्रा तड़के शुरू हुई।उन्होंने बताया कि पुरुषों, महिलाओं और साधुओं सहित श्रद्धालुओं ने दोनों बेस कैंपों से संबंधित जिला उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के हरी झंडी दिखाए जाने के बाद "बम बम भोले" के जयकारों के साथ 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की ओर अपनी यात्रा शुरू की। इस बीच, श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से सुरक्षा घेरे में दो काफिलों में रवाना हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बालटाल रूट के लिए 1,735 श्रद्धालु सुबह 3:13 बजे रवाना हुए जबकि पहलगाम रूट की ओर जाने वाले 2,130 श्रद्धालु सुबह 3:38 बजे निकले जिससे दोनों जत्थों में कुल श्रद्धालुओं की संख्या 3,865 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इस जत्थे में 2,965 पुरुष श्रद्धालु, 618 महिलाएं, 230 साधु, 48 साध्वियां और चार बच्चे शामिल हैं। श्रद्धालु 201 वाहनों में यात्रा कर रहे हैं जिनमें 83 बसें, 14 मीडियम मोटर व्हीकल और 104 लाइट मोटर व्हीकल शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा, "115 वाहन बालटाल जाने वाले काफिले का हिस्सा हैं, जबकि 86 वाहन पहलगाम बेस कैंप की ओर जा रहे हैं।




## अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा के साथ हर श्रद्धालु की मदद को तैयार है सीआरपीएफ : डीआईजी सुधीर कुमार

**बालटाल।** श्री अमरनाथ यात्रा सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हर साल देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचते हैं। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना सुरक्षा एजेंसियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसी को लेकर सीआरपीएफ के डीआईजी सुधीर कुमार ने यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, नई तकनीक, महिला जवानों की भूमिका और आपदा प्रबंधन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। डीआईजी सुधीर कुमार ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि अमरनाथ यात्रा सदियों से लोगों की आस्था का केंद्र रही है और सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर इसे सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने0 के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग पर आरओपी की जिम्मेदारी सीआरपीएफ निभा रही है। इसके अलावा सभी प्रमुख बेस कैंपों की सुरक्षा भी सीआरपीएफ के जिम्मे है, जहां श्रद्धालु यात्रा शुरू करने से पहले ठहरते हैं।



## पीएम मोदी ने दी अमरनाथ तीर्थयात्रा शुरू होने पर शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अमरनाथ तीर्थयात्रा के शुभारंभ पर देश-विदेश के समस्त शिवभक्तों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कामना की कि बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन की यह पवित्र यात्रा सभी श्रद्धालुओं के जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। प्रधानमंत्री मोदी ने आज एक्स पर लिखा, "समस्त शिवभक्तों को पावन-पुनीत श्री अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ की अनंत शुभकामनाएं।बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन की यह यात्रा आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भगवान अमरनाथ की महिमा का वर्णन करते हुए सुभाषितम् साझा किया

**"वाग्बुद्धिचित्तकरणैश्च तपोभिरुग्रैः शक्यं समाकलयितुं न यदीयरूपम्। तं भक्तिभावसुलभं शरणं नतानां नित्यं भजाम्यऽमरनाथमहं दयालुम्।।"**

इस सुभाषितम् का अर्थ है कि भगवान अमरनाथ का वास्तविक स्वरूप वाणी, बुद्धि, मन अथवा कठोर तपस्या के बल पर भी पूर्णतः जाना या समझा नहीं जा सकता। वे केवल निष्कपट भक्ति और समर्पण भाव रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए सहज सुलभ हैं। ऐसे करुणामय भगवान अमरनाथ की शरण में रहकर उनका नित्य स्मरण और भजन करना ही भक्त का परम सौभाग्य है।

# रक्षा बलों के लिए 52,000 करोड़ की खरीद को मंजूरी

- भारतीय सेना के लिए 'आकाश तरंग' एंटी-ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली को मंजूरी
- नई वायु रक्षा प्रणालियां लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन से सुरक्षा देंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक व शक्तिशाली बनाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में लगभग 52,000 करोड़ रुपए की पूंजीगत रक्षा खरीद परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी (एओएन) प्रदान की गई। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है। डीएसी ने भारतीय सेना के लिए कई महत्वपूर्ण प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी है। इनमें एंटी-ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली 'आकाश तरंग', मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, अत्यंत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, टैंकों के लिए सक्रिय सुरक्षा प्रणाली तथा जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन प्रणाली शामिल हैं। 'आकाश तरंग' प्रणाली सेना की अग्रिम तैनातियों और महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को दुश्मन के ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करेगी। यह प्रणाली ड्रोन का पता लगाने, उन्हें बाधित करने और निष्क्रिय करने में सक्षम है। वहीं, एंटी-टैंक मिसाइल से इन्फेंट्री की ताकत बढ़ेगी। मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली सेना की इन्फेंट्री टुकड़ियों को दुश्मन के टैंक और बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाएगी। इससे अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की मारक क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और अत्यंत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों, ड्रोन तथा अन्य हवाई खतरों को रोकने में अहम भूमिका निभाएंगी। वहीं, भारतीय वायुसेना के लिए फिक्स्ड-विंग आधारित उच्च ऊंचाई स्यूडो सैटेलाइट प्रणाली सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। यह अत्याधुनिक प्रणाली लंबे समय तक ऊंचाई पर रहकर खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, संचार सेवाएं उपलब्ध कराने और दूरसंवेदी कार्यों को अंजाम देने में सक्षम होगी। इससे वायुसेना को सीमावर्ती और रणनीतिक क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने में बड़ी सहायता मिलेगी ।डीएसी की इस मंजूरी को भारत की रक्षा आधुनिकीकरण प्रक्रिया और आत्मनिर्भरता अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन प्रणालियों के शामिल होने से तीनों सेनाओं की युद्धक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।



### समुद्री सुरक्षा को मिलेगी अत्याधुनिक तकनीकी मजबूती

बहु-स्पेक्ट्रल सेंसर से लैस नई प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक बाधाओं के बावजूद प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगी। सक्रिय सुरक्षा प्रणाली टैंकों की ओर आने वाली मिसाइलों और रॉकेटों को बीच रास्ते में ही नष्ट कर सकेगी। इससे युद्धक्षेत्र में टैंकों के सुरक्षित बने रहने की क्षमता बढ़ेगी। वहीं, नई पीढ़ी के जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन दुश्मन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम होंगे। ये अधिक गति, बेहतर इलेक्ट्रॉनिक युद्धक क्षमता, अधिक मारक शक्ति और कम लागत के कारण भविष्य के युद्धों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारतीय नौसेना के लिए बहु-प्रभावी समुद्री माइन, नौसैनिक जहाजों से संचालित मानवरहित हवाई प्रणाली तथा विद्युत प्रणोदन प्रणाली के लिए भूमि आधारित परीक्षण सुविधा स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। बहु-प्रभावी समुद्री माइन दुश्मन के युद्धपोतों और नौसैनिक अभियानों की स्वतंत्र आवाजाही को सीमित करने में मदद करेगी। इससे समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा और मजबूत होगी। उन्नत सेंसरों से लैस नई मानवरहित हवाई प्रणाली नौसेना को समुद्र में दूर तक निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने और वास्तविक समय में जानकारी जुटाने में सहायता देगी। नई प्रणोदन प्रणाली के लिए स्थापित की जाने वाली परीक्षण सुविधा, नौसेना के भविष्य के जहाजों और प्रणालियों के परीक्षण तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## विपक्ष ने सीजेआई को लिखा पत्र एसआईआर पर रोक की मांग

### चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर का लगाया आरोप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के 23 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत और सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों को संयुक्त पत्र लिखकर चुनावी प्रक्रिया में कथित हेरफेर पर गंभीर चिंता जताई है। विपक्ष ने मतदाता सत्यापन की मौजूदा प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा है कि इससे लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर हो रही है।पत्र पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत इंडी गठबंधन और अन्य विपक्षी दलों के 23 नेताओं के हस्ताक्षर हैं। विपक्ष का कहना है कि उन्होंने यह असाधारण कदम इसलिए उठाया है क्योंकि गणतंत्र के मूल स्तंभ गंभीर दबाव में हैं। पत्र में नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मूल अवधारणा से समझौता किया जा रहा है, जिसके कारण हालिया चुनाव परिणामों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पत्र में कहा गया, "हम सभी समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भाजपा के विरोधी हैं। हमारा मानना है कि चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर किया जा रहा है और कई मामलों में चुनाव परिणाम जनता की वास्तविक इच्छा को प्रतिबिंबित नहीं करते।"विपक्ष की सबसे बड़ी आपत्ति चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा शुरू की गई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर है।

### मस्जिदों से कराई जा रही है एसआईआर की प्रक्रिया: बीवाई विजयेंद्र



**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी.वाई. विजयेंद्र ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर चुनाव आयोग (ईसी) की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने के बजाय कई जगहों पर मस्जिदों से एसआईआर की प्रक्रिया संचालित कराई जा रही है।
बेंगलुरु स्थित भाजपा मुख्यालय जगन्नाथ भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "बीएलओ का एसआईआर प्रक्रिया में दुरुपयोग हो रहा है। अधिकारियों को मस्जिदों के अंदर बैठाकर एसआईआर का काम कराया जा रहा है। राज्य सरकार हिंदुओं के खिलाफ साजिश कर रही है।" सागर कस्बे में बीएलओ अपने आधिकारिक कार्यों के बजाय कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करने का काम कर रहे हैं।

## ईडी ने पहली बार नीलाम किया जब्त विमान, निवेशकों को लौटाई जाएगी राशि

**एजेंसी। हैदराबाद**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के हैदराबाद जोनल कार्यालय ने पहली बार एक जब्त विमान की सफल नीलामी की है। ईडी ने 1 जुलाई 2026 को एमएसटीसी लिमिटेड के माध्यम से हॉकर 800ए विमान की नीलामी कर इसे 3 करोड़ रुपये में बेच दिया। नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत विशेष अदालत की अनुमति मिलने के बाद वास्तविक निवेशकों को उनकी रकम लौटाने के लिए किया जाएगा।
ईडी के अनुसार, यह विमान 7 मार्च 2025 को हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तलाशी अभियान के दौरान जब्त किया गया था। यह कार्रवाई अमरदीप कुमार, कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज पीएमएलए मामले में की गई थी। विमान जब्त किए जाने के बाद ईडी ने पीएमएलए के न्यायनिर्णायक प्राधिकरण के समक्ष मूल आवेदन दायर किया, जिसे 18 अगस्त 2025 को मंजूरी मिल गई। इसके बाद ईडी ने विमान की बिक्री की अनुमति मांगी। न्यायनिर्णायक प्राधिकरण ने 20 नवंबर 2025 को ईडी को विमान की नीलामी की अनुमति दे दी।




## संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के सामने तिब्बती झंडा लिए व्यक्ति ने किया आत्मदाह

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर गुरुवार को हाथों में तिब्बती झंडा लिए एक व्यक्ति ने आत्मदाह कर लिया। न्यूयॉर्क शहर पुलिस विभाग के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की। फिलहाल मृतक की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन आम बात है और वहां सुरक्षा का कड़ा पहरा रहता है। तिब्बत की निर्वासित सरकार के अनुसार, हाल के दशकों में तिब्बत पर चीन के शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों से जुड़ी आत्मदाह की दर्जनों घटनाएं हुई हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने शाम करीब 6:30 बजे 911 पर आई एक कॉल पर कार्रवाई की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को एक 52 वर्षीय व्यक्ति बुरी तरह झुलसी अवस्था में मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस विभाग ने इसपर कोई टिप्पणी नहीं की कि व्यक्ति ने खुद को आग क्यों लगाई। पुलिस का कहना है कि जांच चल रही है। अधिकारियों ने अभी तक मृतक की पहचान का खुलासा नहीं किया है। फेसबुक अकाउंट से लाइव-स्ट्रीम किए गए एक वीडियो में एक व्यक्ति को तिब्बती झंडा लिए हुए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के सामने फर्स्ट एवेन्यू पर रुकते और फिर आग की लपटों में घिरते हुए देखा जा सकता है। वह जमीन पर गिर जाता है। इस दौरान वाहन गुजरते रहते हैं। अचानक दो लोग आग बुझाने वाले यंत्र लेकर पहुंचते हैं।



# राम मंदिर चोरी में आरोपियों की तस्वीर सामने आई

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या के राम मंदिर में दान की कथित चोरी के मामले में नया घटनाक्रम सामने आया है। जांच एजेंसियों को पहली ऐसी तस्वीर मिली है, जिसमें दोनों आरोपी अविनाश शुक्ला और अनुकल्प मिश्रा मंदिर के नकदी गिनती केंद्र के अंदर दिखाई दे रहे हैं। यह तस्वीर जांच में अहम सबूत मानी जा रही है, क्योंकि इसमें आरोपी उस कमरे के अंदर दिखाई दे रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए दान की गिनती की जाती थी और उसे आगे की प्रक्रिया के लिए तैयार किया जाता था। मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें अविनाश शुक्ला और अनुकल्प मिश्रा भी शामिल हैं। अन्य आरोपियों के नाम टीनू यादव, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रमाशंकर मिश्रा और सुभाष श्रीवास्तव हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने निगरानी व्यवस्था की कमियों का फायदा उठाया। जांचकर्ताओं का कहना है कि शुरुआती दौर में सीसीटीवी कंट्रोल रूम की सही तरीके से निगरानी नहीं हो रही थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी बिना पकड़े गए नकदी निकालने में सफल रहे। सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों को गणना केंद्र से पैसे लेते हुए देखा गया है। सूत्रों के अनुसार, संदिग्धों ने पहले कैमरों से बचने की कोशिश की, लेकिन बाद में जब उन्हें एहसास हुआ कि कोई भी निगरानी नहीं कर रहा है, तो उन्होंने खुलेआम पैसे ले जाने का काम किया। जांच में अब मंदिर के दान के प्रबंधन के लिए नियुक्त कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया भी जांच के दायरे में आ गई है। जांच के मुताबिक, उस समय राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव रहे चंपत राय ने नकदी गिनने वाले कर्मचारियों की भर्ती की जिम्मेदारी ट्रस्टी अनिल मिश्रा को सौंप दी थी।



### राम मंदिर दान प्रकरण की सुप्रीम कोर्ट निगरानी में जांच हो : मनोज



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने राम मंदिर दान प्रकरण में एसआईटी की जांच पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी मछलियों को बचाने की कोशिश की जाएगी और छोटी मछलियों को पकड़ा जाएगा। सांसद मनोज झा ने कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल की राम मंदिर दान प्रकरण की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाने की मांग का समर्थन किया।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर संघ ने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग



**नई दिल्ली।** संघ ने अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसके दोषियों को कठोर दंड दिए जाने की मांग की है। संघ ने मंदिर की व्यवस्था संभाल रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को याद दिलाया कि हिंदू समाज की स्वाभाविक अपेक्षा है कि व्यवस्था एवं संचालन की कमियां दूर की जाएं। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि राम मंदिर के दान पात्रों से जमा राशि की चोरी दुर्भाग्यपूर्ण है।

### आरोपी के दादा का दावा, घर गिराने का मिला एक हफ्ते का नोटिस

**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी बनाए गए लवकुश मिश्रा के परिवार ने प्रशासन पर घर गिराने की तैयारी का आरोप लगाया है। आरोपी के दादा जगदंबा प्रसाद मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि उनके परिवार को मकान ध्वस्तीकरण का एक सप्ताह का नोटिस मिला है। उन्होंने इसे अनुचित बताते हुए कहा कि बिना पर्याप्त अवसर दिए घर तोड़ने की कार्रवाई नहीं की जा सकती। आईएएनएस से बातचीत में जगदंबा प्रसाद मिश्रा ने बताया कि अधिकारियों ने उनसे मकान का स्वीकृत नक्शा मांगा है। उन्होंने कहा कि मकान का स्वीकृत नक्शा ठेकेदार के पास है, जो फिलहाल मौजूद नहीं है। ठेकेदार के लौटते ही नक्शा अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

## दृष्टिपात

### एनर्जी ड्रिंक' के दावों पर एफएसएसएआई सख्त, कई बेवरेज ब्रांड्स को नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई ) ने खुद को 'एनर्जी ड्रिंक' बताने वाले कई बेवरेज ब्रांड्स को मिसब्रांडिंग और भ्रामक दावों के आरोप में नोटिस जारी किया है। एफएसएसएआई के अनुसार, इन उत्पादों की ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार में ऐसे दावे किए गए, जो खाद्य सुरक्षा एवं लेबलिंग नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए। इनमें रेड बुल एनर्जी ड्रिंक, स्टिंग एनर्जी ड्रिंक, मॉन्स्टर एनर्जी, कैंपा गोल्ड बूस्ट, एड्रेनालाइन रश, हैल एनर्जी शामिल है। नियामक ने संबंधित कंपनियों से जवाब मांगा है और निर्देश दिया है कि वे भ्रामक दावों तथा गलत ब्रांडिंग को तुरंत सुधारें। नियामक ने इन कंपनियों की मार्केटिंग, लेबलिंग और प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताई है। नोटिस में कहा गया है कि गैर-मान्यता प्राप्त शब्दः भारत में 'एनर्जी ड्रिंक' नाम की कोई आधिकारिक खाद्य श्रेणी मौजूद नहीं है। भ्रामक दावे खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत भोजन या पेय पदार्थों पर "दिमाग और शरीर में स्फूर्ति, "फोकस बढ़ाना", "ऊर्जा स्तर को बूस्ट करना" या "आम कमजोरी दूर करना" जैसे चिकित्सीय या कार्यात्मक दावे करना प्रतिबंधित है।

### कोर्ट ले जाते समय सिया गोयल ने मीडिया को किया अभद्र इशारा, वीडियो वायरल



**पुणे।** केतन अग्रवाल हत्याकांड की मुख्य आरोपी सिया गोयल एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार वजह जांच नहीं, बल्कि मीडिया के सामने उसका आपत्तिजनक व्यवहार है। पुलिस की निगरानी में ले जाए जाने के दौरान सिया गोयल ने मीडियाकर्मियों की ओर मिडिल फिंगर दिखाई। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गुरुवार को जांच के सिलसिले में पुलिस सिया गोयल को पुणे के मार्केट यार्ड स्थित उसके घर लेकर गई थी। इस दौरान वह काले रंग की टी-शर्ट पहने हुए थी और उसने अपने चेहरे को प्रिंटेड स्कार्फ से ढका हुआ था। घर से बाहर निकलते समय उसने वहां मौजूद मीडियाकर्मियों की ओर देखा और कैमरों के सामने मिडिल फिंगर दिखा दी। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने उसकी कड़ी आलोचना की। कई लोगों ने हत्या जैसे गंभीर मामले में आरोपी होने के बावजूद इस तरह के व्यवहार को असंवेदनशील और अनुचित बताया।

### कर्नाटक में शिकायतों के बाद घर-घर बांटे जाएंगे एसआईआर के फॉर्म

**बेंगलुरु।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना प्रपत्र घर-घर जाकर बांटने के बजाय दफ्तरों से दिए जाने की शिकायतों के बाद कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) वी. अंबु कुमार ने शुक्रवार को सभी उपायुक्तों को भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए। केंद्रीय खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि रामनगर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में कर्नाटक सरकार सीधे हस्तक्षेप कर रही है। उन्होंने मामले में कथित अनियमितताओं की तत्काल और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने रामनगर जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि इस प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं के सबूत हैं। सभी उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को जारी निर्देश में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार हर घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करें। ये प्रपत्र सरकारी दफ्तरों या किसी अन्य तय स्थान से नहीं बांटे जाने चाहिए।

### डिजिटल अरेस्ट स्कैम पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, ओडिशा-राजस्थान से तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम के सिलसिले में 30 जून को ओडिशा और राजस्थान में सात जगहों पर तलाशी अभियान चलाया और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के तहत सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने यह मामला 25 मार्च को दर्ज किया था, जहां आरोपियों ने एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी को डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर 2.07 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया था। जांच से पता चला कि धोखाधड़ी से हासिल रकम को एक ट्रस्ट के नाम पर खोले गए बैंक खाते में भेजी गई थी। इस मामले में ओडिशा के बालासोर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीसरे आरोपी को राजस्थान के नागौर से पकड़ा गया। वे पीड़ित से ली गई अवैध रकम को कई खातों के ज़रिए घुमाने (लेयरिंग) और ट्रांसफर करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। मामले की जांच में आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए गए हैं।

### पाकिस्तान में 80 फीट नीचे खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 40 की मौत, आठ घायल

**नई दिल्ली।** खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा सामने आया, जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से जानकारी दी कि बलूचिस्तान के शेरानी जिले के धनसार इलाके से निकलकर प्रांतीय सीमा पार कर खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान में घुसते ही पेशावर जा रही एक यात्री बस खाई में गिर गई। पाकिस्तान की मीडिया डॉन के अनुसार, इस भयानक घटना में 40 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री के मीडिया और राजनीतिक मामलों के सहायक, शाहिद रिंद ने सबसे पहले मरने वालों की संख्या बताई। हालांकि, बाद में केपी रेस्क्यू 1122 ने भी इसकी पुष्टि की। रिंद के बयान में कहा गया कि बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के निर्देश पर दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव कार्य शुरू कर दिए गए थे। शुक्रवार सुबह बयान में कहा गया, "दोनों प्रांतों के जिला प्रशासन, बचाव और दूसरे संबंधित विभाग प्रभावित लोगों को मदद दे रहे हैं। सच सामने लाने के लिए घटना की जांच की जाएगी।"

### राम मंदिर चंदा चोरी पर बोले विनय कटियार पीएम से की थी बात, दोषी अब जेल जाएंगे



**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता और बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार ने शुक्रवार को दावा किया कि अगर चल रही जांच में गड़बड़ी साबित होती है, तो श्री राम जन्मभूमि मंदिर के लिए दिए गए दान में कथित अनियमितताओं के मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय, एडमिनिस्ट्रेटर गोपाल राव और पूर्व ट्रस्टी अनिल मिश्रा को जेल हो सकती है। कटियार का कहना है कि चंपत राय और अनिल मिश्रा जल्द ही जेल जा सकते हैं। एएनआई से बात करते हुए कटियार ने आरोप लगाया कि भक्तों द्वारा दान किए गए पैसे का गबन किया गया है और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी। उनके अनुसार, मामला अब उस चरण में पहुँच गया है जहाँ कानून को अपना काम करना चाहिए और दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। एएआई के अनुसार कटियार ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पैसे का गबन हुआ है। मैंने इस मामले पर मोदी जी से बात की, और उन्होंने पूछा कि भविष्य में क्या होगा। मैंने उनसे कहा कि सब ठीक हो जाएगा। हो सकता है कि आने वाले दिनों में चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा को जेल जाना पड़े। बीजेपी नेता ने राम जन्मभूमि आंदोलन को भी याद किया और मंदिर आंदोलन में अपनी भूमिका के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आंदोलन के दौरान कई कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा दिए गए बलिदानों को याद किया और सिंह के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमने उस जगह के लिए बलिदान दिया है।



# रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल वर्ल्ड कप के अंतिम-16 में

## आखिरी मिनट में क्रोएशिया का गोल रद्द, नाराज फैंस ने मैदान पर बोतलें फेंकी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने शुक्रवार को क्रोएशिया को 2-1 से हराया। अब पुर्तगाल का मुकाबला 2010 की चैंपियन स्पेन से 7 जुलाई को होगा। स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराया। टीम ने 2010 के बाद पहली बार नॉकआउट मैच जीता है। एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड ने अल्जीरिया को हराकर लगातार चौथी बार टॉप-16 में जगह बनाई।

टोरेंटो स्टेडियम में इवान पेरिशिच ने हाफ टाइम के बाद गोल कर क्रोएशिया को 1-0 से आगे कर दिया। 68वें मिनट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी पर बराबरी का गोल दागा। फुल टाइम तक स्कोर 1-1 रहा। इंजरी टाइम में गोंसालो रामोस ने हेडर से गोल कर पुर्तगाल की जीत लगभग पक्की कर दी। आखिरी क्षणों में क्रोएशिया ने बराबरी का गोल किया, इस फैसले से नाराज क्रोएशियाई प्रशंसकों ने मैदान पर बोतलें फेंकी और रेफरी के खिलाफ विरोध जताया।

## भारतीय बैडमिंटन में नया स्कोरिंग सिस्टम लागू होगा, 21 की जगह 15 अंकों का होगा गेम

### एर्नाकुलम सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट से होगी शुरुआत



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन में जुलाई 2026 से नया स्कोरिंग सिस्टम लागू हो जाएगा। इसके तहत गेम 21 की जगह 15 पॉइंट्स के होंगे। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। नए नियमों का पहला इस्तेमाल 7 से 14 जुलाई तक एर्नाकुलम के रीजनल स्पोर्ट्स सेंटर में होने वाले ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में किया जाएगा। इसके बाद यह फॉर्मेट सभी जोनल चैंपियनशिप, घरेलू रैंकिंग टूर्नामेंट और नेशनल चैंपियनशिप में लागू होगा। इसमें अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19, सीनियर और मास्टर्स सभी एज ग्रुप शामिल होंगे।

वहीं, नए फॉर्मेट में मैच पहले की तरह बेस्ट ऑफ-3 गेम ही होंगे, लेकिन अब हर गेम 21 की जगह 15 अंक का होगा। 14-14 की बराबरी होने पर 2 अंकों की बढ़त जरूरी होगी। अगर स्कोर 20-20 तक पहुंचता है तो अगला अंक जीतने वाला खिलाड़ी गेम अपने नाम करेगा। यानी हर गेम की अधिकतम सीमा 21 अंक होगी।

## तीसरी रांची जिला निशानेबाजी चैंपियनशिप शुरू, 200 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टिकैत उमराव सिंह निशानेबाजी रेंज में शुक्रवार से तीसरी रांची जिला निशानेबाजी चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। झारखंड के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्णन किशोर ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यह प्रतियोगिता तीन से पांच जुलाई तक चलेगी, जिसमें रांची समेत विभिन्न क्षेत्रों के 200 से अधिक निशानेबाज भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल एवं एयर पिस्टल (महिला और पुरुष वर्ग), 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल, स्टैंडर्ड पिस्टल, सेंटर फायर पिस्टल तथा 50 मीटर प्रोन राइफल और थ्री पोजीशन सहित विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में झारखंड खेल प्रोत्साहन सोसायटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार झा, रांची जिला निशानेबाजी संघ के अध्यक्ष विनय कुमार, झारखंड गौ आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राजेश गुप्ता सहित खेल एवं प्रशासन से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्य के उभरते निशानेबाजों की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। रौनक राज महतो ने 10 मीटर एयर राइफल में युवा एशियाई चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, जबकि सुप्रिया कुमारी ने 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप-2024 में रजत पदक जीतकर झारखंड का गौरव बढ़ाया। वित्त मंत्री राधाकृष्णन किशोर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निशानेबाजी में सफलता के लिए एकाग्रता और श्वास पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग का नियमित अभ्यास इस खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे आयोजन राज्य में निशानेबाजी खेल को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के युवा निशानेबाजों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के आधार पर आगामी प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होने का प्रयास करेंगे।

## ब्रिटेन दौरे पर रवाना हुई भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम, सिमडेगा की निशा मिंज भी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/सिमडेगा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम शनिवार देर रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रिटेन के प्रशिक्षण एवं अनुभव दौरे के लिए रवाना हो गई। यह दौरा 5 से 14 जुलाई 2026 तक चलेगा। 24 सदस्यीय भारतीय टीम में झारखंड के सिमडेगा जिले की प्रतिभावान खिलाड़ी निशा मिंज को भी स्थान मिला है।

उनके चयन से जिले में खुशी का माहौल है। निशा मिंज सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड स्थित किनकेल गांव की रहने वाली हैं। वह भारतीय जूनियर महिला टीम में अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी के रूप में खेलती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उनके पिता का निधन हो चुका है। उनकी माता हाट-बाजारों से उड़द, कुरथी सहित अन्य दलहन खरीदकर उसकी दाल तैयार करती हैं और उसे बेचकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। कठिन परिस्थितियों के बीच निशा ने अपनी लगन और संघर्ष से भारतीय टीम में जगह बनाई है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम नए मुख्य प्रशिक्षक टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में आगामी जूनियर एशिया कप सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए इस दौरे पर सात मुकाबले खेलेगी।

दौरे की शुरुआत स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में स्कॉटलैंड की वरिष्ठ महिला टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद भारतीय टीम लिलेशल राष्ट्रीय खेल केंद्र में संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड और बेल्जियम की जूनियर टीमों के विरुद्ध मुकाबले खेलेगी। इस दौरे का उद्देश्य खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव दिलाना और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए टीम को मजबूत तैयार करना है।

## लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में कराटे प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल, रांची में छात्राओं के लिए नियमित मार्शल आर्ट (कराटे) प्रशिक्षण का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में शुरू हुए इस प्रशिक्षण का संचालन विद्यालय की छुट्टी के बाद नियमित रूप से किया जाएगा। प्राचार्या सिस्टर के. क्लारा के मार्गदर्शन में शुरू कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है। राष्ट्रीय कराटे प्रशिक्षक शिहान रंजीत मेहता के नेतृत्व में पहले दिन छात्राओं को कराटे की बुनियादी तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण में सेंसाई सुनील मेहता और सेंसाई सुमन एक्का ने भी सहयोग किया। मुख्य तकनीकी निदेशक हंसी मानस सिन्हा ने सफल शुरुआत पर टीम को बधाई दी। शिहान मेहता ने कहा कि प्रशिक्षण से छात्राएं ब्लैक बेल्ट तक की तैयारी कर सकेंगी और जिला, राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।



# बीएटी-बीएमएस जैसे ऐप हुए प्रतिबंधित सरकार ने दुरुपयोग पर कसा शिकंजा

**एजेंसी । नई दिल्ली**




**ई-रिक्शा चालकों की परेशानी**

- चलती गाड़ी अचानक बंद होने से बढ़ी मुश्किलें
- मैकेनिक ने ऐप से बैटरी दोबारा चालू कर वसूले 300 रुपए
- यात्रियों के साथ सफर के दौरान भी बार-बार बंद हुई गाड़ी

सोशल मीडिया पर ऐप के माध्यम से दूर से ही ई-रिक्शा स्विच ऑफ करने के कई वीडियो वायरल होने के बाद चीनी ऐप बीएटी-बीएमएस को मिलाकर कई ऐप जांच के दायरे में आ गए हैं। इसकी वजह सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं और ऐप के दुरुपयोग की संभावनाएं हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से बीएटी-बीएमएस समेत लॉसिगी और एपोच आई-आयन ऐप हटाने का आदेश दिया है। बीएटी-बीएमएस को चीन की शेन्जेन ग्रेनर्जी टेक्नोलॉजी ने ब्लूटूथ-आधारित लिथियम-आयन बैटरी के लिए बनाया था। ऐप को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि बैटरी मालिक वोल्टेज, करंट, तापमान, चार्जिंग साइकिल और बैटरी की कुल सेहत जैसे जरूरी पैरामीटर्स को रियल-टाइम में मॉनिटर कर सकें। इसके अलावा, यह ऐप यूजर्स को बैटरी के कुछ फीचर्स को मैनेज करने की सुविधा भी देता है, जिसमें रखरखाव और सुरक्षा के लिए बैटरी के डिस्चार्ज फीचर्स को चालू या बंद करना शामिल है। भारत में कई ई-रिक्शा बनाने वाली कंपनियां ब्लूटूथ-आधारित बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस) वाली लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल करती हैं। कई ई-रिक्शा में ये सिस्टम बिना पासवर्ड सुरक्षा के लगाए जाते हैं या फैक्टरी-डिफॉल्ट सेटिंग्स के साथ ही काम करते रहते हैं।

इससे 10 से 20 मीटर की रेंज के साथ ब्लूटूथ ऑन रहता है। कोई भी व्यक्ति बीएटी-बीएमएस या इसके जैसे किसी अन्य ऐप का उपयोग करके ई-रिक्शा को स्विच ऑफ कर सकता है।

एक ई-रिक्शा ड्राइवर ने बताया कि यह समस्या कुछ दिन पहले ही सामने आई, जब उसकी गाड़ी अचानक बंद हो गई। ड्राइवर ने कहा, "शुरू में हमें लगा कि गाड़ी में कोई खराबी है और हम उसे मैकेनिक के पास ले गए। जांच करने के बाद, उसने बताया कि कोई मैकेनिकल समस्या नहीं है। उसने कहा कि किसी ने सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके बैटरी बंद कर दी थी।

## भारत की कमर्शियल और इंडस्ट्रियल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 2032 तक तीन गुना बढ़कर 100 गीगावाट होने की उम्मीद



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत की कमर्शियल और इंडस्ट्रियल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 2032 तक बढ़कर 100 गीगावाट हो सकती है, जो कि 2025 में 32 गीगावाट है। साथ ही स्थापित एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की क्षमता 10 गुना से अधिक बढ़कर 31 गीगावाट-घंटा होने की उम्मीद है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। इंडिया एनर्जी स्टोरेज एलायंस और कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस की रिपोर्ट में इस तेज वृद्धि का श्रेय कंपनियों के डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों, आसमान छूते ग्रिड टैरिफ और ऊर्जा लचीलेपन की बढ़ती आवश्यकता को दिया गया है, जिसमें राज्य-स्तरीय नियामक इनोवेशन स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की गति को तेज कर रहा है।

## भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन हरे निशान में बंद सेंसेक्स 262 अंक उछला



**एजेंसी । मुंबई**

वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र यानी शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुआ। इस दौरान आईटी, रियल्टी, फार्मा और हेल्थकेयर शेयरों में शानदार तेजी देखने को मिली। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 261.79 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढकर 77,763.91 पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी 50 95.15 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,270.85 पर पहुंच गया। दिन के सत्र में सेंसेक्स अपने पिछले बंद 77,502.12 से 0.83 प्रतिशत यानी 650.22 अंकों की शानदार बढ़त के साथ 78152.34 पर खुला और दिन के कारोबार में यह 655.40 अंकों यानी 0.84 प्रतिशत की उछाल के साथ 78,157.52 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 50 अपने पिछले बंद 24,175.70 से 0.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,375.65 पर खुला और दिन के कारोबार में यह 0.83 प्रतिशत की उछाल के साथ 24,378.15 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लगातार तीन सत्रों की बढ़त के साथ सेंसेक्स में लगभग 1,300 अंकों यानी 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, एनएसई में तीन दिनों में 400 से अधिक अंकों यानी 1.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## नई आधार ऐप सुविधा का असर, 48 घंटों में 2.5 लाख से अधिक ईमेल अपडेट

**एजेंसी । नई दिल्ली**




केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि आधार ऐप पर ईमेल आईडी निशुल्क अपडेट होने की सुविधा एक जुलाई से शुरू होने के बाद पहले दो दिनों में 2.5 से अधिक ईमेल अपडेट हुए हैं। सरकार ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने निवासियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए अब लोगों को आधार ऐप के माध्यम से सीधे आधार में अपनी ईमेल आईडी जोड़ने या अपडेट करने की अनुमति दे दी है, जिससे आधार केंद्र जाने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। यूआईडीएआई के मुताबिक, यह सेवा केवल आधार ऐप के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध है, जो 1 जुलाई, 2026 से छह महीने की अवधि के लिए प्रभावी होगी। इससे निवासियों के लिए अपनी आधार जानकारी को अपडेट रखना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा। भौतिक रूप से आने-जाने की आवश्यकता को समाप्त करके, यह पहल डिजिटल इंडिया के अंतर्गत विकसित भारत की दिशा में लोगों के अनुकूल डिजिटल सेवा प्रदान करने के लिए यूआईडीएआई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। सरकार ने कहा कि जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया नया आधार ऐप लोगों को अपने स्मार्टफोन से ही मोबाइल नंबर अपडेट और पता अपडेट सहित कई सेवाओं का आसानी से लाभ उठाने में सक्षम बना रहा है। अब तक 40 लाख से अधिक लोगों ने नए आधार ऐप का उपयोग करके अपने मोबाइल नंबर अपडेट किए हैं। वहीं, लगभग 10 लाख लोगों ने इस ऐप का उपयोग करके अपना पता भी अपडेट किया है।

## एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारत के जीसीसी इकोसिस्टम का सबसे बड़ा भागीदार बना जापान

### 100 से अधिक सेंटर स्थापित

**एजेंसी । नई दिल्ली**

शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, जापान एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र में भारत के ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) इकोसिस्टम का सबसे बड़ा भागीदार बनकर उभरा है। जापानी कंपनियां भारत में 100 से अधिक जीसीसी स्थापित कर चुकी हैं और ये सेंटर अब इंजीनियरिंग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और प्रोडक्ट इनोवेशन के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं। डेलॉइट इंडिया की "इंडियाज स्ट्रेटेजिक जीसीसी प्ले फॉर जापानीज इंटरप्राइजेज" नामक रिपोर्ट के अनुसार, जापानी कंपनियां एनोवेशन-आधारित और क्षमता-केंद्रित विकास को गति देने के लिए भारत में अपने जीसीसी नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये सेंटर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), एम्बेडेड सिस्टम, क्लाउड टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड एनालिटिक्स और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# तनाएरा ने हाथ से बनी साड़ियों और एथनिक परिधानों के क्युरेटेड कलेक्शन की सेल शुरू की

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद ।** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने अपनी सेल शुरू करने की घोषणा की है, अब तनाएरा के उपभोक्ता हाथ से बनी साड़ियां और अन्य परिधान किफ़ायती दामों पर खरीद सकते हैं। एक जुलाई 2026 से शुरू हुई इस सेल के तहत चुनिंदा साड़ियों पर 40 फीसदी तक की छूट तथा कुर्ता एवं कुर्ता सेट पर 50 फीसदी तक की छूट मिलेगी, ये प्रोडक्ट्स तनाएरा के ऑफलाइन एवं ऑनलाइन स्टोर से खरीदे जा सकते हैं। सेल के पहले 5 दिनों के दौरान सदस्यों को अतिरिक्त 5 फीसदी की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। इस तरह यह सेल शादियों, त्योहारों और सीज़न के अन्य जश्नों के लिए सदाबहार पीस खरीदने का मौका लेकर आई है। भारत की समृद्ध टेक्सटाईल धरोहर के लिए विख्यात तनाएरा देश भर के जाने-माने बुनाई केंद्रों से हाथ से बुने परिधानों का एक व्यापक कलेक्शन लेकर आई है। इस सेल में ब्रांड के सबसे पसंदीदा साड़ी कलेक्शन जैसे कांजीवरम, बनारसी, साउथ सिल्क, टसर, जामदानी, संबलपुरी, इकत, चंदेरी, महेश्वरी, कोटा डोरिया आदि शामिल हैं। इनमें से हर साड़ी विभिन्न बुनाई केंद्रों की विरासत को दिखाती है। उपभोक्ता आने वाले महीनों में शादियों, त्योहारों और अन्य खास मौकों की तैयारियां शुरू कर रहे हैं, ऐसे में तनाएरा की सेल हाथ से बनी साड़ियों के साथ-साथ शुद्ध और प्राकृतिक कपड़ों से बने शानदार कुर्ते, कुर्ता सेट, ब्लाउज़ और अनस्टिच्ड सेट का बेहतरीन कलेक्शन पेश करती है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी संजोकर रखने वाली सदाबहार साड़ियां हों या हर जश्न के लिए आधुनिक एथनिक वियर, इस कलेक्शन में उपभोक्ताओं को ऐसे स्टाइल मिलेंगे, जो भारत की शानदार टेक्सटाइल विरासत को खूबसूरती से दर्शाते हैं। तनाएरा की पहचान प्रमाणिकता और शुद्धता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता है। प्योर सिल्क की हर साड़ी सिल्क मार्क से सर्टिफाइड होती है, वहीं कुछ खास कलेक्शन के साथ ज़री सर्टिफिकेशन भी मिलता है, जो गुणवत्ता के प्रति ब्राण्ड के वादे को मजबूत बनाता है। भरोसे के मूल्यों को बनाए रखते हुए तनाएरा देश की सदियों पुरानी बुनाई की परंपराओं का जश्न मनाना और उन्हें संजो करत्र रखना जारी रखे हुए है, साथ ही हाथ से बने बेहतरीन परिधान समझदार उपभोक्ताओं तक पहुंचा रही है। सेल के बारे में बात करते हुए, तनाएरा के चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर सोमप्रभ कुमार सिंह ने कहा कि तनाएरा में हमारी हर रचना भारत की समृद्ध टेक्सटाइल विरासत से जुड़ी है और इसे प्रमाणिकता एवं शुद्धता के साथ तैयार किया गया है। इस सीज़न सेल के ज़रिए, हम उपभोक्ताओं को हाथ से बनी साड़ियों एवं परिधानों के खास कलेक्शन को देखने और चुनने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो कारीगरी और सदाबहार स्टाइल का जश्न मनाते हैं।

### एसआईआर पर कांग्रेस का संवाद कार्यक्रम, के राजू ने कहा

# पात्र मतदाताओं का नाम सूची से नहीं छूटे

● चंदवा, मनिका और लातेहार में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, घर-घर जाकर मतदाता सूची सत्यापन का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने शुक्रवार को लातेहार जिले के दौरे के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न छूटे। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत के. राजू सबसे पहले चंदवा पहुंचे, जहां पंचायत स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर को लेकर संवाद किया। इसके बाद उन्होंने मनिका में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की। वहीं लातेहार पहुंचकर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए के. राजू ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए तथा किसी भी योग्य मतदाता का नाम छूटने नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आम लोगों को एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी देने, आवश्यक प्रपत्र भरवाने में सहयोग करने तथा नए पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वाने और मतदाता सूची में मौजूद त्रुटियों को दूर कराने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। संवाद कार्यक्रम में केशव महतो कमलेश, धीरज प्रसाद साहू, के. एन. त्रिपाठी, रामचन्द्र सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, मतदाता जागरूकता बढ़ाने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही कार्यकर्ताओं से एसआईआर अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सुनिश्चित कराने के लिए सक्रिय रूप से जुटने का आह्वान किया।

### मनिका प्रखंड प्रमुख ने भाजपा का छोड़ कांग्रेस का दामन थामा भाजपा को बड़ा झटका



**मनिका।** मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने भाजपा का दामन छोड़ा और कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस प्रभारी के राजु कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो और मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह की उपस्थिति में पार्टी का सदस्यता ग्रहण की। प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी को भाजपा छोड़ने पर भाजपाईयों को झटका लगा है। प्रखंड प्रमुख ने कही कि मैं अपने तन मन से पार्टी के प्रति अपनी श्रद्धा से कार्य करूंगी और पार्टी के हित के लिए हमेशा तत्पर हूं।

### बिजली सब स्टेशन की क्षमता दोगुनी होने के बाद आपूर्ति व्यवस्था चरमराई

# 24 घंटे में दो घंटे भी नहीं मिली बिजली, बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बरकरार

**नवीन मेल संवाददाता**



बारिश के बाद 12 घंटे बिजली रही गुल, बीस सूत्री अध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन में 10 एमवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित होने के बाद इसकी क्षमता दोगुनी हो गई है। इसके बाद भी बिजली आपूर्ति व्यवस्था लगातार चरमराई है। वर्तमान स्थिति यह है कि पूर्व से भी हालात बदतर हो गई है। राकेश कुमार, प्रकाश कुमार, संतन चौधरी, मंटू मेहता सहित कर उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले 24 घंटे में मुश्किल से दो घंटे भी निर्बाध बिजली नहीं मिल सकी है। कभी दो मिनट तो कभी पांच मिनट आपूर्ति देने के साथ ही बार बार ट्रिपिंग की समस्या दूर नहीं किया जा सका हैं। बिजली आती है और फिर बिना किसी सूचना के गायब हो जाती है। गुरुवार की रात नौ बजे बारिश शुरु होने के साथ ही बिजली गुल होने पर शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे आपूर्ति बहाल की गई। लगातार हो रही बिजली की आंख मिचौली और उमस भरी गर्मी में लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त है। घरों में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे अधिक परेशानी झेल रहे हैं। पेयजल आपूर्ति, घरेलू कार्य और छोटे व्यवसाय भी बिजली संकट से प्रभावित हैं। रोना तो इस बात को लेकर है कि हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय व बाजार क्षेत्र से चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन की मात्र एक किलोमीटर है। जब यहां की स्थिति यही है तो ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति इससे बेहतर कैसे हो सकती है। बिजली संकट को लेकर आम लोगों में विभाग के प्रति काफी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के बावजूद नियमित इसका लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन में पदस्थापित कर्मियों की लापरवाही से उपभोक्ताओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने वर्तमान कर्मियों को तत्काल हटाकर उनकी जगह योग्य एवं जिम्मेदार कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग विभागीय उच्चाधिकारी से की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जनआंदोलन शुरु किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेवारी विभागीय अधिकारी की होगी। इधर स्थानीय लोगों ने व्यंग्य करते हुए कहा कि चौक बाजार में अब नियमित बिजली के लिए शायद महामृत्युंजय मंत्र का जाप ही कराना पड़ेगा।

### घर में सो रही पांच वर्षीय बच्ची को सांप ने काटा, इलाज के दौरान मौत

**भंडरिया।** भंडरिया थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात एक हृदयविदारक घटना में विषैले सांप के डसने से पांच वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र निवासी रमेश माझी की पांच वर्षीय पुत्री मुन्नी कुमारी के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात करीब 11 बजे मुन्नी कुमारी अपने घर में पलंग पर गहरी नींद में सो रही थी। इसी दौरान एक विषैला सांप पलंग पर चढ़ गया और बच्ची को डस लिया। कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने तत्काल स्थिति को समझते हुए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, डॉ. एसआई खान, डॉ. अमित कुमार एवं डॉ. अजय सिंह पटेल ने बच्ची का प्राथमिक उपचार किया। परिजनों ने समय की गंभीरता को देखते हुए निजी वाहन से बच्ची को बेहतर इलाज के लिए डाल्टनगंज ले जाने का निर्णय लिया, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## प्रेम विवाह से नाराज परिवार ने जीवित बेटी का किया पिंडदान

**नवीन मेल संवाददाता**




**चतरा।** चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित पांडे टोला में प्रेम विवाह के बाद एक परिवार ने अपनी जीवित बेटी का प्रतीकात्मक पिंडदान और अंतिम संस्कार किए जाने का मामला पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। परिवार ने बेटी से सभी सामाजिक और पारिवारिक संबंध समाप्त करने की घोषणा कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार पांडे टोला गिद्धौर निवासी अशोक पांडे की पुत्री संध्या कुमारी ने परिवार की इच्छा के विरुद्ध गांव के ही विवेक कुमार के साथ प्रेम विवाह कर लिया। दोनों अलग-अलग जाति से संबंध रखते हैं। इस विवाह से आहत परिजनों ने बेटी को परिवार से अलग मानते हुए सनातन परंपरा के अनुसार उसका प्रतीकात्मक पिंडदान करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को परिजन युवती की फोटो और पुतले के साथ श्मशान घाट पहुंचे। वहां हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार और पिंडदान की रस्में पूरी की गईं। परिजनों ने बताया कि जिस तरह से मृत्यु के बाद श्राद्ध और अन्य संस्कार होते हैं वैसा सी कर्मकांड उनकी ओर से किया जा रहा है। इस दौरान ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष, परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। परिजनों का कहना है कि बेटी के फैसले से परिवार की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। इसी कारण उन्होंने उससे सभी रिश्ते समाप्त कर दिए हैं और भविष्य में किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखने का निर्णय लिया है। हालांकि प्रेम विवाह करने वाले युवक-युवती की ओर से इस मामले में कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## खिलौने वाले गन से लूटपाट करने वाले तीन अपराधी हुए गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले की रामगढ़ पुलिस ने खिलौने वाले गन से लूटपाट करने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी से बाइक और मोबाइल लूटकांड का उद्भेदन हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई स्प्लेंडर प्लस बाइक, मोबाइल सहित घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक और अन्य सामान बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, बेनीडीह गांव के कबरा बथान निवासी सूरजदेव भुईयां ने 23 जून को रामगढ़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 22 जून की शाम करीब 8 बजे सरहुआ से अपने घर लौटने के दौरान तिनकोनिया मोड़ के पास बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनका पीछा कर रास्ता रोक लिया। इसके बाद मारपीट कर उनकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (जेएच 14पी -5442) और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर रामगढ़ थाना (कांड संख्या 21/26 )दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले चंदन कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास से लूटा गया मोबाइल और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल (जेएच 03एयू-5407) बरामद हुई। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अक्षय कुमार रजक और अंकुर कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई स्प्लेंडर बाइक चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर से बरामद की गई।

पुलिस ने आरोपितों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया खिलौना पिस्टल, चार मोबाइल फोन, लूटी गई बाइक का नंबर प्लेट, दोनों लुकिंग ग्लास, एक प्लास, एक स्क्रू ड्राइवर और दो रिंच भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने शुक्रवार इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि तीनों आरोपित रामगढ़ के ग्राम बाघी के धोबी टोला के रहने वाले हैं।

## प्रस्तावित रांची-डाल्टनगंज वाया लोहरदगा मेमू ट्रेन का जपला तक परिचालन विस्तार की मांग तेज

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** रांची रेल मंडल के अधीन 12 कोच वाले प्रस्तावित रांची-डालटनगंज वाया लोहरदगा मेमू ट्रेन का परिचालन विस्तार जपला तक करने की मांग तेज हो गई है। बताया गया कि यह मेमू ट्रेन अप-डाउन शटल पैटर्न पर शाम करीब 6.30 बजे रांची से डाल्टनगंज के लिए रवाना होगी और सुबह रांची लौटेगी। इससे नौकरीपेशा लोगों, छात्रों और दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी। फिलहाल इसका प्रस्ताव रेलवे मुख्यालय में अनुमोदन के लिए लंबित है। जिसके संचालन को लेकर रांची रेल मंडल ने प्रारंभिक तैयारी पूरी कर 12 कोच वाले मेमू रेक की व्यवस्था कर ली है। इसमें करीब 1000 यात्री बैठकर और लगभग 2500 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। अगले महीने तक धनबाद रेल डिवीजन से भी इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की संभावना है। बताया गया कि इस ट्रेन का ठहराव पिस्का, नगड़ी, टांगरबसली, लोहरदगा, टोरी जंक्शन, लातेहार, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड जंक्शन पर होगा। ऐसे में यात्रियों ने मांग की है कि इसका परिचालन विस्तार झारखंड राज्य के सीमावर्ती जपला स्टेशन तक कराया जाए। जिससे उंटारी रोड, मोहम्मदगंज और हैदरनगर स्टेशनों से जुड़े लोगों को एक और अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा प्राप्त हो सके। इस संबंध में पूछे जाने पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि इस ट्रेन का जपला तक परिचालन विस्तार को लेकर सांसद के संज्ञान में दिया गया है। सांसद ने इस ट्रेन का परिचालन नियमित होने पर इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर सहमति जताई है।

## 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के तहत फाइलेरिया पीड़ित युवक को मिला उपचार व कानूनी सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता**



● जल्द बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**रंका।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) रांची तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) गढ़वा के तत्वावधान में सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष मनोज प्रसाद एवं सचिव निभा रंजना लकड़ा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों तक विधिक सहायता एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत के पारा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) राजेश कुमार चौधरी द्वारा गांव-गांव जाकर जरूरतमंद परिवारों की समस्याओं का समाधान कराने और उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम गासेदाग, खड़याही, बहाहारा निवासी 22 वर्षीय सकेंद्र कुमार भुइयां, पिता रामराज भुइयां, जो पिछले कई वर्षों से फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, उनसे मुलाकात कर उनकी स्वास्थ्य एवं सामाजिक स्थिति का जायजा लिया गया।

सकेंद्र कुमार भुइयां लंबे समय से फाइलेरिया के कारण शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं। बीमारी के कारण उनके पैर में अत्यधिक सूजन आ गई है, जिससे उन्हें चलने-फिरने और दैनिक कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी स्थिति को देखते हुए पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने उन्हें आवश्यक कानूनी एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध कराने की पहल की। साथ ही उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कराई जाएगी, ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ मिल सके। रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार एवं डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाला एक गंभीर एवं स्थायी रोग है। यह बीमारी संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। इस रोग में शरीर के अंग, विशेषकर पैर, अत्यधिक सूजकर हाथी के पैर की तरह मोटे एवं बेडौल हो जाते हैं। यदि समय पर उपचार एवं नियमित दवा का सेवन नहीं किया जाए तो रोग की गंभीरता बढ़ जाती है और मरीज को स्थायी शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

इस संबंध में रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़े पंकज कुमार विश्वकर्मा एवं तरुण विश्वास ने बताया कि प्रारंभिक चरण में मरीज का लेप्रोसी (कुष्ठ रोग) के तहत भी उपचार किया गया था, लेकिन समय पर दवा का नियमित सेवन नहीं होने तथा उचित देखभाल के अभाव में बीमारी की स्थिति गंभीर हो गई। वर्तमान में चिकित्सक पंकज कुमार विश्वकर्मा की निगरानी में मरीज को आवश्यक दवाइयां खिलाई गई हैं। साथ ही जरूरत के अनुसार इंजेक्शन, मेडिकल किट एवं अन्य आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सकेंद्र कुमार भुइयां का नियमित चिकित्सकीय फॉलो-अप किया जाएगा तथा उन्हें बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से भी उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के माध्यम से विधिक सेवा प्राधिकार, स्वास्थ्य विभाग एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों का यह संयुक्त प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद, असहाय एवं वंचित लोगों तक न्याय, स्वास्थ्य सेवाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

### एनआई एक्ट विशेष लोक अदालत की तैयारियां तेज, पीडीजे ने अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

# 18 को होगी विशेष लोक अदालत, 3 से 17 जुलाई तक चलेगी पूर्व सुलह वार्ता

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** आगामी 18 जुलाई 2026 को व्यवहार न्यायालय, लातेहार में आयोजित होने वाली एनआई एक्ट (चेक बाउंस) मामलों की विशेष लोक अदालत की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) लातेहार शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष शेष नाथ सिंह ने कहा कि विशेष लोक अदालत का उद्देश्य चेक बाउंस से संबंधित मामलों का बिना किसी अतिरिक्त खर्च के आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्वरित निपटारा करना है। उन्होंने कहा कि एनआई एक्ट की धारा 138 के लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे न्यायालय और वादकारियों के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने मुवक्किलों को विशेष लोक अदालत का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें, ताकि मामलों का आपसी समझौते के आधार पर शीघ्र निपटारा हो सके। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित चेक बाउंस के ऐसे मामलों की पहचान की जा रही है, जिनमें समझौते की संभावना अधिक है। साथ ही न्यायालय के कर्मियों को अधिक से अधिक मामलों में नोटिस जारी कर पक्षकारों को पूर्व सुलह वार्ता में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 18 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत से पहले 3 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक प्री-काउंसलिंग (पूर्व सुलह वार्ता) की प्रक्रिया चलाई जाएगी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से विवादों के समाधान का प्रयास किया जाएगा, जिससे लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निपटारा संभव हो सके।

बैठक में शिवम चौरसिया, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सह अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव, अधिवक्ता सुनील कुमार, कुमार अमित, मिथलेश कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, नवीन कुमार गुप्ता, निरंजन प्रकाश मल्लान, वृंद बिहारी यादव, अरविंद प्रसाद गुप्ता, अब्दुल सलाम, प्रमोद कुमार पाण्डेय, बिनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### प्रभारी प्रधानाध्यापक पर...

जानकारी मिली है कि आरोपी घटना के बाद फरार है। जिला शिक्षा अधिकारी अनुराग मिंज ने स्कूल का निरीक्षण कर मामले की गहनता से जांच का आदेश दिया है और कहा है कि दोषी किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने बताया कि आरोपी शिक्षक कांडी थाना क्षेत्र का निवासी है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### सीए फाउंडेशन परीक्षा...

रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन, उपाध्यक्ष सीए विवेक खोवाल, सचिव सीए दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष सीए हरेंदर भारती और कार्यकारिणी सदस्य सीए अभिषेक केडिया, सीए भुवनेश ठाकुर एवं सीए निशांत मोदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी सीए इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है और यह रांची शाखा के लिए भी गर्व का विषय है। सीए फाउंडेशन के सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए प्रसन्ना कुमार डी ने कहा कि यह सफलता आपके चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की गौरवपूर्ण यात्रा का प्रथम महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### रांची में देसी...

तथा नाबालिग को निरुद्ध कर लिया। प्रारंभिक जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हथियार उसके पास कैसे पहुंचा और उसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। सिटी एसपी ने कहा कि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि नाबालिग का किसी आपराधिक गिरोह या अवैध हथियार तस्करी से कोई संबंध तो नहीं है। साथ ही, हथियार के स्रोत और उससे जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मामले में जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य में मानसून...

जबकि दुमका वर्षा के मामले में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला जिला रहा है। साहिबगंज जिले में 1 जून से 3 जुलाई के बीच केवल 3.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 99 प्रतिशत कम है। इसके विपरीत दुमका में 207.8 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से केवल 8 प्रतिशत कम है। इसके अलावा, रांची, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और जामताड़ा जैसे जिलों में भी अपेक्षाकृत बेहतर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। वहीं, बोकारो, गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, कोडरमा और चतरा उन जिलों में शामिल हैं, जहां सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने शनिवार (4 जुलाई) को राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश होने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। विभाग के अनुसार, 7 जुलाई 2026 तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज के साथ वर्षा और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बनी रहेगी। साथ ही, दक्षिणी और दक्षिण-पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का भी अनुमान है। इसे लेकर संबंधित क्षेत्रों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, खेतों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने तथा बिजली गिरने की आशंका के समय आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। राजधानी रांची में शुक्रवार की सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद अचानक बादल छा गए और कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी एवं उमस से काफी राहत मिली। लगातार कई दिनों की उमस के बाद हुई इस बारिश से शहर का मौसम सुहावना हो गया। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में जलभराव और यातायात प्रभावित होने की भी सूचना मिली। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को रांची का अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री तथा न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 33.0 डिग्री और न्यूनतम 27.0 डिग्री, मेदिनीनगर (डालटनगंज) में अधिकतम 29.8 डिग्री और न्यूनतम 24.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.1 डिग्री तथा न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस, जबकि चाईबासा में अधिकतम 33.8 डिग्री और न्यूनतम 25.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### हाईकोर्ट ने एंटी...

हाईकोर्ट से नवीन केडिया को जमानत मिली थी, जिसके बाद वे जेल से बाहर हैं। जमानत की शर्त के अनुसार, उन्होंने अपना पासपोर्ट एसीबी कोर्ट में जमा करा दिया है। इसे विदेश यात्रा के लिए देने का वापस लौटने का आग्रह नवीन केडिया ने किया है। 11 मार्च 2026 को एसीबी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। वे छत्तीसगढ़ के दुर्ग के निवासी हैं। झारखंड में निम्न गुणवत्ता वाली देसी शराब की आपूर्ति करने का आरोप नवीन केडिया पर है। मामले में एसीबी आईएएस विनय चौबे सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से अधिसंख्य लोगों को अब जमानत मिल चुकी है।

### रामेश्वर उरांव और...

ईडी की जांच झारखंड के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग के आरोपों पर केंद्रित है। मामले में अब तक कई अधिकारियों एवं अन्य संबंधित लोगों से भी पूछताछ की जा चुकी है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है।

### रिम्स जमीन घोटाले...

जांच में यह तथ्य भी सामने आया था कि जमीन की बिक्री के लिए फर्जी वंशावली तैयार की गई थी और वार्ड पार्षद के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर दस्तावेज बनाए गए थे। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि पटना निवासी कामिनी रंजन के पक्ष में 17.35 डिसमिल जमीन की बिक्री के लिए 45.72 लाख रुपए की सेल डीड तैयार की गई थी। हालांकि, उन्हें कभी जमीन का कब्जा नहीं मिला। इसी मामले में वर्ष 2020 में कामिनी रंजन ने पटना के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रमोद कुमार महतो के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि प्रमोद कुमार महतो ने पैसा वापस करने के लिए जो चेक दिया, वह भी बाउंस हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एसीबी ने पूछताछ के लिए प्रमोद कुमार महतो को कई बार समन जारी किया है, लेकिन वह अब तक जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ है।





## टीएमसी हेडक्वार्टर पर बागी गुट का कब्जा

- ताले-पोस्टर बदले, इनमें ममता की फोटो नहीं, एक दिन पहले पार्टी सिंबल पर दावा किया था



**एजेंसी । कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित पार्टी हेडक्वार्टर पर कब्जा कर लिया। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में गुट ने ताले बदल दिए और नए पोस्टर लगाए, जिनमें ममता बनर्जी की तस्वीर नहीं थी। हालांकि, अंदर लगी उनकी तस्वीर और कटआउट को नहीं हटाया गया। ऋतब्रत बनर्जी ने समर्थकों-नेताओं के साथ मुख्यालय में बैठक कर खुद को असली तृणमूल कांग्रेस बताया। उन्होंने कहा कि अब पार्टी का काम यहीं से चलेगा। एक दिन पहले गुरुवार को उनके गुट ने चुनाव आयोग में पार्टी के नाम, चुनाव चिह्न और संगठन पर दावा पेश किया था। विधानसभा चुनाव में हार के बाद 3 जून को टीएमसी के 80 में से 58 विधायक ममता बनर्जी के नेतृत्व से अलग हो गए थे। 22 जून को हुई प्रतिनिधि बैठक में नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया था।

वहीं, ममता बनर्जी समर्थक गुट के वरिष्ठ नेता कुनाल घोष कार्यालय पहुंचे, लेकिन गेट पर ताला लगे होने के कारण अंदर नहीं जा सके। उन्होंने कहा कि जो लोग ये दावा कर रहे हैं, वे निर्दलीय चुनाव जीतकर नहीं आए थे। कार्यालय पर कब्जा राज्य प्रशासन और पुलिस की सहमति से किया गया है।

# गुजरात-मध्य प्रदेश में जैश के आठ आतंकी पकड़े गए

### गुजरात में टेररिस्ट नेटवर्क फैलाने का काम कर रहे थे, एटीएस ने पूछताछ शुरू की

**एजेंसी । अहमदाबाद**

गुजरात एटीएस ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आठ आतंकियों को गुजरात और मध्य प्रदेश से पकड़ा है। सभी को अलग अलग जिलों से पकड़ा गया है। इनमें से दो की उम्र 18 और 19 साल है। ये सभी गुजरात में जेईएम का एक एक्टिव नेटवर्क बनाने के लिए काम कर रहे थे, ताकि आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया सके। एटीएस ने इनसे पूछताछ शुरू कर दी है।जैश ए मोहम्मद पाकिस्तान का आतंकवादी संगठन है। इसे आतंकी मसूद अजहर ने साल 2000 में बनाया था। इस पर भारत समेत कई देशों में आतंकी हमलों को अंजाम देने के आरोप हैं। जैश का मुख्यालय पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में है। ये संगठन पाकिस्तान के कई इलाकों में ट्रेनिंग कैम्प और आतंकी नेटवर्क संचालित करता है। इसके मुखिया आतंकी मसूद अजहर को साल 1994 में जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, दिसंबर 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी-814 के अपहरण के बाद बंधकों की रिहाई के बदले भारत सरकार ने उसे रिहा कर दिया था। गुजरात एटीएस ने एंटी-नेशनल साजिश रच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक, ये आरोपी सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर देश में "गजवा-ए-हिंद" स्थापित करने की साजिश रच रहे थे। एएनआई के अनुसार, दोनों आरोपियों को 11 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

### गुजरात-एमपी से गिरफ्तार 8 आतंकी



अहमद गाजीवाला | इब्राहिम हुसैन घाघा | जकारिया दुर्रानी | बिलाल मोहम्मद

मुदस्सिर गाजीवाला | मुफ्ती फौजान | मोहम्मद अब्दुल | मोहम्मद अमीन शेरा

### साजिश का खुलासा

1. गुजरात में जैश-ए-मोहम्मद का सक्रिय नेटवर्क खड़ा करने की योजना
2. आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी का आरोप
3. "गजवा-ए-हिंद" की साजिश रचने का भी आरोप।

**सेना के हेडक्वार्टर पर सुसाइड अटैक:** अप्रैल 2000 में जम्मू-कश्मीर में 17 साल के जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी आफाक अहमद शाह ने भारतीय सेना की 15वीं कोर के हेडक्वार्टर के बाहर विस्फोटक से भरी कार उड़ा दी। 4 भारतीय सैनिक मारे गए।



## केरल के नेय्याट्टिनकारा में स्कूल बस नहर में पलटी, 7 बच्चे घायल

दो के हाथ-पैर में फ्रैक्चर



**नई दिल्ली ।** केरल के नेय्याट्टिनकारा के पास कक्कराविला इलाके में शुक्रवार को एक मिनी स्कूल बस सड़क किनारे नहर में पलट गई। हादसे में सात स्कूली छात्र घायल हो गए। बस में नौ छात्र, चालक और एक परिचारक समेत कुल 11 लोग सवार थे। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि सड़क के संकरे हिस्से में बस का एक टायर कीचड़ में फंस गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस सड़क से उतरकर पास की नहर में पलट गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर नेय्याट्टिनकारा के जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों के मुताबिक, सभी घायल छात्र खतरे से बाहर हैं। अधिकांश बच्चों को मामूली चोटें आई हैं और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हालांकि, दो छात्रों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हुआ है और उनका इलाज जारी है।

## अली खामेनेई के 4 महीने बाद के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब



- ताबूत पर लाल झंडे ने खींचा दुनिया का ध्यान, बेटे मुजतबा खामेनेई की अनपुस्थिति भी चर्चा का विषय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का बहुचर्चित और बहुदिवसीय कार्यक्रम तेहरान में शुरू हो गया है। लगभग चार महीने पहले अमेरिकी और इजरायली संयुक्त हमलों में मारे गए खामेनेई को अब पूरे राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी जा रही है। इस अंतिम संस्कार को केवल एक धार्मिक या राष्ट्रीय आयोजन नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे पश्चिम एशिया की राजनीति, शिया पहचान और ईरान की भविष्य की दिशा से जुड़ी एक ऐतिहासिक घटना के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया भर की निगाहें इस समारोह पर टिकी हुई हैं, क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच संघर्षविराम जैसी स्थिति तो बनी हुई है, लेकिन तनाव अब भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। हम आपको याद दिला दें कि अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त सटीक हवाई हमलों में हुई थी। इन हमलों में उनके परिवार के कई सदस्य भी मारे गए थे। युद्ध और सुरक्षा परिस्थितियों के कारण उनका राजकीय अंतिम संस्कार तत्काल नहीं हो सका। ईरान ने औपचारिक रूप से 1 मार्च को उनकी मृत्यु की पुष्टि की थी, लेकिन सक्रिय युद्ध की स्थिति के कारण अंतिम संस्कार कार्यक्रम को टाल दिया गया था। अब तेहरान के ग्रैंड मोसाला में उनके ताबूत को विशेष मंच पर रखा गया है। परिसर को काले और लाल रंग के बैनरों तथा खामेनेई की विशाल तस्वीरों से सजाया गया है। उनके ताबूत पर मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह का प्रसिद्ध लाल झंडा रखा गया है, जिसने पूरे समारोह को धार्मिक और राजनीतिक प्रतीकों से भर दिया है।

## नेपाल के स्कूली छात्रों को दिया जायेगा सैन्य प्रशिक्षण

### विधेयक संसद में पंजीकृत

**एजेंसी । काठमांडू**



नेपाल सरकार ने स्कूली छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से स्कूलों में राष्ट्रीय सेवा कोर (नेशनल सर्विस कॉर्प्स) गठन का प्रस्ताव रखते हुए संघीय संसद में एक विधेयक पंजीकृत किया है। विधेयक में प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स के लिए भोजन, आवास और बीमा की व्यवस्था का भी प्रावधान है। साथ ही, प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत सैन्य कर्मियों को तैनात किया जाएगा। नेशनल सर्विस कॉर्प्स विधेयक नामक इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य वर्तमान में लागू न रहे राष्ट्रीय सेवा कोर ऐन को प्रतिस्थापित करना है। सरकार का कहना है कि नया कानून संवैधानिक व्यवस्था और नेपाल की संघीय संरचना के अनुरूप कानूनी ढांचे को अद्यतन करते हुए सेवा कोर को आधुनिक बनाने के लिए लाया गया है। प्रस्तुत विधेयक में कहा गया है कि इसका मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों में देशभक्ति, सार्वजनिक सेवा की भावना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

## तक्षशिला से छेड़छाड़ करने पर पाकिस्तान पर बरसा यूनेस्को

### विश्व धरोहर सूची से बाहर करने की चेतावनी दी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



प्राचीन भारत की गौरवशाली धरोहर तक्षशिला एक बार फिर पाकिस्तान की करतूतों की वजह से विवादों में है। इतिहास से छेड़छाड़ और सच्चाई को अपने हिसाब से ढालने की पुरानी आदत रखने वाले पाकिस्तान पर अब संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक संस्था यूनेस्को ने कड़ी आपत्ति जताई है। यूनेस्को का कहना है कि तक्षशिला स्थित मोहरा मोरादु और सिरकप जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर किए गए तथाकथित संरक्षण कार्यों ने उनकी असली पहचान और ऐतिहासिक स्वरूप को नुकसान पहुंचाया है। संस्था ने साफ चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने यह हस्तक्षेप नहीं रोके और नुकसान की भरपाई नहीं की, तो तक्षशिला को खतरे वाली सूची में डाला जा सकता है और जरूरत पड़ने पर विश्व धरोहर सूची से बाहर भी किया जा सकता है।

# 40 साल के बाद भारतीय पीएम का न्यूजीलैंड दौरा 10 जुलाई से

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अगले हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी न्यूजीलैंड के आधिकारिक दौरे पर जाएंगे और इस यात्रा की घोषणा खुद न्यूजीलैंड पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने की है। यह दौरा कई मायनों में बेहद खास माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी पहली बार आधिकारिक तौर पर न्यूजीलैंड जा रहे हैं। जबकि करीब 40 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली न्यूजीलैंड यात्रा होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि दोनों देशों के रिश्तों को नई मजबूती मिलेगी और हाल ही में हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को आगे बढ़ाने में भी यह दौरा बड़ी भूमिका निभाएगा। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह पहली बार आधिकारिक दौरे पर न्यूजीलैंड आएंगे। भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश हैं। अप्रैल में हुए न्यूजीलैंड भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के जरिए हम दोनों देशों के संबंधों को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। यह समझौता न्यूजीलैंड में ज्यादा रोजगार, निर्यात में बढ़ोतरी और मजबूत आर्थिक विकास का रास्ता खोलेगा। इसके जरिए हमारे सामान और सेवाओं को 1.4 अरब लोगों के भारतीय बाजार तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। जिससे न्यूजीलैंड के लोगों की आय बढ़ेगी। नए रोजगार पैदा होंगे और मजदूरी में भी इजाफा होगा। आपको बता दें पीएम मोदी का यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दोनों देशों के बीच सिर्फ व्यापार ही नहीं बल्कि समुद्री सुरक्षा, तकनीक, शिक्षा, पर्यटन और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। हिंद प्रशांत क्षेत्र में बदलते रणनीतिक माहौल के बीच भारत और न्यूजीलैंड की बढ़ती साझेदारी को भी इस यात्रा से नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

पीएम मोदी 10 जुलाई को ऑकलैंड पहुंचेंगे और 11 जुलाई को भारत लौटेंगे और माना जा रहा है कि यह यात्रा भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक, व्यापारिक और रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने के साथ-साथ दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत भी करेगी।

### दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना हो सकता है



इससे पहले, 6 मई को न्यूज़ीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने भरोसा जताया था कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच व्यापार अगले कुछ सालों में दोगुना हो सकता है, क्योंकि एक हाई-क्वालिटी (मुक्त व्यापार समझौता) पर बातचीत आगे बढ़ रही है। मैक्ले ने कहा कि प्रस्तावित समझौते से न्यूज़ीलैंड के ग्राहकों की अच्छी क्वालिटी वाले सामान और सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी और साथ ही भारतीय बाज़ार तक आसान पहुंच भी बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि न्यूज़ीलैंड सरकार अगले 15 सालों में भारत में अपना निवेश बढ़ाकर 20 अरब अमेरिकी डॉलर तक करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**यह दौरा क्यों अहम है :** प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत को नई गति मिलने की उम्मीद है, साथ ही दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक सहयोग और मज़बूत होगा। इस उच्च-स्तरीय बातचीत में निवेश बढ़ाने, व्यापार को बढ़ावा देने, कुशल पेशेवरों की आवाजाही को आसान बनाने और आपसी हित वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है।